आज

३.०० तीन रुपये मात्र

गौरवशाली परम्परा

हेमा मालिनी



७७ साल की उम्र में भी फिटनेस और एनर्जी कायम

वाराणसी, गुरुवार ८ अक्तूबर, २०२६ सौर २२, आश्विन कृष्ण १३, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

०.२५ प्रतिशत बढ़ा रेपोरेट, बढ़ेगी महंगाई

मुंबई (आससे.)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने अपनी द्विमासिक समीक्षा में बड़ा फैसला लेते हुए रेपो रेट में 25 आधार अंकों (0.25 प्रतिशत) की बढ़ोतरी कर इसे



5.50 प्रतिशत कर दिया है। इसके साथ ही नीतिगत रुख को बदलकर कैलिब्रेटेड टाइटनिंग (सोच-समझकर सख्ती) कर दिया गया है। पॉलिसी के एलान के बाद संवाददाताओं से बातचीत में आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने यूपीआई पर लगने वाले मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) पर स्थिति साफ करते हुए कहा, एमडीआर पर फैसला पहले ही लिया जा चुका है। अभी तक हमें यूपीआई वॉल्यूम में कोई गिरावट नहीं दिखी है। व्यक्तिगत रूप से मेरा मानना है कि एक छोटे से शुल्क से यूपीआई वॉल्यूम पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

जंतर-मंतरपर राहुल-खड़गेका धरना, हिरासत में

प्रियंकाने पुलिसपर लगाया अभद्रता करनेका आरोप, दो घंटेके बाद राहुल-प्रियंकाको छोड़ा

नयी दिल्ली (आससे.)। चुनाव आयोग के खिलाफ विपक्ष के आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बुधवार को समर्थकों के साथ जंतर-मंतर पहुंचे और धरने पर बैठ गए। इस दौरान दोनों नेताओं

मांगे पूरी होने तक जारी रहेगा प्रदर्शन

ने केंद्र सरकार और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर तीखा हमला बोला और कहा कि मांगें पूरी होने तक प्रदर्शन जारी रहेगा। राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी सांसद चुनाव आयुक्तों से मिलना चाहते थे, लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया गया और पुलिस ने प्रदर्शन से रोक दिया। राहुलने कहा कि



विपक्ष जंतर-मंतर पर बैठकर देश को बताएगा कि उसके लिए ज्ञानेश कुमार वैध चुनाव आयुक्त नहीं हैं। राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, मोहन भागवत और ज्ञानेश कुमार पर लोकतंत्र खत्म करने का आरोप लगाते हुए कहा कि ज्ञानेश कुमार को इस्तीफा देना पड़ेगा। आकाशवाणी भवन परिसर में पिछले दिन हुए धरने को लेकर एफआईआर दर्ज होने के सवाल पर राहुल ने कहा, मेरे पास 45 एफआईआर हैं, मेरा लक्ष्य 100 है। मैं चाहता हूं कि मेरे ऊपर 100 एफआईआर लगें। हर एफआईआर मेरे लिए एक मेडल है। खड़गे ने कहा कि इंडिया गठबंधन के सभी दल जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेंगे और मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग और प्रधानमंत्री मोदी देश में लोकतंत्र और संविधान को कमजोर करने की कोशिश

(शेष पृष्ठ ९ पर)

खड़गे की लंच मीटिंग में जुटे विपक्षी सांसद

नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को जनपथ स्थित आवास पर विपक्षी सांसदों के साथ लंच बैठक की। बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मुलाकात का समय मांगने वाले पत्र पर सांसदों के हस्ताक्षर कराने पर चर्चा हुई। यह बैठक विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयोग और विपक्ष के बीच बढ़े टकराव के बीच हुई। राष्ट्रीय जनता दल के नेता (शेष पृष्ठ ९ पर)

यूपी : १० जिलोंके कप्तान सहित २० आईपीएस अफसरोंका तबादला



लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश में पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल किया गया है। शासन ने 20 आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इनमें करीब 10 जिलों के पुलिस कप्तानों को भी बदला गया है। अधिकारियों को नई तैनाती देते हुए कई जिलों की पुलिस कमान में बदलाव किया गया है। तबादला सूची के अनुसार बरेली के एसपी को जौनपुर, जौनपुर के एसपी को फतेहपुर और फतेहपुर में नई तैनाती दी गई है। वहीं बाराबंकी, बस्ती, बलिया, मैनपुरी, गाजीपुर, बागपत, हमीरपुर और जालौन समेत कई जिलों में भी पुलिस अधिकारियों को नई जिम्मेदारी मिली है।

बलिया, जौनपुर, गाजीपुरके बदले कप्तान

हंदवाड़ामें आतंकियों की साजिश नाकाम, भारी संख्यामें हथियार, कारतूस बरामद

हंदवाड़ा (एजेंसी)। सुरक्षाबलों ने कुपवाड़ा जिले के हंदवाड़ा में आतंकियों के एक बड़े षड्यंत्र को विफल कर दिया। वारदात को अंजाम देने के लिए आतंकियों ने नागदानार के जंगल में हथियार छिपा रखे थे। सुरक्षाबलों ने बुधवार को समय रहते इस ठिकाने को खोज निकाला। इस ठिकाने में आतंकियों ने 1132 कारतूस और साइलेंसर भी छिपा रखा था।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस, सेना की 21 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) और सीआरपीएफ की 92वीं बटालियन को नागदानार के घने जंगल में संदिग्ध गतिविधियों और (शेष पृष्ठ ९ पर)

राहुल-प्रियंका समेत विपक्षी सांसदोंसे कथित बदसलूकीके विरोधमें आज राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन



सात अक्तूबर लोकतंत्रका काला दिन-कांग्रेस

नयी दिल्ली (आससे.)। कांग्रेस ने चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और विपक्षी सांसदों के साथ कथित तौर पर बल प्रयोग और लाठीचार्ज किए जाने की निंदा करते हुए 7 अक्टूबर को भारतीय लोकतंत्र के लिए 'काला दिन' घोषित किया है। पार्टी ने इसके विरोध में 8 अक्टूबर को देशभर में राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर बड़े पैमाने पर प्रदर्शन करने का फैसला किया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बुधवार को जारी पत्र में प्रदेश कांग्रेस समितियों, जिला कांग्रेस समितियों और ब्लॉक कांग्रेस समितियों को गुरुवार को प्रदर्शन आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। पत्र में कहा गया है कि इंडिया गठबंधन के सांसद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के नेतृत्व में चुनाव आयोग से जवाबदेही की मांग करने शांतिपूर्ण तरीके से जंतर-मंतर जा रहे थे, लेकिन उन्हें रोका गया और कथित तौर पर बल प्रयोग किया गया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और इंडिया गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं एवं सांसदों के साथ दुर्व्यवहार किया गया तथा लाठीचार्ज में कई (शेष पृष्ठ ९ पर)

प्रधानमंत्रीने देशको निराशा से बाहर निकाला-नितिन नबीन

सेवा संकल्प यात्राका हुआ समापन, प्रधानमंत्रीके निर्देशनमें बदला उत्तर प्रदेश-योगी

वाराणसी (का.प्र.)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को निराशा के माहौल से बाहर निकाला। अर्थव्यवस्था, कूटनीति, विदेश नीति और देश के हर वर्ग के विकास के लिए उन्होंने अपने पूरे कार्यकाल में आजतक एक भी छुट्टी नहीं ली। दिनरात देश की सेवा में ही वह जुटे रहे और इसका नतीजा है कि आज भारत के प्रति पूरी दुनिया उम्मीद से देखती है। अब जरूरत है कि देश को विकसित बनाने में प्रधानमंत्री ने जो संकल्प देखे हैं, उनको सभी कार्यकर्ता गांवों तक लेकर जाएं। वह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बुधवार को रोहनिया के जगतपुर इंटर कॉलेज में आयोजित सेवा संकल्प यात्रा में वडनगर से विभिन्न शहरों का भ्रमण करके 20 हजार किलोमीटर की यात्रा करके लौटे बाइकर्स का स्वागत करने के बाद



समापन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, समेत भाजपा के कई दिग्गज की मौजूदगी में बनारस में अपनी पहली जनसभा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस के राजपरिवार के शहजादे विरासत के सहारे राजनीति में पहुंचे, जबकि नरेंद्र मोदी को जनता के सामने प्रधानमंत्री पद के लिए घोषित किया गया और देश की जनता ने उन्हें जनादेश देकर दिल्ली पहुंचाया। विपक्ष पर अराजकता फैलाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि देश की जनता उसके मकसद को कभी पूरा नहीं होने देगी। प्रधानमंत्री मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने पर निकाली गई यात्रा में शामिल युवाओं का स्वागत (शेष पृष्ठ ९ पर)

इनकी रही मौजूदगी

वाराणसी (का.प्र.)। कार्यक्रम में वडोदरा के सांसद हेमांग जोशी, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव मौर्या, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, स्टाम्प मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल, आयुष मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र दयालु, एमएसएमई राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, महापौर अशोक तिवारी, विधायक डॉक्टर नीलकंठ तिवारी, विधायक अवधेश सिंह, सौरभ श्रीवास्तव, त्रिभुवन राम, सुनील पटेल, सदस्य विधान परिषद राय धर्मेंद्र सिंह, मंडलायुक्त एस राजलिंगम, पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

२०४७ तक भारतको विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प, हम इसे करके रहेंगे-मोदी



नयी दिल्ली (आससे)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 'विकसित भारत संकल्प सभा' को संबोधित करते हुए कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है और देश यह करके दिखाएगा। उन्होंने दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने, आत्मनिर्भर भारत बनाने, देश को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने, ओलंपिक की मेजबानी और अंतरिक्ष क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल करने को प्रमुख राष्ट्रीय संकल्प बताया। प्रधानमंत्री ने अपनी 25 वर्षों की जनसेवा यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके लिए पद और प्रतिष्ठा से अधिक महत्वपूर्ण

मेरा जीवन एम्बिशन नहीं, मिशनके लिए है-प्रधानमंत्री

भारत की सेवा है। मेरे लिए कर्म ही सब कुछ है, कर्म ही मेरा धर्म है। उन्होंने कहा कि उनका जीवन एम्बिशन नहीं, मिशन के लिए है और कर्म देश तथा देशवासियों के लिए है, जिसमें फल और श्रेय की चिंता नहीं है। मोदी ने कहा कि देश में आज ऊर्जा, उत्साह और आत्मविश्वास का माहौल है। उन्होंने कहा कि जिस राष्ट्र के (शेष पृष्ठ ९ पर)

प्रदर्शनमें पुलिसके लिए बॉडी कैमरा अनिवार्य करने के निर्देश देनेसे कोर्टका इनकार

नयी दिल्ली (आससे.)। दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को दिल्ली पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के कर्मियों को विरोध प्रदर्शनों तथा भीड़ नियंत्रण के दौरान बॉडी वॉर्न कैमरा अनिवार्य रूप से पहनने का निर्देश देने से इनकार कर दिया। अदालत ने केंद्र सरकार को इस जनहित याचिका को प्रतिनिधित्व के रूप में मानते हुए छह महीने के भीतर निर्णय लेने को कहा।कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश नितिन वासुदेव सांब्रे और जस्टिस अरुण भारद्वाज की खंडपीठ ने वकील चाहत राघव द्वारा दायर याचिका का निपटारा करते हुए यह आदेश दिया। याचिका में भीड़ नियंत्रण और प्रदर्शन प्रबंधन के लिए तैनात पुलिस तथा आरएएफ कर्मियों के लिए बॉडी कैमरा को अनिवार्य और हमेशा चालू रखने के साथ फुटेज के भंडारण, (शेष पृष्ठ ९ पर)

भाजपाने खो दिया विश्वास-जनाधार-अखिलेश

लखनऊ (आससे.)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने अपना विश्वास और जनाधार पूरी तरह खो दिया है। जो लोग सच में अपने देश से प्यार करते हैं, अब उनकी वैमनस्यपूर्ण धर्मांधता की काली रात गुजर गई है। विवेकशील पुनर्जागरण का एक नया सवेरा उनके मानसिक-



अंधकार को मिटा कर नई चेतना का नया प्रकाश ला रहा है। अखिलेश यादव ने जारी बयान में कहा कि अब तो भाजपा के लोग भी समझ गए हैं कि भाजपा किसी की सगी नहीं है। भाजपा में न सरकार का कोई मतलब है, न संगठन का। भाजपा एकाधिकारी मन और एकाकी मानसिकता से पूरी तरह ग्रसित है। इसमें किसी और के लिए कोई स्थान नहीं है। सच तो यह है कि जहां स्थान ही नहीं मिलेगा, वहां मान-सम्मान कैसे मिलेगा। भाजपा में न तो किसी मामले में किसी की सलाह ली जाती है और न ही किसी निर्णय में किसी को शामिल किया जाता है। उन्होंने कहा कि अपने ही दल में घोर उपेक्षित भाजपा के लोग अब एक-दूसरे से दुखी होकर कह रहे हैं कि भाजपा ने हमें बुरी तरह से निचोड़कर बर्बाद कर दिया है। वे कह रहे हैं कि अब हमारी तुलना पूरी तरह रस निकाले जा चुके गन्ने की उस खोई से भी नहीं की जा सकती है, जिसे देखकर हाथी भी मुंह मोड़ लेता है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि तमाम भाजपा के लोग ऐसे हैं, जो किसी भी घाट के नहीं रहे। हमें ऐसे बिन घाट के भाजपा वालों से बेहद सहानुभूति है।

दिल्लीके सीमापुरीमें ढही इमारत, दो की मौत

नयी दिल्ली (आससे.)। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीमापुरी इलाके में बुधवार को चार मंजिला इमारत ढह गई, जिसके मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इमारत का मलबा आसपास के दो-

अब भी कई लोगोंकी दबे होने की आशंका

तीन मकानों के कुछ हिस्सों पर भी गिरा है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) को इमारत गिरने की सूचना दोपहर करीब साढ़े तीन बजे मिली, जिसके बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। दिल्ली पुलिस, नगर निगम के अधिकारी और नागरिक सुरक्षा कर्मी भी घटनास्थल पर पहुंचे और तलाश एवं बचाव अभियान शुरू किया। घायलों को निकालकर अस्पताल भेजा गया है।

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर ट्रकमें घुसी कार, चार खिलाड़ियों की मौत

देवरिया (एजेंसी)। लखनऊ में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता खेलकर घर लौट रहे देवरिया के चार खिलाड़ियों की पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बुधवार सुबह सड़क हादसे में मौत हो गई। तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। ये सभी मईल और लार थाना क्षेत्र के युवक थे। घटना की सूचना मिलते ही संबंधित गांवों में शोक की लहर दौड़ गई।टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेने गए थे। मृतकों में मईल थाना क्षेत्र के बगहा गांव निवासी नित्यानंद प्रजापति 26 वर्ष, बलिया उत्तर निवासी इरफान उर्फ राज, लार थाना क्षेत्र के चुरिया निवासी अनिकेत सिंह और कोहरा गांव निवासी आनंद यादव शामिल हैं। चारों क्रिकेट खिलाड़ी थे और लखनऊ में आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेने गए थे। मंगलवार को प्रतियोगिता खेलने के बाद वे कार से घर लौट रहे थे। बुधवार सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर उनकी कार आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। हादसा इतना गंभीर था कि चारों की मौत हो गई। नित्यानंद की मौत की खबर बगहा गांव पहुंचते ही उनके घर पर ग्रामीणों और परिचितों की भीड़ जुट गई। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलते ही नित्यानंद के पिता मनोज प्रजापति छोटे बेटे अंकित के साथ लखनऊ के लिए रवाना हो गए। (शेष पृष्ठ ९ पर)

लखनऊसे क्रिकेट खेलकर देवरिया लौटते समय हुआ हादसा

हेनरी कागन-केन्सो सोई को रसायनका नोबेल पुरस्कार



ऑटोकैटालिसिस की खोज के लिए सम्मान

फ्रांस (एजेंसी)। स्टॉकहोम में आज नोबेल पुरस्कार केमिस्ट्री के विजेताओं के नामों का एलान किया गया। इस बार संयुक्त रूप से दो वैज्ञानिकों को पुरस्कार दिया जाएगा। फ्रांस के वैज्ञानिक हेनरी बी. कागन और जापान के वैज्ञानिक केन्सो सोई को रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार के लिए चुना गया है। नोबेल कमेटी के मुताबिक, दोनों वैज्ञानिकों को असममित कार्बनिक संश्लेषण में नॉन-लीनियर प्रभावों और ऑटोकैटालिसिस की खोज के लिए यह प्रतिष्ठित सम्मान दिया गया है। हेनरी कागन ने रासायनिक प्रतिक्रियाओं को नियंत्रित करने का एक नया तरीका खोजा। इससे पहले की तुलना में किसी रासायनिक प्रतिक्रिया में एक ही तरह की 'मिरर इमेज' यानी दर्पण प्रतिबिंब वाली संरचना की मात्रा अधिक बनाई जा सकी। उनकी इस खोज ने दवाओं, फ्लेवर, खुशबू और नई सामग्री बनाने के लिए रासायनिक प्रतिक्रियाएं विकसित करने वाले वैज्ञानिकों के काम को नई दिशा दी। केन्सो सोई ने ऐसी पहली रासायनिक प्रतिक्रिया तैयार की, जिसमें संभावित दो मिरर इमेज में से केवल एक ही बनती थी। नोबेल कमेटी के मुताबिक, जीवन को छोड़कर इससे पहले प्रकृति में भी ऐसा उदाहरण नहीं देखा गया था। इस प्रतिक्रिया को 'सोई रिएक्शन' के नाम से जाना जाता है और इसे रसायन विज्ञान के सबसे उल्लेखनीय प्रयोगों में गिना जाता है। हेनरी कागन फ्रांस और केन्सो (शेष पृष्ठ ९ पर)



एयर शो पर ३० किमी दायरे में मांस मछली की दूकानें रहेंगी बन्द



भारतीय वायु सेना के ९४वीं वर्षगांठ के अवसर पर नमो घाट पर भव्य हवाई प्रदर्शन के अवसर पर सुरक्षा और स्वच्छता के प्रबन्ध किये जा रहे हैं एयर शो के दौरा आकाश में उड़ने वाले लड़ाकू विमानों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर नमो घाट के आसपास २० से ३० किमी के दायरे में १९ अक्तूबर से कार्यक्रम समाप्ति तक मांस मछली की बिक्री और कटिंग प्रतिबंधित रहेगा। राज्य सरकार ने इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को स्टेट-इवेंट घोषित किया है। जो २२, २३ और २५ अक्तूबर को मुख्य एयर शो में आयोजित होगा। जबकि २६ अक्तूबर आरक्षित दिन के रूप में निर्धारित किया गया है। इस सम्बन्ध में नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन में सुरक्षित, सुचारू और बर्ड-हिट से मुक्त माहौल में सम्पन्न कराने की व्यापक सुरक्षा की जायेगी। २० से २६ अक्तूबर के बीच शहर और कार्यक्रम स्थल पर पक्षियों के गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए नगर निगम प्रशासन विशेष अभियान चलायेगा। गंगा घाटों पर लाखों की भीड़ को ध्यान में रखकर जल सुरक्षा के लिए गंगा के गहरे क्षेत्रों में चिन्हित कर बैरिकेटिंग किया जायेगा साथ ही चेतावनी बोर्ड भी लगाये जायेंगे। घाटों से नदी की तरफ जाने वाले संवेदनशील मार्गो पर अवरोधक लगाये जायेंगे जिससे अनियंत्रित होकर किसी के गहरे पानी में जाने की सम्भावना नही रहेगी। दर्शकों की सुविधा के लिए नमो घाट एवं आसपास पर्याप्त संख्या में मोबाइल टायलेट स्थापित किये जायेगें। नगर आयुक्त ने बताया कि भारतीय वायु सेना का यह एरियल डिस्प्ले एक अत्यन्त गौरवमयी भव्य आयोजन है। नगर निगम प्रशासन, नमो घाट और आसपास क्षेत्रों में स्वच्छता, गंगा में बैरिकेटिंग, बर्ड-हिट रोकने के लिए, मांस की दुकानों के बन्दी और श्रद्धालुओं के लिए मोबाइल टायलट की व्यवस्था की जाये।

नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक १२ को

सभापति अशोक कुमार तिवारी ने नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक आठ के स्थान १२ अक्तूबर को बुलाने का निर्णय किया है। जानकारी के अनुसार बैठक में पिछले कार्रवाई की पुनरावृत्ति की जायेगी, साथ ही सदस्यों के अन्य प्रस्तावों पर चर्चा होगी। इसमें मुख्य त्यौहार एयर शो के विषय में कार्यकारिणी निर्णय लेगा साथ ही नगर निगम प्रशासन ९१(१) के तहत आवश्यक कार्यो की अनुमति कार्यकारिणी सदस्यों से प्राप्त करेगा।



चित्रकूट में श्रीराम को मनाने के लिये हुई महापंचायत

भाई के लिये भरत ने किये लाखों जतन

रामनगर। चित्रकूट में श्रीराम को मनाने के लिए महापंचायत शुरू हुई। इस पंचायत में राजा जनक भी अपनी पत्नी के साथ पहुंचे। उधर भरत ने अपने बड़े भाई को मनाने के लिए लाखों जतन किये। गुरु वशिष्ठ और राजा जनक की उपस्थिति में राम को मनाने के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाए गये। उनके सामने अयोध्या लौटने का प्रस्ताव रखने से पहले अयोध्या और जनकपुर के लोगों के बीच आपस में मान मनऊवल का मसौदा तैयार किया गया। ताकि किसी प्रकार की गलती न हो और राम वन को छोड़कर अयोध्या वापस लौट जाये। उधर देवताओं के सामने भी असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गयी। वह भी भयभीत थे कि कहीं भरत के प्रेम में वास्तव में श्रीराम अयोध्या वापस न लौट जाये। गुरु वशिष्ठ ने भरत समेत सभी को बुलाकर कहा कि राम जैसे अयोध्या वापस लौट चलें वही उपाय समझकर करना चाहिए। उनकी बात सुनकर भरत ने उनसे कहा कि आप हम लोगों से उपाय पूछ रहे हैं। जिस पर उन्होंने कहा कि राम के साथ भरत वन चले जाएं। लक्ष्मण और सीता को अयोध्या वापस लौटा दिया जाए। यह सुनकर भरत इसे अपना सौभाग्य समझने लगे। सभी राम के पास गयी। वशिष्ठ ने उनसे कहा कि आप भरत की बात सुनकर उस पर विचार कीजिये। जिस पर वह गुरु की बात सुनकर तैयार हो गये। उन्होंने भरत से संकोच छोड़कर अपने मन की बात कहने के लिए कहा। तभी भरत अपनी माता की करनी पर ग्लानि करने लगे। यह देखकर वशिष्ठ और श्रीराम ने उन्हें समझाया कि आप माता की करनी पर ग्लानि मत करिये। भरत ने उनसे कहा कि राजतिलक की सभी सामग्री साथ लाया हूं इसे सुफल कीजिए द्य मैं लक्ष्मण और शत्रुघ्न को वापस अयोध्या भेजकर आपके साथ वन चलूंगा द्य अगर यह बात भी अच्छी न लगे तो आप सीता के साथ अयोध्या वापस चले जाइये। हम तीनों भाई आपके बदले वन चले जाएंगे। आप वही कीजिए जिससे आप प्रसन्न हो सके द्य उसी समय मिथिला नरेश राजा जनक अपनी पत्नी सुनैना के साथ चित्रकूट पहुंचे द्य उनके दूत ने गुरु वशिष्ठ को बताया कि जनक जी आ रहे हैं द्य वहां पहुंचते ही जनक पुत्री और दामाद को कुटिया में रहते देख व्याकुल हो उठे। यह देख गुरु वशिष्ठ ने उन्हें समझाया। दोनों पति-पत्नी सभी से मिलने के बाद जब पंचायत में बैठे तो जनक ने श्रीराम और भरत की महिमा का गुणगान करते हुए उसे सुनैना को बताने लगे। राम को मनाने के लिए रात भर लंबी पंचायत चलती रही। जिसके चलते रात बीत गयी। यहीं पर भगवान की आरती के साथ लीला संपन्न हुई।



लाट भैरव की रामलीला में वनगमन-राम बिन अयोध्या जैसे जल बिन मछली

वनगमन की लीला में प्रभु श्रीराम का रामत्व दिखा। जिन्हें राज्य का लोभ नहीं और वन जाने का कोई दुख नहीं। इसलिए, तो कृपासिंधु करुणानिधान राम का आदर्श चरित्र करोड़ों सनातनियों की आस्था के केंद्र में सदा ही रहा है। बुधवार को श्री आदि रामलीला लाट भैरव वरुणा संगम काशी के तत्वावधान में राम वनगमन के मार्मिक प्रसंग का मंचन हुआ। गुरु वशिष्ठ के चरणों में आदरपूर्वक नमन कर १४ वर्षों के लिए वनवास के लिए चलें। वल्कल धारण किये भातृत्व प्रेम में विह्वल लक्ष्मण, रघुकुल शिरोमणी राम और उनकी चरणानुरागिणी जानकी को वन जाता देख अयोध्यावासियों की दशा जैसे जल बिन मछली सी हो गयी। भावपूर्ण मंचन से लीला प्रेमियों के भी युगल नेत्रों से प्रेमाश्रुओं की धारा बहने लगी। प्रेमवश अयोध्या के समस्त नर- नारी राम का अनुगमन करते तमसा नदी के तट तक आ पहुंचें। जगह- जगह भक्तों द्वारा भोग आरती की जा रही थीं। रामायण मण्डली प्रसंगानुसार अयोध्याकांड के दोहे एवं चौपाई का गायन कर रही थीं। आगे श्रृंगवेरपुर में निषादराज गुह से भेंट होती है। रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन भगवान घंडईल पार करेंगे। गुरुवार को धनेसरा तालाब पर लीला प्रारंभ होगी। इस अवसर पर समिति की ओर से व्यास दयाशंकर त्रिपाठी, सहायक व्यास पंकज त्रिपाठी, प्रधानमंत्री कन्हैयालाल यादव (एडवोकेट), केवल कुशवाहा, संतोष साहू, श्यामसुंदर, मुरलीधर पांडेय, रामप्रसाद मौर्य, गोविंद विश्वकर्मा आदि शामिल थे।

संक्षेप

शुभांगी मिस और चंद्रशेखर चुने गये मिस्टर फ्रेशर

बड़ा लालपुर स्थित जीवनदीप महाविद्यालय के सभागार में मंगलवार को शिक्षा विभाग की ओर से नव प्रवेशी छात्रों के स्वागत में तरंग-एक नयी लहर थीम पर भव्य फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान बीएड और बीटीसी के सीनियर एवं जूनियर छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से जमकर समां बांधा। प्रतियोगिता के आधार पर शुभांगी यादव को मिस फ्रेशर और चंद्रशेखर को मिस्टर फ्रेशर चुना गया। समारोह में उपस्थित संस्थान की वाइस चेयरमैन डाक्टर अंशु सिंह ने नए छात्रों का अभिनंदन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्र-छात्राओं की रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन छात्रा गार्गी चतुर्वेदी, अनुष्का सिंह एवं अभय दूबे ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डाक्टर इंद्रेश चंद्र सिंह, रजिस्ट्रार नंदलाल यादव, उप-प्राचार्य डाक्टर अमित कुमार सिंह, शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डक्टर जिनेन्द्र कुमार सिंह, डाक्टर नंदा द्विवेदी, डॉक्टर वीणा पांडेय, डाक्टर जहाँआरा, डाक्टर कल्पना चतुर्वेदी, डाक्टर पायल श्रीवास्तव, प्रवक्ता अलका सिंह, पप्पू कुमार, विमल त्रिपाठी, उमेश चंद्र जायसवाल तथा प्रार्थना सिंह सहित समस्त शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।



बरेका में सार्वजनिक खरीद की पारदर्शिता पर जोर

बनारस रेल इंजन कारखाना में सतर्कता जागरूकता अभियान-२०२६ के तहत बुधवार को सार्वजनिक खरीद विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित हुआ। कोंकण रेलवे, नवी मुंबई के भंडार नियंत्रक अरुण मेहता ने अधिकारियों-कर्मचारियों को खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता, दक्षता, निष्पक्षता और समावेशिता सुनिश्चित करने की जानकारी दी। उन्होंने गुणवत्ता एवं लागत आधारित चयन, सतर्कता के दृष्टिकोण और प्रक्रियात्मक शुचिता से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं को उदाहरणों एवं केस स्टडी के माध्यम से समझाया। महाप्रबंधक आशुतोष पंत ने कहा कि सार्वजनिक खरीद में जवाबदेही और पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है। मुख्य सतर्कता अधिकारी अंकुर चंद्रा ने अतिथि वक्ता का स्वागत किया। कार्यक्रम में बरेका के वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में रेलकर्मी उपस्थित रहे।



भाऊपुर जल निगम परिसर से केबल चोरी, जांच में जुटी पुलिस

सेवापुरी। जंसा थाना क्षेत्र के भाऊपुर गांव स्थित जल निगम परिसर में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर कई स्थानों से केबल काटकर चोरी कर लिया। बुधवार को सुबह घटना की जानकारी होने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, जल निगम के ऑपरेटर रवि कुमार राय बुधवार को सुबह करीब सात बजे पंप चालू करने के लिए परिसर पहुंचे। वहां कई स्थानों से केबल कटा हुआ मिला। उन्होंने आसपास जांच की तो केबल गायब था। चोरी की जानकारी होते ही ऑपरेटर ने तत्काल ११२ नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के स्थानों की जानकारी लेने के साथ ही चोरी से जुड़े साक्ष्य जुटाये। घटना के बाद जल निगम की पंप संचालन व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका जतायी जा रही है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

संक्षेप

आयुष्मान योजना में उत्कृष्ट कार्य पर सीएचसी चोलापुर सम्मानित

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत उत्कृष्ट कार्य के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चोलापुर को प्रदेश स्तर पर सम्मानित किया गया। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। सीएचसी चोलापुर को योजना के तहत प्री-आथ एवं क्लेम इंसेंटिव के उत्कृष्ट उपयोग के लिये यह सम्मान मिला। सीएचसी अधीक्षक डाक्टर आर.बी. यादव ने इसे पूरी टीम की मेहनत का परिणाम बताया। समारोह में जिला नोडल अधिकारी डाक्टर अमित सिंह, डाक्टर जितेंद्र यादव और आयुष्मान मित्र सुनील कुमार कनौजिया ने सम्मान प्राप्त किया। सीएमओ डाक्टर एन.पी. सिंह ने टीम को बधाई दी।

एसआरजी सदस्य ने किया विद्यालय का निरीक्षण

काशी विद्यापीठ ब्लाक। राज्य संदर्भदाता समूह (एसआरजी) के सदस्य राजीव कुमार सिंह ने बुधवार को स्थानीय विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय मनोरथपुर का शैक्षणिक अनुश्रवण व निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों की नामांकन के सापेक्ष उपस्थिति, निपुण तालिका में प्रगति समेत विद्यालय की १९ पैरामीटर स्थिति की जानकारी ली। शिक्षण में समय सारणी के अनुसार शिक्षक डायरी में शिक्षण विधा का उपयोग करते हुए शिक्षक संदर्शिका का प्रयोग करने के साथ ही सरकार द्वारा चलाये जा रहे कैचअप कार्यक्रम हेतु उचित निर्देश भी दिये। उन्होंने पुस्तकालय में जाकर कैटलाग में पुस्तकों के आदान-प्रदान का विवरण अवलोकित करने के पश्चात पांच बच्चों का निपुण लक्ष्य एप से आंकलन भी किया। विगत वर्ष की अपेक्षा वर्तमान शैक्षणिक वर्ष में बच्चों के नामांकन में वृद्धि पायी गयी। निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक अमिताभ मिश्र, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार समेत यदूरिमा यादव, मनसा शर्मा आदि शिक्षक मौजूद रहे।

इतिहास के पन्नों से कौन गायब, नुक्कड़ नाटक से दिखाया महिलाओं का योगदान

सेवापुरी। भीषमपुर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय बालिका महाविद्यालय में बुधवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत 'इतिहास के पन्नों से कौन गायब' विषय पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। डाक्टर रश्मि कुमारी के निर्देशन में छात्राओं ने स्वतंत्रता आंदोलन में महिलाओं के



योगदान को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से महिलाओं के संघर्ष, साहस और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को सामने रखा गया। डाक्टर रश्मि कुमारी ने कहा कि इतिहास में महिलाओं के योगदान को अपेक्षित महत्व नहीं मिल पाया है। मिशन शक्ति के माध्यम से महिलाओं की भूमिका को समाज के केंद्र में लाने का प्रयास किया जा रहा है। छात्राओं ने अभिनय और संवाद के जरिए महिला शक्ति और अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। नाटक में सुहानी सिंह, राय ज्योति ब्रजेश, जागृति दूबे, परी सिंह, नीतिका, आस्था और तनु सिंह ने अभिनय किया। प्राचार्य प्रोफेसर रविप्रकाश गुप्ता ने कहा कि महिलाएं अधिकारों के प्रति जागरूक होकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक-कर्मचारियों का सहयोग रहा।

जाति विशेष की युवती को दूसरे समुदाय के युवक पर शादी का झांसा देकर, भगाने का आरोप

चौबेपुर। क्षेत्र के एक गांव निवासी जाति विशेष की १८ वर्षीय युवती को डुबकियां गांव निवासी दूसरे समुदाय के युवक पर शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगा है। युवती की मां सोनी देवी ने चौबेपुर थाने में तहरीर देकर काररवाई की मांग की है। तहरीर के अनुसार, पांच अक्तूबर की भोर करीब चार बजे उसकी बेटी घर से लापता हो गयी। आरोप है कि डुबकियां निवासी रेहान पुत्र रुस्तम उसे शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया। परिजनों ने पुलिस को दोनों के मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराये हैं। थान प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

ट्रेन से कटकर वृद्ध ने दी जान

पिंडरा। फूलपुर थाना क्षेत्र के विक्रमपुर (खालिसपुर) के पास बुधवार सुबह ट्रेन से कटकर ६५ वर्षीय वृद्ध ने जान दे दी। फूलपुर की पटेल बस्ती निवासी राजेंद्र पटेल पुत्र केवला प्रसाद बुधवार की सुबह किसी बात से नाराज होकर घर से निकल गये थे। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजन उनकी तलाश में जुट गये। इसी दौरान विक्रमपुर के पास रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति के ट्रेन से कटने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान राजेंद्र पटेल के रूप में की और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राजेंद्र पटेल के तीन पुत्र हैं, जिनमें एक उत्तर प्रदेश पुलिस में कार्यरत है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

मृत चालक के परिवार को सरकारी नौकरी दिलाने की मांग को लेकर नागरिकों ने किया प्रदर्शन



रामनगर। सुजाबाद बंधा रोड पर विधुत करंट की चपेट में आने से मृत विष्णु साहनी की मौत के दूसरे दिन बुधवार को सायंकाल पोस्टमार्टम के बाद उसका शव घर पहुंचते ही परिजनों और स्थानीय लोगों का आक्रोश बढ़ गया। वे मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता और उसकी पत्नी को सरकारी नौकरी दिलाने की मांग को लेकर सुजाबाद पुलिस चौकी के सामने सड़क पर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया द्य पहले से ही बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग पुलिस चौकी के सामने सड़क पर जुटने शुरू हो गये थे। महिलाओं ने सड़क पर उतरकर पीड़ित परिवार के लिए मुआवजा और मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी देने की मांग की। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि मृतक परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। उसकी मौत के बाद पत्नी और दो छोटे बच्चों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है ऐसे में बच्चों की परवरिश और परिवार का खर्च चलाना मुश्किल होगा। लोगों का कहना था कि अब उसके परिवार का खर्च कौन चलाएगा द्य इसलिए उसे आर्थिक सहायता और नौकरी मिलनी चाहिए। लगभग डेढ़ घंटे तक उन्होंने प्रदर्शन किया जिसके बाद पहुंचे थाना प्रभारी मैं उन्हें समझा बुझा कर शांत कराया और शासन स्तर से मिलने वाली हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। उसके बाद स्थानीय लोग शांत हुए और उन्होंने प्रदर्शन समाप्त कर दिया उसके बाद मृतक के परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार किया द्य जब तक उसका अंतिम संस्कार नहीं हो गया तब तक पुलिस भी साथ रही।

दीन दयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय में नहीं हुआ मरीजों का आपरेशन

राष्ट्रीय अध्यक्ष (भारतीय जनता पार्टी) नितिन नबीन,मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,मुख्यमंत्री (असम) हिमंत बिस्वा शर्मा के आगमन के चलते दीन दयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय के ऑपरेशन थिएटर (ओटी) को बुधवार को सेफ हाउस घोषित कर दिया गया। इसके कारण पहले से तय सभी ऑपरेशन रद कर दिए गए। इनमें सामान्य सर्जरी के साथ मोतियाबिंद के ऑपरेशन भी शामिल थे।ऑपरेशन की तारीख एक सप्ताह से १० दिन पहले तय होने के कारण कई मरीज निर्धारित समय पर अस्पताल पहुंच गए,लेकिन वहां पहुंचने के बाद उन्हें ऑपरेशन स्थगित होने की जानकारी मिली। दीन दयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय प्रशासन के अनुसार वीआईपी मूवमेंट को देखते हुए सुरक्षा कारणों से ओटी को सेफ हाउस बनाया गया था।इसके चलते बुधवार को ओटी में किसी भी प्रकार की सर्जरी नहीं हो सकी।ऑपरेशन के लिए पहुंचे मरीजों और परिजनों को वापस लौटना पड़ा। मरीजों का कहना था कि ऑपरेशन की तारीख पहले से निर्धारित थी और चिकित्सालय में उनके मोबाइल नंबर भी दर्ज हैं।ऐसे में यदि ऑपरेशन स्थगित होने की सूचना उन्हें पहले दे दी जाती तो उन्हें चिकित्सालय आने की जरूरत नहीं पड़ती।कुछ मरीजों ने व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए अपनी परेशानी चिकित्सकों के सामने भी रखी।वहीं कई मरीज बिना विवाद किए वापस लौट गए। मरीजों ने मांग की कि भविष्य में किसी भी कारण से ऑपरेशन स्थगित या रद होने पर चिकित्सालय प्रशासन की ओर से मरीजों को समय रहते फोन या अन्य माध्यम से सूचना दी जाए, ताकि उन्हें अनावश्यक रूप से चिकित्सालय न आना पड़े।

पाण्डेयपुर में युवक पर जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज

पांडेयपुर चौराहे से घर जा रहे युवक पर लेन-देन के विवाद में लोहे की रॉड से हमला करने के मामले में आनंदपुरी कालोनी निवासी पवन कुमार राय की तहरीर पर लालपुर पुलिस ने अभिषेक कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पवन के अनुसार रात में पंचक्रोशी रोड पर अभिषेक ने उसे रोक लिया। बकाया रुपये को लेकर विवाद के दौरान लोहे की रॉड से सिर पर वार कर दिया, जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ा। दोस्तों ने उसे घर पहुंचाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सीओपी और रजिस्ट्रेशन की जांच में पकड़े गये फर्जी अधिवक्ता

कचहरी और कलेक्ट्रेट में सफेद शर्ट, काली पैंट और काली कोर्ट में बिना बार कौंसिल में पंजीकरण के वकालत कर रहे कथित अधिवक्ताओं को पकड़ने के लिये संयुक्त बार सेन्ट्रल बार एसोसिएशन और बनारस बार एसोसिएशन द्वारा उड़ाका दल का गठन किया गया है। बुधवार को फर्जी अधिवक्ताओं के रजिस्ट्रेशन और सीओपी की जांच दीवानी न्यायालय और कलेक्ट्रेट में की गयी। जांच में दर्जनों फर्जी अधिवक्ता मिले जिनका न तो बार कौंसिल में पंजीकरण था और न ही विधि स्नातक की डिग्री थी, ऐसे व्यक्तियों को पहले दिन कचहरी न आने की चेतावनी देकर छोड़ दिया और दुबारा पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई के साथ एफआईआर की चेतावनी दी गयी। जांच दल में वरिष्ठ अधिवक्ता दीवाकर दूबे, गौतम कुमार अखिलेश मिश्र,जयश्री पाठक, सुधा सिंह, पूनम मिश्रा, अशोक प्रजापति,



झा,ओम शंकर श्रीवास्तव, कमलेश यादव, पंकज पांडेय, रंजीत मिश्रा, सुधा सिंह, मीरा यादव, मुकेश मिश्रा, विवेक चौबे, सुशील तिवारी,नीरज कुमार, रजनीकांत मिश्रा, सत्य प्रकाश सिंह आदि अधिवक्ता शामिल थे।

जयंत भाई मेहता की स्मृति में पुष्पांजलि सभा



श्री मुकुन्द गोपाल सेवा संस्थान, श्री विठ्ठलेश सेवा न्यास, श्री वल्लभाश्रय सेवा न्यास एवं श्रीमद् वल्लभ सिद्धांत सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में तीन अक्टूबर को श्री वल्लभ भवन, चौखम्भा में पं.भ. श्री जयंत भाई मेहता, मुंबई के आकस्मिक प्रभु शरण होने पर पुष्पांजलि सभा आयोजित की गयी। सभा की अध्यक्षता दिनेश रामनाथ जोशी ने की। सभा में वक्ताओं ने स्व. जयंत भाई मेहता के व्यक्तित्व, धार्मिक आस्था एवं सेवा भावना को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। दीपेश चन्द्र चौधरी ने कहा कि जयंत भाई की ठाकुर जी के प्रति अटूट आस्था और गहरा प्रेम था। वे सदैव ठाकुर जी के स्मरण, ध्यान और सेवा में लीन रहते थे। मधुसूदन दास सोनावाला ने कहा कि जयंत भाई की प्रभु के प्रति अनन्य भक्ति थी। वे एक सच्चे भक्त और वैष्णव होने के साथ-साथ अत्यंत नेकदिल और सरल हृदय के इंसान थे। उन्होंने कहा कि यद्यपि जयंत भाई मुंबई में रहते थे, लेकिन उनका मन सदैव काशी स्थित षष्ठपीठ गोपाल मंदिर, गोसाईं जी की बैठक चुनार तथा महाप्रभु जी की अड़ैल स्थित बैठक से जुड़ा रहता था। उनके दोनों दामाद, दोनों पुत्रियों, बहन एवं नाती ने भी सभा में अपने भावपूर्ण उद्गार व्यक्त किए। सभा में उपस्थित श्रद्धालुओं ने जयंत भाई मेहता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके धार्मिक एवं सेवा कार्यों को स्मरण किया। अंत में उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रभु से प्रार्थना की। इस अवसर पर नटवर जी बड़े मुखिया, विशम्भर पाठक, रमेश भाई दिल्लीवाला, अतुल शाह, मनोज गुजराती एवं बृजकिशोर दास सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भी अपने विचार व्यक्त कर जयंत भाई मेहता को श्रद्धांजलि अर्पित की।

ठाकुर जी के प्रति अटूट आस्था और सेवा भाव को किया गया स्मरण




हमारी संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम्-योगी

मोदी और शिंजो आबे के स्नेहिल रिश्ते की साक्षी है काशी-अकी आबे

काशी की धरती पर बुधवार को भारत-जापान की दशकों पुरानी दोस्ती को नई पहचान मिली। रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में जापान के पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत शिंजो आबे की स्मृतियों को समर्पित 'शिंजो आबे मेमोरियल कारिडोर' का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और शिंजो आबे की पत्नी अकी आबे ने संयुक्त रूप से लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने अकी आबे को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम भारत की संस्कृति का संदेश है। यह स्मृति गलियारा भारत और जापान के सामरिक, सांस्कृतिक और कूटनीतिक संबंधों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जापान भारत के बुनियादी ढांचे, तकनीक, परिवहन और आर्थिक विकास में सबसे भरोसेमंद साझेदारों में रहा है। बुलेट ट्रेन, दिल्ली-मुंबई सहित विभिन्न मेट्रो परियोजनाओं, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर और सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम में जापान के सहयोग का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों देशों की मित्रता लगातार नई ऊंचाइयां छू रही है। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जेवर एयरपोर्ट के पास ५०० एकड़ में 'जापान सिटी' विकसित की जा रही है। जापानी निवेशकों की सुविधा के लिए 'इन्वेस्ट यूपी' में यामानाशी डेस्क स्थापित किया गया है। यूपी और जापान के यामानाशी प्रांत के सहयोग से ग्रीन हाइड्रोजन पायलट परियोजना भी विकसित की जा रही है। उन्होंने कहा कि २०२७ में भारत-जापान संबंधों के ७५ वर्ष पूरे होंगे।अकी आबे ने भावुक होते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अपने पति शिंजो आबे के आत्मीय संबंधों को याद किया। उन्होंने कहा कि २०१५ में शिंजो आबे के साथ काशी आने और गंगा आरती देखने के बाद उनकी भी बनारस आने की इच्छा थी, जो आज पूरी हुई। उन्होंने मेमोरियल कारिडोर के लिए प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री योगी और भारत के लोगों का हृदय से आभार जताया।रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर भी भारत-जापान सहयोग की बड़ी मिसाल है। जापान के सहयोग से निर्मित इस केंद्र का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने २०२१ में किया था। मेमोरियल कॉरिडोर में दिसंबर २०१५ में शिंजो आबे और प्रधानमंत्री मोदी की काशी यात्रा तथा गंगा आरती से जुड़ी तस्वीरें प्रदर्शित की गई हैं। कार्यक्रम में मंत्री रवींद्र जायसवाल, महापौर अशोक कुमार तिवारी, कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव सहित जापान का प्रतिनिधिमंडल और काशी के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



आबे मेमोरियल कारिडोर का योगी-अकी आबे ने किया लोकार्पण



पीएम मोदी पर ५०० से अधिक किताबें देख अकी आबे हुईं अभिभूत

रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में दो दिवसीय 'नमो बुक फेस्ट' का शुभारंभ, सीएम योगी ने किया पुस्तकों का अवलोकन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संवैधानिक पदों पर २५ वर्ष पूरे होने के अवसर पर बुधवार को रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में दो दिवसीय 'नमो बुक फेस्ट' का शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ जापान के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. शिंजो आबे की पत्नी अकी आबे भी फेस्ट में पहुंचीं। प्रधानमंत्री मोदी पर लिखी गई ५०० से अधिक पुस्तकों की प्रदर्शनी देखकर अकी आबे ने विशेष रुचि दिखाई और आश्चर्य व्यक्त किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री मोदी के जीवन, राजनीतिक सफर और सार्वजनिक सेवा से जुड़ी पुस्तकों का अवलोकन किया। इस दौरान सीएम का स्वागत सीएमपीपीआर के निदेशक एवं वरिष्ठ पत्रकार अशोक श्रीवास्तव ने किया।फेस्ट के पहले दिन 'मोदी के पच्चीस साल' विषय पर मंथन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ पत्रकार अशोक श्रीवास्तव के विषय प्रवर्तन से हुई। इसके बाद 'हनुमान अंश' की निर्माता अनुप्रिया नागर ने विचार रखे। मुख्य पैनल चर्चा में किशोर मकवाना, अरविंद चतुर्वेदी, मुकेश मोहन गुप्त और डाक्टर पवन विजय ने प्रधानमंत्री मोदी के २५ वर्ष के सफर के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। दिल्ली से पहुंची महिला बाइकर कंचन भी कार्यक्रम में मौजूद रहीं।

काल भैरव बाबा और काशी विश्वनाथ में लगायी हाजिरी, बच्ची को दी चाकलेट

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने बुधवार को काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में विधिवत दर्शन-पूजन किया। दोनों मुख्यमंत्री ने बाबा काल भैरव और बाबा विश्वनाथ का पूजन-अर्चन कर राष्ट्र के सुख, समृद्धि और लोक कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा सबसे पहले काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव के दरबार पहुंचे। यहां उन्होंने विधि-विधान से दर्शन-पूजन कर आरती की। इसके बाद दोनों मुख्यमंत्री श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे और गर्भगृह में जाकर जलाभिषेक किया और षोडशोपचार पूजन कर लोक कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काल भैरव मंदिर में मौजूद बच्चों को स्नेह के साथ चाकलेट दी।



माफिया राज खत्म, विरासत बनी यूपी की पहचान-सीएम

मोदी के २५ साल के नेतृत्व में बदली देश-प्रदेश की तस्वीर, २०४७ के विकसित भारत के लिए युवाओं से जुटने का आह्वान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को विपक्ष पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि जिस उत्तर प्रदेश में कभी माफिया की चलती थी, आज वही प्रदेश अपनी विरासत और विकास के दम पर देश-दुनिया में पहचान बना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के २५ वर्षों के नेतृत्व का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि गुजरात से शुरू हुई सेवा और सुशासन की यात्रा ने पूरे देश की तस्वीर बदल दी। काशी विश्वनाथ धाम से अयोध्या के भव्य श्रीराम मंदिर तक सांस्कृतिक विरासत को नई ऊंचाई मिली है, वहीं कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर माफिया का सफाया हुआ है। अब लक्ष्य गांव से लेकर जिले तक आत्मनिर्भर बनाकर २०४७ तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करना है।श्री योगी ने बुधवार को जगतपुर कॉलेज परिसर में सेवा संकल्प यात्रा के समापन समारोह क अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने पहचान के संकट से निकलकर विकास और विरासत की नई पहचान बनाई है। माफिया मिट्टी में मिल गए, बेटियां बेखौफ हुईं और काशी-अयोध्या की विरासत विश्व पटल पर चमकी। उन्होंने कहा कि गुजरात से 25 साल पहले शुरू हुई मोदी की जनसेवा की यात्रा अब पूरे भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प में बदल चुकी है।

गुजरात के भूकंप से विकास के मॉडल तक

योगी ने कहा कि सात अक्टूबर २००१ को गुजरात की धरती पर नरेंद्र मोदी के रूप में एक करिश्माई नेतृत्व का आगमन हुआ। भुज के भीषण भूकंप से तबाह गुजरात को उन्होंने फिर खड़ा किया और मॉडल स्टेट बनाया। आज उसी अनुभव का लाभ पूरा देश उठा रहा है। भारत वैश्विक मंच पर ताकत बनकर उभरा है।

काशी-अयोध्या बनीं नई पहचान

श्री योगी ने कहा कि काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या का भव्य श्रीराम मंदिर और मां विंध्यवासिनी कॉरिडोर बदलते उत्तर प्रदेश की तस्वीर हैं। भव्य कुंभ और मथुरा-वृंदावन की बढ़ती चहल-पहल प्रदेश की सांस्कृतिक ताकत को दुनिया के सामने रख रही है।

मंचासीन:-राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री असम हिमंता बिस्वा सरमा, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव मौर्या, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा हेमांग जोशी, कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रविन्द्र जायसवाल, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु, राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, एमएलसी धर्मेंद्र राय, पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉक्टर नीलकंठ तिवारी, टी राम, सौरभ श्रीवास्तव, सुनील पटेल, डॉ अवधेश सिंह के अलावा प्रदेश महामंत्री दिलीप पटेल, क्षेत्र अध्यक्ष अशोक चौरसिया आदि रहे।



मोदी के २५ साल, देशसेवा और बदलाव की मिसाल-पंकज चौधरी

वडनगर से काशी पहुंचे ५०० सेवा यात्रियों का शंख नाद, पुष्प वर्षा से भव्य अभिनंदन











प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के २५ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में चलाये जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत वडनगर से काशी पहुंचे करीब ५०० सेवा यात्रियों का बुधवार को संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में भव्य स्वागत हुआ। भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने तिलक लगाकर, पटका ओढ़ाकर और पुष्पवर्षा कर यात्रियों का अभिनंदन किया। डमरू दल के साथ शंखनाद से परिसर गूंज उठा। यात्रियों को 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रॉडक्ट' के उपहार भी दिए गये। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन देश और समाज की सेवा की प्रेरणा है। उनके २५ वर्षों के सार्वजनिक जीवन में देश ने सकारात्मक बदलाव देखे हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने विकास का मॉडल प्रस्तुत किया और प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत को वैश्विक मंच पर नयी पहचान दिलायी। उन्होंने कहा कि वडनगर से काशी तक की यात्रा महज दूरी तय करने का अभियान नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार और सामाजिक एकजुटता का संकल्प है। इससे देश की सांस्कृतिक और भावनात्मक एकता का संदेश गया है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से सेवा यात्रियों और उपस्थित लोगों को संबोधित कर राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित किया।

पीएम मोदी ने सेवा यात्रियों में भरा राष्ट्रसेवा का संकल्प

वडनगर से काशी पहुंचे सेवा यात्रियों के अभिनंदन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने सेवा यात्रियों के साथ समारोह में मौजूद लोगों को देशसेवा और जनसेवा के संकल्प के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान सभागार में मौजूद कार्यकर्ताओं और यात्रियों में उत्साह दिखायी दिया। पीएम मोदी के संबोधन के बाद स्थानीय समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने सेवा यात्रियों का अभिनंदन किया। वडनगर से काशी तक की यात्रा पूरी कर पहुंचे यात्रियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह सफर उनके लिए अविस्मरणीय और विशेष अनुभव रहा। काशी की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर उनके लिए खास रहा।

इनकी रही उपस्थिति

राष्ट्रीय मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी जगदीश पटेल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रभारी काशी क्षेत्र रमेश सिंह, प्रदेश महामंत्री दिलीप पटेल, एमएलसी अश्विनी त्यागी, क्षेत्रीय अध्यक्ष अशोक चौरसिया, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रवीन्द्र जायसवाल, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र 'दयालु', राज्यमंत्री हंसराज विश्वकर्मा, मेयर अशोक तिवारी, विधायक नीलकंठ तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मोर्या, जिला अध्यक्ष राम सकल पटेल, महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि, विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र राय, क्षेत्र उपाध्यक्ष नवरतन राठी, अनिल श्रीवास्तव, जगदीश त्रिपाठी, राकेश शर्मा, शैलेंद्र मौर्य, क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी संतोष सोलापुरकर, शैलेन्द्र मिश्र, सुनीता सिंह, पूजा दीक्षित, पूजा पाण्डेय, रानिका जायसवाल, नेहा कक्कड़, किरण सिंह सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



ढाई हजार करोड़ की कस्टम ड्यूटी की चोरी में कारोबारी गिरफ्तार

ढाई हजार करोड़ रुपये की कथित सीमा शुल्क चोरी के मामले में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने सिगरा से एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। सिगरा थाना क्षेत्र के महमूरगंज निवासी संजय गुप्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। अदालत ने उसे पश्चिम बंगाल के उत्तर २४ परगना जिले की सक्षम अदालत में पेश करने के लिए दो दिन का ट्रांजिट रिमांड मंजूर किया है। डीआरआई की जांच के अनुसार, आरोपी और उसके सहयोगियों ने कथित तौर पर डमी फर्मों के माध्यम से इंडोनेशिया और थाईलैंड से करीब ३१७० मीट्रिक टन सुपारी का आयात किया। इस आयात में करीब २१८ करोड़ रुपये की प्रत्यक्ष सीमा शुल्क चोरी का मामला सामने आने की बात कही गयी है। जांच आगे बढ़ने पर पूरे कथित सिंडिकेट से जुड़ी ढाई हजार करोड़ रुपये से अधिक की सीमा शुल्क चोरी का खुलासा होने का दावा किया गया है।

बांग्लादेश का माल बताकर ली गयी कथित छूट

जांच एजेंसी के अनुसार, नेटवर्क में शामिल आयातकों, कस्टम ब्रोकरों और अन्य सहयोगियों द्वारा इंडोनेशिया और थाईलैंड से आने वाली सुपारी को बांग्लादेश से आयातित बताने का तरीका अपनाया जाता था। आरोप है कि इसके जरिए अनुचित सीमा शुल्क छूट हासिल की गयी, जबकि माल पर १०० प्रतिशत सीमा शुल्क देय था। जांच में संजय गुप्त के साथ दिनेश कुमार और अन्य लोगों की भूमिका सामने आने की बात भी कही गयी है। आरोप है कि संजय गुप्त ने सीमा शुल्क अधिकारियों से सुपारी का वास्तविक मूल्य छिपाया। काररवाई की भनक लगने के बाद मोबाइल फोन से कथित तौर पर महत्वपूर्ण चैट और दस्तावेज हटाने का आरोप भी है।

दो दिन का ट्रांजिट रिमांड

गिरफ्तारी के बाद डीआरआई ने आरोपी को विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट कृष्ण कुमार की अदालत में पेश किया। अभियोजन पक्ष की ओर से श्याम सरोज दुबे समेत अन्य अधिकारियों ने आरोपी को पश्चिम बंगाल के उत्तर २४ परगना जिले के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करने के लिए ट्रांजिट रिमांड की मांग की। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने रिमांड मंजूर करते हुए आरोपी को दो दिनों के भीतर सक्षम न्यायालय में पेश करने का निर्देश दिया। मामले में डीआरआई की जांच जारी है। एजेंसी आयात, कस्टम दस्तावेजों, माल के वास्तविक स्रोत और कथित सिंडिकेट से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की पड़ताल कर रही है।

FOR SALE

Rain soaked Prism Cement 1289 Bages are for sale in BALLIA Buyer may contact within three days. K.K.Asrani,124/A211, Govind Nagar, Kanpur Mob. 9415044901,7007968373 Email.kk_asrani@yahoo.com

पूर्व मध्य रेल

ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पंडित दीन दयाल उपध्याय मंडल द्वारा सासाराम रेलवे स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं, मल्टीपर्पज स्टॉल और टूरिस्ट कियोस्क जैसी सुविधाओं के साथ एसी वेटिंग हॉल का उन्नयन, रखरखाव और संचालन हेतु ई–नीलामी आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है।

कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि: AA/1, सासाराम रेलवे स्टेशन पर 05 साल के लिए आधुनिक सुविधाओं, मल्टीपर्पज स्टॉल और टूरिस्ट कियोस्क जैसी सुविधाओं के साथ एसी वेटिंग हॉल का उन्नयन, रखरखाव और संचालन। ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या: COM-AC-WAIT-SSM. ई–नीलामी लॉट संख्या: PnU-DDU-SSM-WRL-25-26-1, ई–नीलामी की तिथि एवं समय: ई–नीलामी दिनांक 15.10.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12.30 बजे बंद होगी। वेबसाइट का पता जहाँ ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है: www.ireps.gov.in (E-auction Leasing).

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/1072/डीडीयू/वा/ईएनएन/26–27/32

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी०)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु **आनलाईन (ई – टेन्डरिंग) के माध्यम से** "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। कार्य का नाम: आर.डी.एस.ओ. स्पेसिफिकेशन जून/2016 (अद्यतन शुद्धि पर्ची के साथ) के अनुसार, प्राइवेट खदान से मशीन से टूटी 65 एम.एम आकार की पत्थर गिट्टी का निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे के माधोसिंह रेलवे स्टेशन स्थित बैलास्ट डम्प मे आपूर्ति (लाइन नं० 7 के बगल वार्फ, एमएसजीएस साइडिंग) (कुल 50,000 घनमी०)। ई–निविदा सूचना सं०: एनईआर– बीएसबी–2026–142, अनुमानित लागत (₹): 9,75,13,500/–, अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी) (₹): 19,50,300/–, निविदा बन्द होने की तिथि: 30.10.2026, स्वीकृति पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 06 माह।

कार्य का नाम: पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मण्डल, में स्टेशन यार्ड, रेलवे कॉलोनी तथा ओपेन लाइन सेक्शन के रेलवे भूमि प्लान का म्यूटेशन अपलोड करना, रिकन्सलिंग एवं कंप्यूटरीकरण करना। ई–निविदा सूचना सं०: एनईआर– बीएसबी–2026–144, अनुमानित लागत (₹): 1,86,29,307/–, अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी) (₹): 3,72,600/–, निविदा बन्द होने की तिथि: 30.10.2026, स्वीकृति पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 05 माह।

● निविदा सूचना संख्या एनईआर–बीएसबी–2026–142 तथा एनईआर–बीएसबी–2026–144 दिनांक 30.10.2026 को 11.30 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगें। ● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। ● यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक/(इन्जी०),
मुजाधि/डब्ल्यू– 370 वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रभावती देवी पत्नी स्व. रामधारी विश्वकर्मा ग्राम कोईलीपुर परगना कसवराजा तहसील व जिला वाराणसी की मूल निवासिनी हैं हम प्रार्थिनी दिनांक 15.05.2009 ई. में विक्रेता अमरावती देवी पत्नी राममुरत विश्वकर्मा से आ. नं. 362 रकबा 0.113 1/2 हे. भूमि स्थित मौजा रसूलपुर नागना कोलसला तहसील पिंडरा वाराणसी का बैनामा कराया था मैं प्रार्थिनी असल दस्तावेज का फोटो कॉपी कराने हेतु दिनांक 01.08.2026 को राजातालाब बाजार में घर से जा रहा था रास्ते में सारा दस्तावेज कही गिर गया काफी तलाशने के बावजूद नहीं मिला। यदि कोई व्यक्ति अथवा संस्था उक्त प्लॉट पर अपना दावा पेश करता है तो 15 दिवस के अन्दर मुझे सूचित करें। अगर 15 दिवस के अन्दर कोई व्यक्ति अथवा संस्था की कोई सूचना प्राप्त न होने की स्थिती मे पक्षवार प्रभावती देवी यह उपधारणा करेंगी कि प्रस्तावित बन्धक दस्तावेजसभी प्रकार से भार मुक्त है।

प्रभावती देवी
मो. नं. 8009181860

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि धरमा देवी पत्नी कंचन पटेल निवासी ग्राम रसूलपुर, पनगना कोलसला, तहसील पिंडरा, जिला वाराणसी, थाना फूलपुर की मूल निवासिनी है। प्रार्थिनी का एक मूल बैनामा पत्र जिसका विवरण निम्नवत है: मौजा रसूलपुर, परगना कोलसला, तहसील पिंडरा, अराजी नं. 362, बही संख्या 1, खंड संख्या 570, पृष्ठ संख्या 205 से 232, दस्तावेज संख्या 2197 दिनांक 14.09.2006 है। दिनांक 21.09.2026 को समय लगभग शाम 05:00 बजे प्रार्थिनी अपने घर ग्राम रसूलपुर से कुआर बाजार फोटोकॉपी कराने जा रही थी। रास्ते में उक्त मूल बैनामा कागजात कही गिर गुम हो गया। काफी खोजबीन व तलाश करने के बाद भी दस्तावेज का कोई पता नहीं चल सका। यदि कोई व्यक्ति अथवा संस्था उक्त प्लॉट पर अपना दावा पेश करता है तो 15 दिवस के अन्दर मुझे सूचित करें। अगर 15 दिवस के अन्दर कोई व्यक्ति अथवा संस्था की कोई सूचना प्राप्त न होने की स्थिती मे पक्षवार धरमा देवी यह उपधारणा करेंगी कि प्रस्तावित बन्धक दस्तावेज सभी प्रकार से भार मुक्त है।

धरमा देवी
मो. 8009101860

महिला और उसकी बेटी से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी युवक गिरफ्तार

भेलूपुर पुलिस ने महिला और उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़, अश्लील टिप्पणी और दुष्कर्म के प्रयास के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया आरोपी बीडीए कॉलोनी बड़ी गैबी निवासी गौतम कुमार श्रीवास्तव है। उसे मंगलवार की रात नौ बजे बीडीए कॉलोनी बड़ी गैबी के पास से गिरफ्तार किया गया। इस मामले में भेलूपुर थाने में मुकदमा दर्ज है। इसमें भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के साथ पॉक्सो अधिनियम की धाराएं भी लगायी गयी हैं।

कार्यालय : ग्राम पंचायत, सियाड़ी
विकास खण्ड भौंवरकोल, गाजीपुर

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026–27 में जी राम जी/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/पी.जी.आई.एफ/स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छ शौचालय, आंगनवाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराए जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जाएगी। निविदा खुलने की तिथि 12 अक्टूबर 2026, समय 02:00 बजे अपराह्न, स्थान ग्राम पंचायत भवन पर निर्धारित है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है

1. ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. सीमेन्ट प्रति बैग, 3. महीन बालू सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एम.एम. से 53 एम.एम. (अलग–अलग) प्रति घन मीटर, 5. सरिया प्रति कुन्टल, 6.– एस्बेटससीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुन्तल/प्रतिनग, 7 ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एम.एम.पी. 3 प्रतिनग, 8. सोलर लाइट प्रतिनग, 9 इंटरलाकिंग ईट 200 गुणे, 160 गुणे, 80 एम.एम. प्रति हजार, 10. पटिया जी आई पाइप पी. बी.सी. पाइप साकेत–प्रतिनग, 11. मोटा बालू प्रतिघन मीटर, 12. ईट गिट्टी 20 एम.एम./40एम.एम. प्रतिघन मी., 13. हैण्डपम्प सामग्री इंडिया मार्का॥ हैण्डपम्प मरम्मत प्रतिनग, 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रतिनग, 15. चूना ब्लिचिंग पाउडर पेन्ट डिस्टेम्पर प्रति कि.ग्रा./ प्रतिबन्ध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग–अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

राजकुमार यादव
सचिव
मो.–9455556235

अजय कुमार मिश्रा
सहायक विकास अधिकारी

न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन VIII
ब-मोकाम-भभुआ कैमूर
स्वत्व वाद संख्या 622 सन् 2025
दीनानाथ सिंह.......................मुदई
बनाम
सुनील कुमार सिंह उर्फ शेरू सिंह ...
..............................मुदालयगण
गजट प्रारूप

गजट बनाम- 1. जैतुन बेगम पति-गुलाम अली सा. मौजा-डिग्घी, पोस्ट-बसीला, थाना-चन्दौली जिला चंन्दौली (उ.प्र.)। 2. मुर्रा कोहार पिता स्व. गिरजा कोहार सा. मौजा खखड़ा पोस्ट खखड़ा थाना सहाबगंज जिला चन्दौली उ.प्र.।..**मुदालहम**

चूँ बजरिये गजट आपलोगों को आगाह किया जाता है कि प्रस्तुत वाद के मुदईयान ने आपलोगों के विरूद्ध मोकदमा दाखिल किए हैं वो आप लोग सम्मन नोटिस दाखिल करने के बावजूद भी हाजिर नही हो रहे हैं वो आपलोगों को कोई उजूर एतराज है तो स्वयं या किसी अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-29.10.2026 को समय 10.30 बजे मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा आपलोगों के विरूद्ध एकपक्षीय कारवाई की जाएगी।

इसे शख्त ताकीद जाने आज दिनांक 15.9.26 को मेरे हस्ताक्षर वो न्यायालय के मुहर से जारी हुआ।

न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन VIII
भभुआ कैमूर

समन बिनावर इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायद 1 व 5)
नम्बर मुकदमा नि.सं. 0812/2024
जिला मीरजापुर
बअदालत उपसंचालक चकबन्दी मीरजापुर
विन्ध्यवासिनी
बनाम
कृष्णचन्द्र

विपक्षी 1. कृष्णचन्द्र पुत्र स्व. सीताराम नि ग्रा. बनदेईया (पटेवर) तह. मड़िहान जिला मीरजापुर

तारीख पेशी 27.10.2026

हरगाह मै आपके नाम नालिश के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 27 माह 10 सन् 2026 बवक्त बजे दिन के असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालात से वाकई वाकिफ किया गया हो और उमूरानबरून मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सकें या जिसके साथ और कोई सख्त हो जो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताइव अपना जवाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हो। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके समसूअ और होगा सख्स मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 11 माह 10 सन् 2026 ई. जारी किया।

मुहर अदालत जज

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
मीरजापुर वृत्त, लोक निर्माण विभाग, मीरजापुर

पत्रांक:- 4503/ 53एम-मी.वृत्त/ 2026 दिनांक:- 30.09.2026

अल्पकालीन राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मिक बिडिंग
(ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना)

1. महामहिम राज्यपाल उ.प्र. की ओर से अधीक्षण अभियन्ता मीरजापुर वृत्त, लो.नि.वि., मीरजापुर नीचे अंकित तालिका के अनुसार निर्माण कार्य हेतु उ.प्र. लोक निर्माण विभाग के मार्ग कार्य हेतु पंजीकरण श्रेणी "ए" के ठेकेदारों से ऑनलाईन आईटम/ रेट के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि ऑनलाईन निविदा डालने से पूर्व निविदा से सम्बन्धित आई.टी.बी. के संसाधनों अनुबन्ध की शर्तें अनुबन्ध डाटा प्रपत्र तकनीकी विशिष्टिया बिल ऑफ क्वान्टिटी इत्यादि के सम्बन्धित निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढ़ लें।

क्र. सं.	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	अनुरक्षण लागत	कुल लागत	धरोहर धनराशि (रु. लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी प्रभार	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्यकारी अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	ठेकेदार का पंजीयन श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
वित्तीय वर्ष 2026-27 धर्मार्थ योजनान्तर्गत चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार)												
1	सोनभद्र	दुद्दी-मल्देवा लवकुश मंदिर होते हुए रीवाँ राँची (एन.एच.-39) मार्ग तक का चौड़ीकरण का कार्य (05 वर्ष अनुरक्षण सहित)	950.00	24.00	974.0	19.48	निविदा मूल्य 300.00+ 2000.00 स्टेशनरी चार्ज+ जी.एस.टी. आनलाईन भुगतान कुल रु. 2720.00मात्र।	09 माह	निर्माण खण्ड लो.नि.वि. सोनभद्र	मीरजापुर वृत्त, लो.नि.वि मीरजापुर	मुख्य अभियन्ता मीरजापुर क्षेत्र, लो.नि.वि. मीरजापुर	A

2. कार्य पूर्ण करने की समयावधि कालम सं.-9 के अनुसार होगी।
3. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से 120 दिवस होगी।
4. निविदा प्रस्तुत करने के पश्चात् वापस नही ली जा सकती।
5. ई-निविदा सूचना एवं बिड डाक्यूमेन्ट (एस.बी.डी.) आन लाईन दिनांक:- 09.10.2026 से 30.10.2026 12.00 बजे अपरान्ह तक ई-टेण्डरिंग पोर्टल (http://e-tender.up.nic.in) पर उपलब्ध है जो आनलाइन (http://e-tender.up.nic.in) पर ही सबमिट किया जायेगा।
7. यदि कोई शुद्धि पत्र (Corrigendum) बाद में प्रकाशित होता है तो इसकी पूर्ण जानकारी केवल ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर ही सार्वजनिक की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

नोट:- ई-निविदा की समस्त शर्तें ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि.
सोनभद्र

अधीक्षण अभियन्ता
मीरजापुर वृत्त, लो.नि.वि.
मीरजापुर

उ.प्र.:- 257613 दिनांक:- 06.10.2026 वेबसाइट:- **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
मीरजापुर वृत्त, लोक निर्माण विभाग, मीरजापुर

पत्रांक:- 4493/ 53एम-मी.वृत्त/ 2026-27 दिनांक:- 30.09.2026

अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना
(ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना)

1. महामहिम राज्यपाल उ.प्र. की ओर से अधीक्षण अभियन्ता मीरजापुर वृत्त, लो.नि.वि., मीरजापुर द्वारा उ.प्र. लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत कॉलम-13, ठेकेदारों से अधोलिखित कार्य के लिए आइटम दर के आधार पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि आई.टी.बी. की धारा-4 के अनुसार कार्य प्राप्त करने के सम्बन्ध में न्यूनतम अर्हता रखता है।

क्र. सं.	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	अनुरक्षण लागत	कुल लागत	धरोहर धनराशि (रु. लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी प्रभार	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्यकारी अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	ठेकेदार का पंजीयन श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार) स्वीकृति की प्रत्याशा में।												
1	भदोही	माधोसिंह महथुआ असनांव मुंसीलाटपुर मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (05 वर्ष अनुरक्षण सहित)	1550.00	38.75	1588.75	30.00	निविदा मूल्य 300.00+ 2000.00 स्टेशनरी चार्ज+ जी.एस.टी. आनलाईन भुगतान कुल रु. 2720.00मात्र।	09 माह	प्रान्तीय खण्ड लो.नि.वि. भदोही	मीरजापुर वृत्त, लो.नि.वि मीरजापुर	मुख्य अभियन्ता मीरजापुर क्षेत्र, लो.नि.वि. मीरजापुर	A

2. कार्य पूर्ण करने की समयावधि कालम सं.-9 के अनुसार होगी।
3. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से 120 दिवस होगी।
4. निविदा प्रस्तुत करने के पश्चात् वापस नही ली जा सकती।
5. ई-निविदा सूचना एवं बिड डाक्यूमेन्ट (एस.बी.डी.) आन लाईन दिनांक:- 09.10.2026 से 30.10.2026 12.00 बजे अपरान्ह तक ई-टेण्डरिंग पोर्टल (http://e-tender.up.nic.in) पर ही सबमिट किया जायेगा।
7. यदि कोई शुद्धि पत्र (Corrigendum) बाद में प्रकाशित होता है तो इसकी पूर्ण जानकारी केवल ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर ही सार्वजनिक की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

नोट:- ई-निविदा की समस्त शर्तें ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(एस.के.. सरोज)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि.
भदोही।

(डी.के. सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
मीरजापुर वृत्त, लो.नि.वि.
मीरजापुर

उ.प्र.:- 257611
दिनांक:- 06.10.2026
वेबसाइट:- **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है।

तार की चपेट में आने से किसान की मौत:–पिंडरा। सिंधोरा थाना क्षेत्र के चितौरा गांव में बुधवार शाम खेत में टूटकर गिरे विद्युत तार की चपेट में आने से किसान सुबाष यादव (४२ वर्ष) की मौत हो गयी। हादसे की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल रहा और सूचना मिलते ही वह बेहोश हो गयी। बताया जाता है कि सुबाष यादव बुधवार सुबह धान की फसल देखने के लिए घर से खेत गये थे। शाम तक घर नहीं लौटे तो स्वजन चिंतित हो गये और उनकी तलाश शुरू की। करीब सात बजे खेत में उनका शव पड़ा मिला।

सम्मन बगरज इन्फिसाल मुकदमा
न्यायालय उपजिलाधिकारी सेवराई, गाजीपुर
मु.न. T202614290706395
धारा 21/24 उ.प्र. रा. सं.
अर्जुन बनाम चकमार्ग

बनाम- पियूष सिंह पुत्र भगवान सिंह निवासी गहमर, तहसील सेवराई, जिला गाजीपुर।

हाजिर हो कि मुद्दई ने एक दावा हस्ब दफा दाखिल किया गया है। जिसमें तारीख 9 माह 10 सन 26 ई. मुकर्रर है। इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि आप खुद या अपने वकील द्वारा तारीख पर हाजिर होकर जवाब देही दावा की करें। वरना मुकदमा आपके खिलाफ एक तरफा समाप्त होगी।

न्यायालय उपजिलाधिकारी
सेवराई, गाजीपुर

सम्मन बगरज इन्फिसाल मुकदमा
न्यायालय उपजिलाधिकारी सेवराई गाजीपुर
मु.नं. T202614290706392
धारा 21/24 उ.प्र. रा. सं.
जितेंद्र बनाम अजय अशोक आदि

मौजा पथरा, तहसील सेवराई, जिला गाजीपुर बनाम-मीना सिंह पत्नी भगवान सिंह निवासी गहमर, तहसील सेवराई, जिला गाजीपुर।

हाजिर हो कि मुद्दई ने एक दावा हस्ब दफा दाखिल किया गया है। जिसमें तारीख 9 माह 10 सन 26 ई. मुकर्रर है। इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि आप खुद या अपने वकील द्वारा तारीख पर हाजिर होकर जवाब देही दावा की करें। वरना मुकदमा आपके खिलाफ एक तरफा समाप्त होगी।

न्यायालय उपजिलाधिकारी
सेवराई, गाजीपुर

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मरदह, गाजीपुर

पत्रांक- 1073/ई-निविदा/2026-27 दिनांक-07.10.2026

ई-निविदा सूचना

क्षेत्र पंचायत मरदह, गाजीपुर द्वारा क्षेत्र योजनान्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों का ई-निविदा प्राप्त करने हेतु वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। जिसे वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 08.10.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे से दिनांक 15.10.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक देखी व पढ़ी जा सकती है तथा ई-निविदा दिनांक 15.10.2026 को अपरान्ह 03.00 बजे खोली जायेगी।

खण्ड विकास अधिकारी
विकास खण्ड मरदह, गाजीपुर

कार्यालय नगर पंचायत सादात, गाजीपुर

पत्रांक- 412/नामा० /बै० /न०पं०सादात /2026-27 दिनांक- 05-10-26

-:: सार्वजनिक सूचना:-

सभी सम्बन्धित एवं एतद्द्वारा को सूचित किया जाता है, कि नगर पंचायत सादात, जनपद-गाजीपुर के नगरीय सीमान्तर्गत भवनों / भूमि पर बैनामा / नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है, जिसके विरूद्ध अगर कोई आपत्ति हो तो समाचार प्रकाशन के 30 दिवस के अन्दर अपना लिखित आवेदन / आपत्ति पत्र साक्ष्य के साथ नगर पंचायत सादात, गाजीपुर कार्यालय में उपलब्ध करा दें, अन्यथा वाद मियाद प्राप्त आवेदन पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा और साक्ष्यों के आधार पर बैनामा / नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक /गृहकर में दर्ज होने वाले व्यक्तियों का नाम	आराजी नं.	मोहल्ला/ वार्ड नं.	नामान्तरण का प्रकार	खारिज होने वाले व्यक्ति का नाम
1	देवधारी राम पुत्र स्व0 दौलत	750	वार्ड नं0-1 अम्बेडकर नगर	बैनामा/ नामान्तरण	प्यारे उर्फ प्यारेलाल पुत्र रामधारी राम

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सादात गाजीपुर

कार्यालय:- जिला कार्यालय,
यू०पी० कोआपरेटिव फेडरेशन लि0, बलिया।

ई-निविदा सूचना

जनपद बलिया में खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 एवं आगामी रबी विपणन वर्ष 2027-28 अर्न्तगत धान/गेहूं के हैण्डलिंग कार्य हेतु पीसीएफ में पंजीकृत/अपंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 14.10.2026 को अपराह्न 01.00 बजे तक ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित जानकारी https://etender.up.nic.in वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला प्रबन्धक पीसीएफ बलिया के मो0न0 8765984701 पर सम्पर्क किया जा सकता हैं।

(अजीत सिंह)
जिला प्रबन्धक पी.सी.एफ., बलिया।

पत्रांक-पी.सी.एफ./जि.का./प्रा.सं./2026-27/1061 दिनांक-07.10.2026

कार्यालय उप निदेशक (वि/यां)
राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ.प्र.
नवीन मण्डी स्थल, पहड़िया, मीरजापुर

पत्रांक: वि०/ यॉ०/वारा/निविदा/2026 – 14-99 दिनांक 07.10. 2026

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

कार्यालय पत्रांक: 1454 दिनांक 20.08.2026 पत्रांक 1470 दिनांक 15.09. 2026 एवं शुद्धि पत्र संख्या-- 1489 दिनांक 26.09. 2026 के माध्यम से विद्युत / यांत्रिक कार्यों हेतु क्रमश: दिनांक 11.09.2026. दिनांक 30.09.2026 एवं दिनांक 06.10.2026 को ई-निविदायें आमंत्रित की गयी थी। उक्त तिथि को मण्डी स्थल गोठा/दोहरीघाट), मुंगराबादशाहपुर मऊ (कोपागंज) एवं वाराणसी में कोई भी निविदाएँ प्राप्त न होने के कारण इन कार्यों की निविदाएँ वित्तीय रूप से सुदृढ़ एवं मण्डी परिषद में पंजीकृत ठेकेदारों / सरकारी विभाग PWD, RED UPRNN एवं UPPCL में पंजीकृत फर्म / ठेकेदारों से Two Bid System के माध्यम से ! पुन: दिनांक 16.10.2026 को अपराहन 12:30 बजे आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 15.102026 की अपराह्न 05:00 बजे तक डाउनलोड करते हुए अपलोड किए जा सकते है, शेष नियम व शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

Gontha (Doharighat) Tender ID)-2026-RKUMP 1178432-13
MungrabadShahpur Tender ID 2026 RKUMP 11784-32-14-
Mau(kopaganj), Tender ID - 2026 RKUMP 11784-32-15
Varanasi Tender ID- 2026 RKUMP 1178432-16

उपनिदेशक निर्माण / (वि./यॉ.)
मण्डी परिषद, वाराणसी

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
मीरजापुर वृत्त, लो.नि.वि. मीरजापुर

पत्रांक:- 4492/ 53एम-मी.वृत्त/ 2026-27 दिनांक:- 30.09.2026

अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना
(ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना)

1. महामहिम राज्यपाल उ.प्र. की ओर से अधीक्षण अभियन्ता मीरजापुर वृत्त, लो.नि.वि., मीरजापुर द्वारा उ.प्र. लोक निर्माण विभाग में सेतु कार्य हेतु पंजीकृत कॉलम-11, ठेकेदारों से अधोलिखित कार्य के लिए प्रतिशत दर के आधार पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि आई.टी.बी. की धारा-4 के अनुसार कार्य प्राप्त करने के सम्बन्ध में न्यूनतम अर्हता रखता है।

क्र. सं.	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	धरोहर धनराशि (रु. लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं स्टेशनरी प्रभार	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्यकारी अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	ठेकेदार का पंजीयन श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	भदोही	गम्भीर सिंह पुर के पूरब दलित बस्ती के सामने नाले पर लघु सेतु का निर्माण कार्य।	149.00	9.45	निविदा मूल्य 300+2000.00 स्टेशनरी चार्ज +जी.एस.टी. आनलाईन भुगतान कुल रू. 2720.00 मात्र।	06 माह	प्रान्तीय खण्ड लो.नि.वि., सोनभद्र	मीरजापुर वृत्त, लो.नि.ति., मीरजापुर	मुख्य अभियन्ता मीरजापुर क्षेत्र, लो.नि.वि., मीरजापुर	A B

3. कार्य पूर्ण करने की समयावधि कालम सं.-9 के अनुसार होगी।
4. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से 90 दिवस होगी।
5. निविदा प्रस्तुत करने के पश्चात् वापस नही ली जा सकती।
6. ई-निविदा सूचना एवं बिड डाक्यूमेन्ट (एस.बी.डी.) आन लाईन दिनांक:- 12.10.2026 से 19.10.2026 12.00 बजे अपरान्ह तक ई-टेण्डरिंग पोर्टल (http://e-tender.up.nic.in) पर ही सबमिट किया जायेगा।
7. यदि कोई शुदि पत्र (Corrigendum) बाद में प्रकाशित होता है तो इसकी पूर्ण जानकारी केवल ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर ही सार्वजनिक की जायेगी।
8. निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

नोट:- ई-निविदा की समस्त शर्तें ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(एस.के. सरोज)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि.
भदोही

(डी.के. सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
मीरजापुर वृत्त, लो.नि.वि.
मीरजापुर

उ.प्र.:- 257612
दिनांक:- 06.10.2026 वेबसाइट:- **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है।

वर्गीकृत विज्ञापन

सूचना

सूचना-सूचित किया जाता है कि बजाज एलाएन्ज के पालिसी नं. -0148993680 में मेरा नाम खुशी रजनी व जन्मतिथि 03.07.2002 अंकित है जो गलत है मेरा सही नाम खुशी जायसवाल व जन्मतिथि 31.10.2003 है जो आधार कार्ड पर दर्ज है। **खुशी जायसवाल** पुत्री राजकुमार जायसवाल एस-5/46 एम-1 रमरेपुर, पहड़िया सारनाथ, वाराणसी।

सूचना-मेरा इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2010 अनुक्रमांक 9839955527 का अंक पत्र व मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **विभांशु प्रकाश रघुवंशी** पुत्र प्रेम प्रकाश सिंह ग्राम सतमेसरा वरडीहा,लेओरूवा जिला जौनपुर

सूचना-मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2008 अनुक्रमांक 2514835 का अंक पत्र व मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। जितेश यादव पुत्र कान्ता यादव ग्राम तिलेसड़ा, थाना बिरनो, जिला गाजीपुर।

सूचना-सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि SID-DHARTH CHARKRABORTY को अब से **SIDDHARTH CHAKRABORTY** S/o GAUTAM CHAKRABORTY के नाम जाना व पहचाना जाये। Add-D-28/155-A Pandey Hawely, Bangali Tola, Varanasi

सूचना

सूचना-सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **मनोज कुमार शर्मा,** पुत्र मेवालाल शर्मा, निवासी सागरपुर, विसौली कृपालपुर, जनपद भदोही का वर्ष 2005 का हाईस्कूल प्रमाणपत्र/अंकपत्र, अनुक्रमांक 2693393, तथा वर्ष 2009 का इंटरमीडिएट प्रमाणपत्र/अंकपत्र, अनुक्रमांक 1122098, वास्तव में कहीं खो गया है।

सूचना-मेरा हाईस्कूल वर्ष-1992, अनुक्रमांक-1086285 और इण्टरमीडिएट वर्ष-1995, अनुक्रमांक-474371 का संस्थागत अंकपत्र सहप्रमाण खो गया है। **सुनीता जयसवाल** पुत्री ओम प्रकाश जयसवाल निवा. सिनी-सी0के0 49/98, भूलेटन वाराणसी।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **एक्स कमांडो सिक्योरिटी सविसेज** जिसका पता पहले डी-59/360 ए-2बी माधोपुर सिगरा वाराणसी था। अब नया पता मकान संख्या-641/1 शीतल नगर कालोनी चाँदमारी शिवपुर वाराणसी है।

सूचना-सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि VIPIN KUMAR को अब से VIPIN KUMAR CHAURASIA S/o KAILASH NATH CHAURASIA के नाम जाना व पहचाना जाये। Add- Vill - Post-Pindra, Varanasi

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबन्धक

वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी

सार्वजनिक सूचना

कृपया श्रीमती नीलम सिंह, श्री राजेश कुमार सिंह, श्री अजय कुमार सिंह द्वारा आराजी सं0-431, मौजा- केराकतपुर परगना-देहात अमानत, जिला-वाराणसी पर होटल मानचित्र की स्वीकृति हेतु प्राधिकरण में ऑनलाईन मानचित्र सं0- VDA/BP/MS/26-27/24252 प्रस्तुत किया गया है। प्रश्नगत भूखण्ड का भू-उपयोग वाराणसी महायोजना 2031 (संशोधित) में आंशिक रूप से आवासीय एवं आंशिक रूप से सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक सेवायें / सुविधायें क्षेत्र दर्शित है, प्रश्नगत स्थल महायोजना मार्ग से प्रभावित नहीं है। उक्त आरा. जी नगर निगम सीमा के बाहर स्थित है। आंशिक रूप से आवासीय एवं आंशिक रूप से सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक सेवायें / सुविधायें भू-उपयोग में भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2025 के जोनिंग रेगुलेशन्स के अनुसार होटल निर्माण "सामान्य अनुमन्य उपयोग की श्रेणी के अन्तर्गत आता है।

भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2025 के प्रस्तर संख्या 15.1.3 (iv) के अनुसार महायोजना भू-उपयोग अथवा अनुमोदित ले-आउट में परिभाषित भू-उपयोग के अतिरिक्त अन्य क्रियाओं की अनुज्ञा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जनता से आपत्ति / सुझाव आमंत्रित करने के उपरान्त दी जाएगी। अनुमन्य किये जाने हेतु न्यूनतम 15 दिन की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति / सुझाव, उचित माध्यमों से आमंत्रित किये जाने का प्राविधान है।

अत: उक्त प्राविधान के दृष्टिगत यदि किसी हितबद्ध व्यक्ति / संस्था को प्रश्नगत ऑनलाइन मानचित्र के सम्बन्ध में कोई आपत्ति / सुझाव प्रस्तुत करना हो तो सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति / सुझाव विन्यास अनुभाग वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के कार्यालय कक्ष में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समय अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति / सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

नगर नियोजक/प्रभारी अधिकारी (मानचित्र)
वाराणसी विकास प्राधिकरण
वाराणसी।

Digitally signed by Prabhat Kumar
Date-05.10.2026

कार्यालय ग्राम पंचायत मदार विकास खण्ड राबर्ट्सगंज,जनपद-सोनभद्र

पत्रांक: मेमो /टेण्डर सूचना/2026-27 दिनांक - 07.10.2026

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मदार में वित्तीय वर्ष 2026-27 में मनरेगा/ VB-G RAM G/ राज्य वित्त केन्द्रीय वित/ SLWM/ SBM/RGSA/SNA अन्य निधियों से प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य कराए जाने हेतु व्यापार कर विभाग आयकर में पंजीकृत फर्मों के द्वारा ग्राम पंचायत परिधि के अन्दर निम्न विवरण के अनुसार कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति कराने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। ईट प्रथम श्रेणी, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट टैंकर क्रय, टैकर मरम्मत, बालू, डाला गिट्टी, सोलिंग गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, पटिया, टीन शेड, एसबेस्टेस शीट, शौचालय निर्माण सामग्री, पी०वी०सी० पाईप बोल्डर, सरिया, स्टोन डस्ट GSB, हैंडपंप सामग्री, हैंडपंप रिबोर/ बोर, पेंटिंग सामग्री, ई-रिक्शा, ढेला गाड़ी, सफाईकर्मी किट हयूम पाईप, सीमेंट, बेंच लोहे का (दरवाजा, खिड़की, एंगल,पाईप) विद्युत वायरिंग सामग्री, समरसिलि पंप, सोलर पंप, अन्य सामग्री।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता निविदा दिनांक 09.10.2026 से 15.10.2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर जमा कर सकते है, जिसे दिनांक 16.10.2026 को पूर्वान्हे/ अपरान्ह 2:30 बजे निविदादाताओं जो उपस्थित रहना चाहते है के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोला जाएगा। टेण्डर फार्म शुल्क रू0-500.00 जमा कर निर्धारित अवधि में प्राप्त कर सकते है।

प्रतिबन्ध एवं शर्तें-1- निविदा की सभी दरे कर सहित लोक निर्माण विभाग की स्वीकृत दरों से अधिक नही होनी चाहिए। 2- जमानत की धनराशि / अन्य जानकारी हेतु ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है। 3- खराब सामग्री आपूर्ति की दशा में जमानत की राशि जब्त कर ली जाएगी। 4- सशर्त निविदा स्वीकार्य नही की जाएगी। 5-बिना कारण बताए किसी भी समय निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

ग्राम प्रधान
विकास खण्ड-राबर्ट्सगंज
सोनभद्र

(संतोष राव)
ग्राम पंचायत अधिकारी
विकास खण्ड-राबर्ट्सगंज, सोनभद

कार्यालय ग्राम पंचायत मंगुराही विकास खण्ड राबर्ट्सगंज, जनपद-सोनभद्र

पत्रांक: मेमो /टेण्डर सूचना/2026-27 दिनांक - 07.10.2026

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मंगुराही में वित्तीय वर्ष 2026-27 में मनरेगा/ VB-G RAM G/ राज्य वित्त केन्द्रीय वित/ SLWM/ SBM/RGSA/SNA अन्य निधियों से प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य कराए जाने हेतु व्यापार कर विभाग आयकर में पंजीकृत फर्मों के द्वारा ग्राम पंचायत परिधि के अन्दर निम्न विवरण के अनुसार कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति कराने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। ईट प्रथम श्रेणी, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट टैंकर क्रय, टैकर मरम्मत, बालू, डाला गिट्टी, सोलिंग गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, पटिया, टीन शेड, एसबेस्टेस शीट, शौचालय निर्माण सामग्री, पी०वी०सी० पाईप बोल्डर, सरिया, स्टोन डस्ट GSB, हैंडपंप सामग्री, हैंडपंप रिबोर/ बोर, पेंटिंग सामग्री, ई-रिक्शा, ढेला गाड़ी, सफाईकर्मी किट हयूम पाईप, सीमेंट, बेंच लोहे का (दरवाजा, खिड़की, एंगल,पाईप) विद्युत वायरिंग सामग्री, समरसिबल पंप, सोलर पंप, अन्य सामग्री।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता निविदा दिनांक 09.10.2026 से 15.10.2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर जमा कर सकते है, जिसे दिनांक 16.10.2026 को पूर्वान्हे/ अपरान्ह 12:30 बजे निविदादाताओं जो उपस्थित रहना चाहते है के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोला जाएगा। टेण्डर फार्म शुल्क रू0-500.00 जमा कर निर्धारित अवधि में प्राप्त कर सकते है।

प्रतिबन्ध एवं शर्तें-1- निविदा की सभी दरे कर सहित लोक निर्माण विभाग की स्वीकृत दरों से अधिक नही होनी चाहिए। 2- जमानत की धनराशि / अन्य जानकारी हेतु ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है। 3- खराब सामग्री आपूर्ति की दशा में जमानत की राशि जब्त कर ली जाएगी। 4- सशर्त निविदा स्वीकार्य नही की जाएगी। 5-बिना कारण बताए किसी भी समय निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

ग्राम प्रधान
विकास खण्ड-राबर्ट्सगंज
सोनभद्र

(संतोष राव)
ग्राम पंचायत अधिकारी
विकास खण्ड-राबर्ट्सगंज सोनभद्र

एक नजर इधर भी

चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली से संवैधानिक संकट-रोसा

रोसा ने चुनाव आयोग पर उठाए सवाल, मुख्य चुनाव आयुक्त से इस्तीफे की मांग, सौंपा ज्ञापन

रोजगार-सामाजिक अधिकार अभियान (रोसा) ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त से तत्काल इस्तीफे की मांग की। रोसा के सलाहकार मंडल अध्यक्ष विजय शंकर पांडेय के नेतृत्व में बुधवार को प्रदर्शन कर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से एसीएम तृतीय को सौंपा गया। रोसा ने नये मतदाताओं के पंजीकरण के लिए फॉर्म-६ में संशोधन तथा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को संविधान-विरुद्ध बताते हुए इसे निरस्त करने की मांग की। साथ ही वर्ष २०२३ में चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी कानून को रद्द करने की मांग उठायी। संगठन ने राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और इंडिया गठबंधन के नेताओं की कथित अवैधानिक गिरफ्तारी का भी विरोध किया। प्रदर्शन में अनिल श्रीवास्तव, कुंवर सुरेश सिंह, डॉक्टर सूबेदार सिंह, अरविंद किशोर राय, वीरेंद्र कपूर, संजीव सिंह, डॉक्टर शम्मी कुमार सिंह, रूप किशोर सिंह, आयुषचंद अधिवक्ता, राजेश त्रिपाठी, अविनाश मिश्र, शानू सिन्हा, आशीष पाठक, रंजय, अभिषेक दुबे, रोहित राणा, मुरारी यादव, विपिन मेहता, रंजय तिवारी और मीडिया प्रभारी आनंद मिश्र मौजूद रहे।

नागेपुर में पीएम आवास लाभार्थियों को सौर ऊर्जा का लाभ

बैंक ऑफ बड़ौदा, वाराणसी अंचल की ओर से आराजीलाईन ब्लॉक के नागेपुर गांव में वित्तीय समावेशन और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बैंक के महाप्रबंधक-रिटेल एसेट एवं मॉर्गेज, कॉरपोरेट कार्यालय मुंबई राजेश कुमार सिंह, महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, वाराणसी मिथिलेश कुमार तथा यूपीनेडा की वरिष्ठ परियोजना अधिकारी शशि गुप्ता ने ग्रामीणों को बैंकिंग और सौर ऊर्जा योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में २०० से अधिक ग्रामीण और लाभार्थी शामिल हुए। प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र लाभार्थियों को नवीकरणीय ऊर्जा सेवा कंपनी (आरईएससीओ) मॉडल के तहत सौर पैनल की नि:शुल्क स्थापना का लाभ दिया गया। अधिकारियों ने सौर ऊर्जा से बिजली बिल में संभावित बचत और स्वच्छ ऊर्जा के लाभ बताये। बाद में क्षेत्रीय कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में पीएम सूर्य घर योजना से जुड़े विक्रेताओं के साथ बैठक कर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और बैंक-विक्रेता समन्वय पर चर्चा की गयी

फुलवरिया में दो बाइकों में टक्कर, महिला घायल

कैंट थाना क्षेत्र के फुलवरिया रेलवे क्रॉसिंग नंबर-५ के पास छह अक्तूबर को दो बाइकों में टक्कर हो गयी। हादसे में पीछे बैठी महिला शैरून निशा सड़क पर सिर के बल गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। वहीं बाइक चला रहे शमीम को भी चोटें आयी। पक्की बाजार निवासी इमरान कुरैशी ने कैंट थाने में दी तहरीर में बताया कि शैरून निशा और शमीम बाइक से कोटवा स्थित रिश्तेदार के घर जा रहे थे। इसी दौरान लहरतारा निवासी प्रजाप्रकाश पुत्र बद्री की बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। शैरून निशा के सिर में गहरी चोट लगने से काफी खून बहा और वह बेहोश हो गयी। डायल-११२ की मदद से उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां से ए.जेट. अंसारी अस्पताल रेफर किया गया। उनकी हालत नाजुक बतायी जा रही है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पिकअप ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, एनडी आरएफ जवान की पत्नी समेत दो घायल

पांडेयपुर क्षेत्र में एनडीआरएफ कैंप के पास मंगलवार रात दवा लेकर ई-रिक्शा से लौट रहे एनडीआरएफ जवान की पत्नी और साले को पीछे से आये पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। उनका इलाज इनफिनिटी केयर हॉस्पिटल में चल रहा है। एनडीआरएफ की ११वीं वाहिनी में तैनात मुख्य आरक्षी गोविंद कुमार यादव की तहरीर पर पांडेयपुर पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी अतुल सिंह ने बताया कि वाहन का नंबर यूपी ६५ आरटी २३३४ बताया गया है। गोविंद के अनुसार उनकी पत्नी ममता यादव और साला जितेंद्र यादव श्री शिवप्रसाद गुप्त अस्पताल से दवा लेकर ई-रिक्शा से कैंप लौट रहे थे। रात करीब ९.४५ बजे पिकअप ने पीछे से ई-रिक्शा में टक्कर मार दी और चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

दम्पती से मारपीट के मामले में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

पांडेयपुर की नयीबस्ती में बुधवार को सुबह विवाद के दौरान पति-पत्नी से मारपीट के मामले में मनोज कुमार कन्नौजिया की तहरीर पर पुलिस ने घूरेलाल कन्नौजिया, आकाश, विकास और सूरज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मनोज का आरोप है कि सुबह साढ़े आठ बजे आरोपितों ने गाली-गलौज के बाद उनके साथ मारपीट की, जिससे सिर में चोट लगी। बीच-बचाव करने पहुंची पत्नी के हाथ में भी डंडे से चोट लगने और सूजन होने का आरोप है। पीड़ित ने जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बनें सुभाष

लहरतारा स्थित पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ कार्यालय में बुधवार को वाराणसी मंडल के पदाधिकारियों का निर्वाचन हुआ। संगठन के जोनल सचिव रमेश मिश्रा की मौजूदगी में निर्वाचित पदाधिकारी के नाम की घोषणा हुई। इसमें सुभाष चंद्र यादव को अध्यक्ष और श्याम कुमार झा को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष के पद पर मनोज कुमार सिंह, शशि भूषण मिश्रा, मन्नत ठाकुर, राहुल कुमार, विनय कुमार चौबे एवं सिकंदर कुमार के नाम की घोषणा हुई। अरविंद कुमार सिंह को मंडल मंत्री एवं गोपाल कार्यवाहक मंडल मंत्री बनाए गए। इसके अलावा संयुक्त मंडल मंत्री अमरनाथ सिंह, नारायण चतुर्वेदी और संगठन मंत्री जितेंद्र तिवारी एवं अब्दुल अख्तर को बनाया गया। इस दौरान उपस्थित साथी रेलकर्मियों ने निर्वाचित पदाधिकारी को बधाई दी। साथ ही माला पहनाकर अभिनंदन किया।

जोनल अधिवेशन में उठा रिक्त पदों की भर्ती का मुद्दा

लहरतारा स्थित इंद्रप्रस्थ सामुदायिक हाल में बुधवार को ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर्स एसोसिएशन की ओर से जोनल संरक्षा संगोष्ठी एवं वार्षिक अधिवेशन का आयोजन हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में एडीआरएम (परिचालन) अशोक कुमार वर्मा, मंडल परिचालन प्रबंधक रमेश पांडेय एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर्स असोसियेशन के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष उमाशंकर सिंह, पूर्व केंद्रीय उपाध्यक्ष एमए सिद्दकी एवं वर्तमान केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रभाकर पांडेय मौजूद रहे। इस दौरान रेलकर्मियों ने रिक्त पदों पर भर्ती सहित विभिन्न मांगो पर चर्चा की। अधिवेशन के बाद नई जोनल कार्यकारिणी का गठन हुआ। धन्यवाद ज्ञापन मोहम्मद जमील और संचालन अनुराग सिंह यादव ने किया।

कैंट स्टेशन पर अंतर विभागीय संरक्षा संगोष्ठी का हुआ आयोजन

कैंट रेलवे स्टेशन पर बुधवार को स्टेशन निदेशक अर्पित गुप्ता की अध्यक्षता में एक अंतर विभागीय संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी आयोजित करने कि मुख्य बिन्दु विभिन्न विभागों में आपसी तालमेल,किए जा रहे कार्य के प्रति सावधानी एवं आपसी सामंजस्य से सुरक्षित कार्य किए जाने हेतु रहा। संगोष्ठी में रेलवे यार्ड में ट्रेनों एवं कोचों की शंटिंग के दौरान किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए जो कि किसी दुर्घटना का कारण बने । इसको लेकर कर्मचारियों की काउंसलिंग की गई। इसके अलावा सतर्कता आदेश सही से मिलान कर सावधानीपूर्वक लोको पायलट और गार्ड को देना तथा किसी प्रकार से रेल संचालन में कोई शार्टकट नहीं लेने पर रेल कर्मियों को विस्तार से बताया गया। इस दौरान रेलवे परिचालन नियमावली के मुख्य बिंदुओं, मंडल से निकाले गए संरक्षा परिपत्रों, मुख्यालय से प्राप्त आदेशों तथा अन्य मंडलों में पूर्व में हुए कुछ हादसों को उदाहरण स्वरूप पेश करते हुए मौजूद कर्मचारियों को विस्तार पूर्वक समझाया गया और सभी से आश्वाशन लिया गया। संगोष्ठी में एडीएसओ लखनऊ,सहायक परिचालन प्रबंधक गुलकेश मीणा, स्टेशन अधीक्षक उदय कुमार सिंह, तथा स्टेशन एवं यार्ड के अन्य विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

गरज-चमक संग बरसे मेघ, ओले भी गिरे

शहर के कई क्षेत्रों में भारी जलजमाव और भीषण जाम, विद्युत आपूर्ति और विमान संचालन प्रभावित, तापमान में आई गिरावट, बने हैं वर्षा के आसार







दिनभर उमस के बाद शाम को मौसम ने करवट ले ली। तेज बारिश और हवा से मौसम खुशगवार हो गया। पूर्वांचल सहित वाराणसी में बुधवार की शाम तेज बरसात और तेज हवाओं से मौसम का रुख बदल बदल गया। शाम छह बजे आसमान में उत्तर की ओर से आए घने बादलों ने कब्जा जमा लिया। बादलों की ओर से आसमान कब्जे में लेने के साथ ही तेज हवाओं का दौर अचानक शुरू हुआ और देखते ही देखते बूंदाबांदी तेज बरसात में बदल गई। तेज हवाओं के साथ ही गरज चमक की वजह से वातावरण का रुख बदला और रात गहराने के साथ ही वातावरण का रुख और तल्ख होता चला गया। ग्रामीण इलाकों में ओले गिरने और कई पेड़ों के गिरने की सूचना रही। मौसम विभाग ने मानसून के विदा होने के बाद परिस्थितियों के एक साथ बदलने का अनुमान जताया था लेकिन पूरब और उत्तर से आए सघन बादलों ने गरज चमक के साथ मौसम का रुख इस तरह बदला कि डेढ़ घंटों में शहर का तमाम हिस्सा पानी पानी हो गया। तेज बरसात की वजह से विमानों के संचालन में जहां बाधा आई तो वज्रपात की वजह से कई क्षेत्रों में आकस्मिक बिजली कटौती भी करनी पड़ गई। भारी बरसात और तेज हवाओं की वजह से लोग अपने घरों में शाम से ही दुबक गए और जो अनापेक्षित बरसात की जद में आए उनको भी कहीं सिर छिपाना पड़ गया। जबकि आने वाले दिनों में इस बरसात का असर कोहरे और ठंड के रूप में तय माना जा रहा है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो वितरण डिस्टर्बेंस की वजह से यह बारिश हुई है।

हथिया नक्षत्र, बरसे ओले

वाराणसी में बुधवार शाम अचानक से मौसम बदल गया। ग्रामीण इलाकों में हरहुआ, बड़ागांव, बाबतपुर में ओले गिरना शुरू हुए। उसके कुछ ही देर बाद अचानक से मूसलाधार तूफानी बारिश शुरू हो गई। लोगों के अनुसार हथिया नक्षत्र की वजह से यह बारिश हो रही है। जो आगामी 11 अक्टूबर तक प्रभावी है। वाराणसी में भी जमकर मूसलाधार बारिश हुई। वाराणसी में दिन के तापमान के मुकाबले सात डिग्री पारा लुढ़क गया है। वाराणसी में शाम पांच बजे ३१ डिग्री तापमान दर्ज किया गया था। जो शाम सात बजे लुढ़क के २६ डिग्री पर पहुंच गया है। वहीं हवाएं ३० किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ़्तार से चलना शुरू हुई। जो अब धीरे-धीरे कम हुई है। वहीं बारिश अभी भी हो रही है। लोगों ने इस बारिश के बाद गर्मी से राहत की सांस ली।

शारजाह से आया विमान, पायलट ने दिल्ली ले जाने से किया इनकार, १३२ यात्री परेशान

वैकल्पिक पायलट के पहुंचने के बाद दोपहर एक बजे दिल्ली रवाना हुआ विमान

बाबतपुर। के लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बुधवार को एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान के पायलट के दिल्ली जाने से इनकार करने के बाद १३२ यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शारजाह से वाराणसी आने वाला एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान ङ्क्ष-184 भी आपरेशनल कारणों से करीब चार घंटे विलंब से सुबह १०.३० बजे एयरपोर्ट पहुंचा। विमान के निर्धारित आगमन का समय सुबह ६.२० बजे था। विमान में शारजाह से १८६ यात्री वाराणसी पहुंचे थे। वाराणसी एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद इसी विमान को दिल्ली के लिए उड़ान भरनी थी। विमान में दिल्ली जाने के लिए १३२ यात्री सवार थे, लेकिन वाराणसी पहुंचने के बाद पायलट ने विमान को दिल्ली ले जाने से इनकार कर दिया। इसके चलते यात्रियों को एयरपोर्ट पर इंतजार करना पड़ा। स्थिति को देखते हुए एयर इंडिया एक्सप्रेस प्रबंधन ने वैकल्पिक पायलट की व्यवस्था की। दिल्ली से वैकल्पिक पायलट को वाराणसी बुलाया गया। पायलट के एयरपोर्ट पहुंचने के बाद आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर विमान ने दोपहर करीब एक बजे १३२ यात्रियों को लेकर दिल्ली के लिये उड़ान भरी। इस दौरान यात्रियों को करीब दो घंटे तक एयरपोर्ट पर इंतजार करना पड़ा।

महिला के इलाज में घोर लापरवाही : गलत टांका लगाने से हालत बिगड़ी

सारनाथ थाना क्षेत्र के सतरंगी (सलारपुर) निवासी चांदनी ने एक निजी अस्पताल के डॉक्टरों और आशा कार्यकत्री पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार, २८ अगस्त को क्षेत्र की आशा कार्यकत्री ने नॉर्मल डिलीवरी का आश्वासन देकर उसे आशापुर स्थित राजकुमार मेमोरियल हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। २९ अगस्त को डॉक्टर ने प्रसव तो कराया, लेकिन प्रसव के बाद पेशाब के रास्ते में टांका लगा दिया। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद जब महिला के शरीर की स्थिति बिगड़ने लगी, तो परिजनों ने अस्पताल जाकर शिकायत की, लेकिन राहत मिलने के बजाय स्थिति और बिगड़ती चली गयी।

पुनः ऑपरेशन और अभद्रता का आरोप

पीड़िता का आरोप है कि २६ सितंबर को दोबारा अस्पताल जाने पर डॉक्टरों ने फिर से ऑपरेशन करने की बात कही। जब पीड़िता के पति ने बार-बार ऑपरेशन की आवश्यकता पर सवाल उठाया, तो डॉक्टर गाली-गलौज और बदतमीजी पर उतारू हो गये। इसके बाद २८ सितंबर को दोबारा ऑपरेशन कर मरीज को छुट्टी दे दी गयी, लेकिन इसके बाद भी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। दो अक्तूबर को दोबारा जांच के नाम पर कमरे में ले जाकर गलत तरीके से टांका लगने की बात स्वीकार की गयी और फिर से ऑपरेशन की सलाह दी गयी।

अन्य अस्पताल में हुआ खुलासा

डॉक्टरों के रवैये से परेशान होकर परिजन तीन अक्तूबर को पीड़िता को तिलमापुर स्थित पर्मिला हॉस्पिटल ले गये। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद बताया कि गलत टांके और लापरवाही के कारण महिला का गुप्तांग एवं गुदा मार्ग का मांस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसका लंबा इलाज चलेगा और पुनः ऑपरेशन करना पड़ेगा।

थाने में सुनवाई न होने पर सीपी से लगायी गुहार

पीड़िता का आरोप है कि छः अक्तूबर को जब उसका पति इस मामले की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने सारनाथ थाने गया, तो पुलिस ने न तो रिपोर्ट दर्ज की और न ही पीड़िता का मेडिकल मुआयना कराया। थक-हारकर पीड़िता ने ७ अक्तूबर को पुलिस आयुक्त को पत्र देकर मामले की जांच कराने, दोषी डॉक्टरों के खिलाफ कड़ी कानूनी कारवाई करने और एफआईआर दर्ज करने की गुहार लगायी है।

मांगों के समर्थन में एड्स नियंत्रण कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

लंबित मांगों के समर्थन में श्री शिव प्रसाद गुप्त मंडलीय,लाल बहादुर शास्त्री राजकीय,पण्डित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालयों स्थित एआरटी,आईसीटीसी और ओएसटी सेंटर के कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश एड्स नियंत्रण कर्मचारी संघ के आह्वान पर शुरू किए गए आंदोलन में कर्मचारियों ने मांगों के जल्द निस्तारण की मांग की।कर्मचारियों के मुताबिक,उनके एसएमओ/एमओ ने भी आंदोलन में सहयोग किया। संघ की ओर से जारी सूचना के अनुसार १० अक्टूबर तक मांगों का निस्तारण नहीं होने पर आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। पांच से ११ अक्टूबर तक सभी कार्यस्थलों पर काली पट्टी बांधकर विरोध किया जा रहा है। १२ से १४ अक्टूबर तक ड्यूटी शुरू करने के दो घंटे बाद तक कार्य बहिष्कार किया जाएगा। १५ अक्टूबर को पूर्वाह्न नौ बजे लखनऊ के ईको गार्डन में विशाल धरना-प्रदर्शन प्रस्तावित है। संघ ने चेतावनी दी है कि इसके बाद भी मांगों का समाधान नहीं हुआ तो १६ अक्टूबर से ईको गार्डन में भूख हड़ताल के साथ प्रदेश में एचआईवी/एड्स से संबंधित सेवाएं स्थगित करने का निर्णय लिया जा सकता है। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में नियमितीकरण,नियमितीकरण होने तक नौकरी की सुरक्षा,तीन वर्षों से लंबित २० प्रतिशत अतिरिक्त मासिक पारिश्रमिक का भुगतान,एनएचएम की तर्ज पर ग्रुप टर्म इंश्योरेंस का लाभ, पिछले तीन वर्षों में हटाये गये कर्मचारियों का पुनः समायोजन, १० वर्ष की सेवा पूरी कर चुके कर्मियों को सरकारी नियमित भर्तियों में अतिरिक्त अंक व आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट,पारस्परिक स्थानांतरण व्यवस्था और ड्यूटी से संबंधित अन्य मांगें शामिल हैं। संघ का कहना है कि इन मांगों को लेकर वर्ष २०२३ से शासन स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं,लेकिन अपेक्षित समाधान नहीं होने पर अब आंदोलन का रास्ता अपनाया गया है।

आईआईटी बीएचयू और जर्मनी के वुपर्टाल विश्वविद्यालय के बीच संस्थागत समझौता

संयुक्त शोध, शिक्षक-विद्यार्थी आदान-प्रदान और बहुविषयक अध्ययन को मिलेगा बढ़ावा

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बीएचयू और जर्मनी के बर्गिशे यूनिवर्सिटी वुपर्टाल के बीच शैक्षणिक एवं शोध सहयोग को व्यापक बनाने के लिए संस्थागत स्तर के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। इससे दोनों संस्थानों के बीच पहले से चल रहे विभागीय सहयोग का विस्तार अब संस्थान स्तर पर होगा। यह सहयोग प्रारंभ में दोनों संस्थानों के सिविल इंजीनियरिंग विभागों के बीच शुरू हुआ था। अकादमिक एवं शोध सहयोग को बढ़ावा देने की योजना के अंतर्गत संचालित संयुक्त शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों की सफलता के बाद दोनों संस्थानों ने सहयोग को व्यापक स्वरूप देने का निर्णय लिया। समझौते के तहत विभिन्न विभागों के बीच संयुक्त शोध परियोजनाओं, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के आदान-प्रदान, शैक्षणिक गतिविधियों तथा बहुविषयक शोध को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे सिविल इंजीनियरिंग के साथ इंजीनियरिंग और विज्ञान के अन्य क्षेत्रों में भी सहयोग के नए अवसर विकसित होंगे। समझौते का आदान-प्रदान आईआईटी बीएचयू के निदेशक प्रोफेसर अमित पात्रा ने संस्थान में आयोजित सड़क सतह स्कैनिंग तकनीकों पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला के दौरान किया। इस अवसर पर जर्मनी से आए प्रोफेसर पाहिरंगन शिवापाथम के साथ बर्गिशे यूनिवर्सिटी वुपर्टाल के ११ विद्यार्थियों का दल भी उपस्थित रहा। कार्यशाला में सड़क और सड़क सतह की आधुनिक जांच तकनीकों पर व्यावहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें भू-भेदी रडार तथा यातायात गति विक्षेपमापी जैसी उन्नत तकनीकों के माध्यम से सड़क और सड़क सतह की स्थिति के आकलन पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार की सूचना पर छापा, दो युवती और तीन युवक पकड़े गये


स्पा सेंटर के आड़ में देह व्यापार की सूचना पर मंडुवाडीह पुलिस ने बुधवार की रात्रि में लहरतारा पुल के समीप छापा मारी की। इस दौरान पुलिस ने दो युवती और तीन युवकों को हिरासत में ले लिया। तीनों युवक शराब के नशे में धुत थे। वही आस पास के लोग वहां पहुंच गये। इस संबंध में थाना प्रभारी दिगम्बर उपाध्याय ने बताया कि स्पा सेंटर में देह व्यापार का मामला नहीं था। आस-पास के लोगों ने सूचना दी कि कुछ युवती और युवक नशे में धुत होकर हंगामा कर रहे है। इस सूचना पर पुलिस वहां पहुंची युवक और युवतियां नशे धुत थे जिसपर सभी को पकड़कर थाने ले आये और उनसे पूछताछ किया जा रहा है।

पीपल का डाल टूटकर ई-रिक्शा पर गिरा, तीन लोग घायल

सिगरा थाना क्षेत्र के मलदहिया-इंग्लिशिया लाइन मार्ग पर बुधवार की रात्रि में पीपल का डाल टूटकर ई-रिक्शा पर गिर गया। तीन लोग चोटिल हो गये। अतिवृष्टि के कारण मलदहिया-इंग्लिशिया लाइन मार्ग पर पीपल के वृक्ष की बड़ी डाल गिरने की सूचना पर मैं प्रभारी निरीक्षक सिगरा मय हमराह चौकी प्रभारी विद्यापीठ व अन्य हमराहियान के उद्यान विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों को सूचित कर मौके पर पँहुचा तो ज्ञात हुआ कि अत्यधिक आंधी-पानी के कारण उपरोक्त मार्ग के मध्य पीपल की बड़ी डाल गिरने से दोनों तरफ का मार्ग अवरुद्ध है। डाल गिरने से मौके पर ही एक ई-रिक्शा, वाहन स्वामी- अंजली साहू पत्नी- स्वर्गीय अमित गुप्त डाल के नीचे दबी हुई है। मौके पर मौजूद चालक संजय कुमार गुप्ता पुत्र- स्वर्गीय वीरेंद्र कुमार गुप्ता निवासी उपरोक्त द्वारा बताया गया कि घटना के समय रिक्शा पर तीन सवारियाँ थी, जिन्हें बेहद मामूली चोट आयी हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार हेतु कबीरचौरा अस्पताल भेजा गया है।

एचपीवी टीकाकरण से होगी सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय कर्मचारी स्वास्थ्य संकुल में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम और एचपीवी टीकाकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए संकुल में पंजीकृत बालिकाओं का टीकाकरण किया गया और एचपीवी टीका किट वितरित की गई। श्रीमती चारू चतुर्वेदी ने कहा कि एचपीवी के बारे में जानकारी लेना, टीका



टीकाकरण एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। अभियान का शुभारंभ श्रीमती चारू चतुर्वेदी ने किया। इस दौरान कर्मचारी स्वास्थ्य लगवाना और नियमित स्वास्थ्य जांच कराना शर्म या संकोच का विषय नहीं है, बल्कि स्वस्थ भविष्य की दिशा में जिम्मेदारी भरा कदम है। उन्होंने कम उम्र में एचपीवी टीकाकरण को बालिकाओं के भविष्य के स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण निवेश बताया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि वाइस चांसलर प्रोफेसर अजित कुमार चतुर्वेदी ने स्वास्थ्य जागरूकता और समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक सोच एवं सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि टीकाकरण जैसी पहल बीमारी की रोकथाम के साथ लोगों में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति विश्वास भी बढ़ाती है। कर्मचारी स्वास्थ्य संकुल की मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डाक्टर नीति सिंह ने एचपीवी यानी ह्यूमन पैपीलोमा वायरस से संबंधित जानकारी देते हुए भ्रांतियां दूर कीं। उन्होंने बताया कि एचपीवी संक्रमण सर्वाइकल कैंसर सहित कई प्रकार के कैंसर का कारण बन सकता है। एचपीवी टीकाकरण नौ वर्ष की आयु से कराया जा सकता है और नौ से १४ वर्ष की आयु टीकाकरण के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। इस आयु वर्ग में सामान्यत: दो खुराक दी जाती हैं, जबकि १५ वर्ष या उससे अधिक आयु में चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार तीन खुराक की आवश्यकता हो सकती है। उन्होंने नियमित स्वास्थ्य जांच और स्क्रीनिंग को भी जरूरी बताया। आईएमएस, बीएचयू के निदेशक प्रोफेसर एस. एन. संखवार और सर सुन्दरलाल चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर पुनीत ने भी टीकाकरण और स्वास्थ्य जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रोफेसर रीता सिंह सहित चिकित्सक, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ, शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

बीएचयू में जागरूकता शिविर, बालिकाओं को लगाया गया टीका

चुनौतियों से न घबराएं, अनुशासन और निरंतरता से बनाएं सफलता की राह

कर्मचारी राज्य बीमा निगम हॉस्पिटल एवं मेडिकल कॉलेज (ईएसआईसीएमएच) में मंगलवार को एमबीबीएस बैच २०२६-२७ के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन डे आयोजित हुआ। विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों ने भी सहभागिता की। उन्हें कॉलेज की शैक्षणिक व्यवस्था, नियम-कायदे, अनुशासन और मेडिकल शिक्षा की चुनौतियों से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों व अभिभावकों को कैंपस का भ्रमण भी कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और प्रार्थना से हुआ। डीन डायरेक्टर प्रोफेसर संजय केस्कर ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए चुनौतियों से घबराने के बजाय आत्मविश्वास से उनका सामना करने और अनुभवों से सीख लेने की प्रेरणा दी। एएमएस डॉक्टर पीके राय ने मेडिकल जीवन के संघर्षों, उप चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर प्रशांत ने अनुशासन और संयुक्त निदेशक मुकेश कुमार ने प्रदर्शन में निरंतरता का महत्व बताया। उप निदेशक पीके सिंह ने संस्थान के नियमों की जानकारी दी। चिकित्सा अधीक्षक एवं निदेशक प्रोफेसर दीनानाथ पुजारी ने पिछले बैच की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। ४९ में ३८ विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिनमें २२ प्रथम श्रेणी रहे। एनाटॉमी में ३० और बायोकेमेस्ट्री में २३ विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी हासिल की। हिमांशु गुप्ता, गोविंद यादव और बैच टॉपर परिधि गुप्ता को सम्मानित किया गया। द्वितीय बैच के विद्यार्थियों ने अनुभव साझा किए। अभिभावकों ने अपेक्षाएं रखीं। कार्यक्रम का समन्वय प्रोफेसर गरिमा चौहान ने किया। डाक्टर रेवती मोहनन, डाक्टर राजीव पंवार समेत एमबीबीएस फेज-१ के शिक्षक, अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



क्षय मुक्त काशी – निरोग काशी
क्षय रोग (TB) के लक्षण
समुचित आहार लेने पर भी शरीर का वजन कम होना। * भूख न लगना, अरूचि होना। * दो हफ्तों से अधिक समय तक खाँसी का ठीक न होना। * गहरी सांस लेने, खाँसने, छींक या हँसी आदि से छाती में चुभन सा दर्द। * थोड़ा श्रम करने से भी हाँफना। * हल्का बुखार जो बना रहे। * मुख से बलगम के साथ रक्त आना। * गले में गाँठ का तीन सप्ताह से अधिक समय तक बने रहना।
क्षय रोग उन्मूलन हेतु
सामाजिक संस्था संकल्प द्वारा 26 वर्षों से अनवरत चलने वाला शिविर/अभियान
क्षय मुक्त काशी-निरोग काशी
डॉ0 अश्विनी जैन क्लिनिक,मलदहिया, वाराणसी से प्रत्येक कार्यदिवस में संचालित है।
चिकित्सक
डॉ0 हर्षित जैन डॉ0 आंचल अग्रवाल (जैन)
संकल्प द्वारा प्रचारित व प्रसारित
सहयोग : आज
KG कन्हैयालाल गुलालचन्द सर्राफ
सोने, कुन्दन व हीरे के आभूषणों का अनुपम संग्रह, चांदी के बर्तन, सोने व चांदी के सिक्कों एवम् ग्रह रत्नों की विशाल शृंखला उपलब्ध
चौक (छेरी बाज़ार पार्क के सामने) वाराणसी फोन: 0542 - 2500754
चांदी सिल प्रति किलो- 2,25,000/-
सिक्का प्रति सैकड़ा- 2,63,000/-
सोना स्टैण्डर्ड 10 ग्राम- 1,47,500/-
सोना 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम- 1,38,600/-

वाराणसी **आज** गुरुवार ८ अक्तूबर, २०२६, सौर २१ अश्विन, सं. २०८३ वि.

सुभाषित *क्षमा कमजोर प्राणीकी ताकत है, वहीं बलवानका गहना है। ऐसा कौन-सा काम है जो क्षमाके द्वारा संभव नहीं है। इस शस्त्रके बलपर विश्वविजयी हो सकते हैं।* ❑ **वेदव्यास**

कर्ज हुआ महंगा

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने बुधवारको विगत चार वर्षोंमें पहली बार रेपो रेटमें २५ बेसिस प्वाइंटकी वृद्धि कर दी। रेपो रेट अब ५.२५ प्रतिशतसे बढ़कर ५.५० प्रतिशत हो गया। इसका सीधा अर्थ यह कि कर्ज महंगा हो गया और ईएमआई भी बढ़ जायगी। आने वाले दिनोंमें अभी राहत नहीं मिलने वाली है। कर्ज दरमें फिर वृद्धि हो सकती है। ऐसा पहलेसे ही अनुमान लगाया जा रहा था कि मौजूदा स्थितियोंको देखते हुए रेपो रेट बढ़ाया जा सकता है और आज आरबीआईके गवर्नर संजय मल्होत्राने एमपीसीकी बैठकके बाद रेपो रेटमें वृद्धिकी घोषणा कर दी। इससे उन लोगोंको आघात पहुंचा है, जो सस्ते कर्जकी उम्मीद लगाये बैठे थे। रिजर्व बैंकने महंगीको लेकर बढ़ते जोखिमोंके बीच नीतिगत रुखको और सख्त किया है। विशेष रूपसे युद्धके कारण ग्लोबल कमोडिटी और खाद्य मूल्योंपर दबाव बढ़नेसे भारतीय खुदरा महंगीके लिए जोखिम उत्पन्न हुआ है। रेपो रेटमें वृद्धिसे बैंकोंकी फण्डिंग लागत बढ़ सकती है, जिसका सीधा प्रभाव होम लोन, आटो लोन और अन्य कर्जकी ईएमआईपर पड़ता है। संजय मल्होत्राका मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्थाको मजबूत निजी खपत और मजबूत निवेश गतिविधियोंसे सहारा मिल रहा है। ऐसे संकेत मिले हैं कि दूसरी-तिमाहीमें आर्थिक गतिविधियोंकी रफ्तार बनी हुई है, जबकि पहली-तिमाहीके मुकाबले इसमें कुछ नरमी आयी है। लागत दबावके बावजूद मैन्यूफैक्चरिंग गतिविधियां टिकाऊ बनी हुई है। सर्विस सेक्टरकी गतिविधियां मजबूत और व्यापक आधार वाली हैं। वस्तुत: रिजर्व बैंक रेपो रेटको महंगी बढ़नेसे रोकनेके लिए हथियारके रूपमें इस्तेमाल करता है। जब खुदरा महंगी तेजीसे बढ़ती है तो रिजर्व बैंक रेपो रेट बढ़ाकर कर्जको महंगा करनेका प्रयास करता है। इससे अर्थव्यवस्थामें मांग घटानेमें सहायता मिलती है। नि:सन्देह कर्ज महंगा होने और ईएमआई बढ़नेसे जनताकी दिक्कतें बढ़ती हैं। साथ ही उद्योग व्यापारपर भी इसका प्रभाव पड़ता है। महंगी बड़ी चुनौती है और इसपर रोक लगानेके लिए सरकारको प्रभावी कदम उठानेकी जरूरत है। मांग घटनेसे आर्थिक गतिशीलता प्रभावित होती है। इसलिए आम जनताको राहत पहुंचानेकी दिशामें ठोस प्रयास करने होंगे। आम जनता महंगीसे पहलेसे ही प्रभावित है। अब उसकी दिक्कतें और बढ़ जायंगी।

बेलगाम विमान किराया

त्योहारी सीजनमें हवाई किरायामें वृद्धि कोई नयी बात नहीं है, लेकिन विमानन कम्पनियोंकी बेरोकटोक बढ़ती यह प्रवृत्ति चिन्ताका विषय जरूर है। यात्रियोंकी मजबूरीका नाजायज फायदा उठाते हुए उनका शोषण किया जाना किसी भी रूपमें उचित नहीं माना जा सकता है। इस बार भी दीपावली और छठ पूजापर घर जाने वाले लोगोंसे मोटी रकम वसूली जा रही है। खासकर बिहारको जोड़ने वाले छह प्रमुख मार्गोंपर हवाई किरायामें जरूरतसे ज्यादा उछाल देखनेको मिल रहा है जिसपर सरकारको सख्त कदम उठानेकी जरूरत है। छठ पर्व बिहारका प्रमुख पर्व है, जिसमें शामिल होनेके लिए बिहार एवं सीमावर्ती राज्यके जिलोंके निवासी जहां घर पहुंचनेकी तैयारमें जुटे हैं, वहीं ट्रेनोंमें टिकटकी कमी और लम्बी प्रतीक्षा सूचीके चलते विमानन कम्पनियां लोगों जेब ढीली करनेमें जुटी है। देशके करीब २० प्रमुख मार्गोंपर हवाई किराया तीन गुनातक बढ़ गया है। आनलाइन टिकट बुकिंग सेवा मंचोंके आंकड़े हैरान करने वाले हैं। इसके अनुसार मुम्बई-पटना मार्गपर मंगलवारको जो किराया करीब ७६९४ रुपये था वहीं छह नवम्बरको २४,२६२ रुपये और सात नवम्बरको करीब २५,१५४ रुपयेमें बुक हो रहा है, जो विमानन कम्पनियोंकी मनमानीको दर्शाता है। यही स्थिति दिल्ली-पटना मार्गपर भी है जहां किराया छह नवम्बरके लिए १३,५८४ रुपये और सात नवम्बरके लिए १७,४७७ रुपयेतक पहुंच गया है, जो मंगलवारको ६,३१४ रुपये था। चौंकाने वाली बात यह है कि शुक्रवार और शनिवारके लिए हवाई यात्रियोंसे ज्यादा वसूली हुई है, जो सिर्फ अनुमानपर आधारित है। विमानन कम्पनियोंने त्योहारी सीजनमें शुक्रवार और शनिवारको यात्राकी मांग ज्यादा रहनेकी सम्भावनाको देखते हुए टिकटोंके दाममें वृद्धि की है, जो इस बातका संकेत है कि हवाई किराया बेलगाम है। यह सिलसिला २० नवम्बरतक जारी है। इस बीच पड़ने वाले शुक्रवार और शनिवारको भी कई मार्गोंपर किराया अन्य दिनोंकी अपेक्षा अधिक है। इसके विरुद्ध सरकारको सख्त कदम उठानेकी जरूरत है, ताकि विमानन कम्पनियोंपर अंकुश लगाया जा सके और हवाई यात्रियोंको शोषणसे बचाया जा सके।

लोक संवाद

सूचना युद्धका अर्थ

महोदय,- आज सोशल मीडिया हमारे जीवनका महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, ह्वाट्सएैप और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्मके माध्यमसे लोग कुछ ही सेकंडमें देश-दुनियाकी जानकारी प्राप्त कर लेते हैं। सोशल मीडियाने सूचनाके आदान-प्रदानको आसान बनाया है, लेकिन इसके साथ कुछ गम्भीर चुनौतियां भी सामने आयी हैं। अब सूचनाका इस्तेमाल केवल लोगोंको जानकारी देनेके लिए नहीं, बल्कि उनकी सोच और भावनाओंको प्रभावित करनेके लिए भी किया जा सकता है। इसी कारण सूचना युद्ध आज राष्ट्रीय सुरक्षाका एक महत्वपूर्ण विषय बन गया है। सूचना युद्धका अर्थ है ऐसी सूचनाओंका इस्तेमाल करना, जिनके माध्यमसे लोगोंकी सोच, भावनाओं, विश्वास और निर्णयोंको प्रभावित किया जा सके। इसमें झूठी खबर, आधी-अधूरी जानकारी आदि शामिल हैं। **-सौरभ, वाया ईमेल।**

संवैधानिक आजादीके मायने

कई महीनोंसे मतदाता सूचीमें एसआईआरने मतदाताओंको परीक्षामें डाल रखा है। सर्वोच्च न्यायालयमें केन्द्रीय चुनाव आयोगके फैसले लेनेके तौर-तरीकेपर सवाल उठाये हैं कि क्या विशेष एसआईआर प्रशासनिक रूपसे सुस्पष्ट है। क्या कुछ विवादित काम कानूनी तौरपर केन्द्रीय चुनाव आयोगके फैसले थे भी या नहीं।

❑ **एस. वाई. कुरैशी**

न्यायालयमें एसएआरके मामलेमें उन याचिकाओंपर सुनवाई कर रहा था जो इन खबरोंसे जुड़ी थीं कि चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशीने आयोगके नामपर लिये गये फैसलों या कामोंपर कमसे कम १४ बार आपत्तियां जतायी थीं। वरिष्ठ वकील विकास सिंहने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमारको तुरंत पदसे हटानेकी मांग की। न्यायालयने इसे अस्वीकार करके सही किया कि केवल अखबारकी खबरोंके आधारपर और एकतरफा तौरपर ऐसा असाधारण कदम नहीं उठाया जा सकता। लेकिन इसके बाद जस्टिस सूर्यकांतने कहा कि उम्मीद की जाती है कि आयोगके फैसले आम सहमतिसे हों। जहां आम सहमति संभव न हो, वहां निर्णय बहुमतके आधारपर हो। न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागचीने कहा कि यदि रिकॉर्डसे पता चलेगा कि कुछ निर्णय विशेष इस नियमके उलट लिये गये थे तो अदालत उनपर रोक लगा सकती है, उन्हें अधिकार-क्षेत्रसे बाहर घोषित कर सकती है। अब एक नोटिस जारी किया गया है, विसंगति साबित करनेमें संबंधित लोगोंका पक्ष सुना जाय। लेकिन विवादका स्वरूप पूरी तरह बदल गया है। अब सवाल सिर्फ यह नहीं रहा कि क्या विशेष गहन पुनरीक्षण प्रशासनिक रूपसे सुस्पष्ट है। इससे भी पहले एक सवाल उठता है, क्या कुछ विवादित काम कानूनी तौरपर केन्द्रीय चुनाव आयोगके फैसले थे भी या नहीं।

केन्द्रीय चुनाव आयोगको अनुच्छेद ३२४ के तहत काफी अधिकार प्राप्त हैं, लेकिन संवैधानिक आजादीका मतलब कानूनसे आजादी नहीं है। वह संस्था जो चुनावी कानूनोंका पालन करनेकी मांग करती हो, उसे खुद भी मिसाल पेश करने वाला आचरण दिखाना चाहिए। नि:संदेह चुनाव आयोग व्यक्ति न होकर एक संस्था है। इसकी विश्वसनीयता दशकोंमें उन आयुक्तों, अधिकारियों, मतदान कर्मियों और मतदाताओंने बनायी है। संसदने तीन सदस्यों वाला आयोग बनाया है और यह तय किया है कि असहमति होनेपर फैसला बहुमतके आधारपर लिया जायगा।

२०२३ के कानूनकी धारा-१८ स्पष्ट है। इसका मुख्य कामकाज आम सहमतिसे होना चाहिए। जहांपर आयुक्तोंकी राय अलग-अलग हो तो फैसला बहुमतके आधारपर लिया जाय। यह सिद्धांत 'मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों' से भी पुराना है (संदर्भ- नियुक्ति, सेवाकी शर्तें और कार्यकाल अधिनियम)। मुख्य चुनाव आयुक्त एक अध्यक्ष है, न कि एक कमांडर। सर्वोच्च न्यायालयने टीएन शेषन मामलेमें भी यही कहा था। तीन सदस्यों वाली संवैधानिक संस्थामें, दो सदस्योंकी एक जैसी राय ही बहुमत है। किसी सामूहिक संस्थाके भीतर मतभेद होना सामान्य है, यहांतक कि जब सब 'ठीक' हो। जो चीज मायने रखती है, वह यह कि बादमें क्या होता है। यदि आयुक्त 'अ' कोई एक प्रस्ताव रखता है और बाकी दो 'भिन्न राय' दर्ज करते हैं तो 'अ' के प्रस्तावको 'केन्द्रीय चुनाव आयोग'का फैसला नहीं कहा जा सकता। फॉर्म-६ मतदाता पंजीकरण नियम, १९६० के तहत एक कानूनी प्रपत्र है। रिपोर्टसे पता चला कि आयुक्त जोशीने मईमें एक प्रशासनिक निर्देशके जरिये एसआईआरकी ज़रूरतोंमें अतिरिक्त प्रावधान जोड़नेपर आपत्ति जतायी थी। यह कहकर कि कानूनी फॉर्ममें बदलावके लिए पहले नियमोंमें संशोधनकी जरूरत है। खबरोंके मुताबिक कमिश्नर संधू भी इससे सहमत थे। फिर भी बदली हुई ऑनलाइन प्रक्रिया ईसीआई नेटपर दिखाई दी। सोमवारको मामला नये मोड़पर पहुंचा, जब फॉर्म-६ में बदलावका मुद्दा उठाया गया। मुख्य न्यायाधीशने साफ किया कि सर्वोच्च न्यायालयने इसका अनुमोदन नहीं किया था। यह भी कि अदालत इस बातकी जांच करेगी कि किसने क्या बदलाव किया है। अब यही सवाल केन्द्रमें हो गया है।

विशेष गहन पुनरीक्षणके बाद 'फॉर्म-६' ने एक और दिलचस्प भूमिका ले ली है। आयोगने उन राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशोंके अधिकारियोंको निर्देश दिया है, जहां एसआईआर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है कि वे पुरानी और संशोधित वोटर लिस्टकी तुलना करें। फिर उन पात्र मतदाताओंकी पहचान की जाय जिनके नाम लिस्टसे हटाये गये हैं। उन्हें फिरसे शामिल करनेमें मदद करें। यह सुधारात्मक कदम बहुत अच्छा है। लेकिन जिस मतदाताका नाम १०, २० या ३० सालसे वोटर लिस्टमें था और एसआईआरके दौरान हटाया गया, उसे नये मतदाताओंके लिए बने फॉर्मका इस्तेमाल करने और यह झूठा बयान देनेके लिए क्यों और कैसे कहा जा सकता है कि वह पहली बार नाम जुड़वानेके लिए आवेदन कर रहा है-नियमोंके अनुसार ऐसा आपराधिक कृत्य है, जिसमें एक सालतक जेलकी सजा हो सकती है। सूचीसे हटाया गया मतदाता नया मतदाता नहीं होता। उसे लिस्टमें वापस शामिल किये जानेकी जरूरत है, न कि पहली बार पंजीकरण की। यदि मौजूदा फॉर्म इसके लिए सही नहीं हैं तो नियमोंमें बदलाव करके एक नया फॉर्म बनाया जाना चाहिए।

पश्चिम बंगालका मामला बड़ा संस्थागत सवाल खड़ा करता है। जांच-पड़तालकी प्रक्रियाके जरिये २७.१६ लाख मतदाताओंके नाम हटाये जानेके बाद, खबरोंके अनुसार २२.२१ लाख लोगोंने नाम वापस जुड़वानेके लिए अपील की गयी है। इसके अलावा १६.१० लाख अपीलें वे मिलीं, जिनमें उन नामोंको चुनौती दी गयी, जो मतदाता सूचीमें शामिल किये गये। खबरोंके मुताबिक कमिश्नर संधूने फाइलपर पूछा था कि 'केन्द्रीय चुनाव आयोग' की ओरसे यह अपीलें दायर करनेके लिए कौन अधिकृत था। सवालका पूरा जवाब मिलना चाहिए। गोवाका मामला भी ऐसा ही है, जहां मतदाता सूची पंजीकरण अधिकारियोंने ९७ मतदाताओंको लिस्टमें वापस शामिल किये जानेके योग्य पाया, लेकिन केन्द्रीय स्तरपर नियंत्रित सॉफ्टवेयरने अंतिम वोटर लिस्ट प्रकाशित होनेसे पहले उन्हें वापस शामिल करनेकी इजाजत नहीं दी। सॉफ्टवेयर कानूनी अधिकारियोंके फैसलोंसे ऊपर नहीं हो सकता। ईसीआई नेट एक समानांतर चुनाव अधिकार संस्था नहीं बन सकता।

केन्द्रीय चुनाव आयोगने २६ सितंबरकी प्रेस विज्ञप्तिमें कई सुधारोंकी घोषणा की है- बैठकोंसे पहले एजेंडा बताया जायगा, फैसलोंकी जानकारी सार्वजनिककी जायगी, आईटी टीमों द्वारा किये गये बदलावोंकी संस्थागत स्तरपर जांच होगी, चुनाव आयुक्तोंके निर्देशोंका सख्तीसे पालन किया जायगा। ईसीआई नेटको चुनावी कानूनोंके अनुरूप बनानेपर समीक्षा की जायगी। लेकिन हर सुधार अतीतके बारेमें एक सवाल खड़ा करता है। ऐसे सुरक्षा उपाय पहलेसे स्वचालित क्यों नहीं थे। केन्द्रीय चुनाव आयोगका यह कहना है कि उसके फैसले सर्वसम्मतिसे लिये गये थे और रायमें भिन्नता भी चर्चाका एक अंग होती है। इसीलिए अपनी इस बचाव मुद्राको अब रिकॉर्डसे साबित करे। सर्वोच्च न्यायालयने मामलेपर पहलेसे कोई राय नहीं बनायी है। यानी फाइलोंको सच बताने दें। भारतको एक पारदर्शी संस्थागत बहीखातेकी जरूरत है-आयोगके सामने क्या प्रस्ताव रखे गये, उसे किसने मंजूरी दी, किसने असहमति जतायी, अंतमें क्या फैसला हुआ और किसके अधिकारसे उसे लागू किया गया। नि:संदेह केन्द्रीय चुनाव आयोगको अनुच्छेद ३२४ के तहत काफी अधिकार प्राप्त हैं, लेकिन संवैधानिक आजादीका मतलब कानूनसे आजादी नहीं है। वह संस्था जो चुनावी कानूनोंका पालन करनेकी मांग करती हो, उसे खुद भी मिसाल पेश करने वाला आचरण दिखाना चाहिए। नि:संदेह चुनाव आयोग व्यक्ति न होकर एक संस्था है। इसकी विश्वसनीयता दशकोंमें उन आयुक्तों, अधिकारियों, मतदान कर्मियों और मतदाताओंने बनायी है, जिन्हें भरोसा था कि अंपायर अपने ही नियमोंका पालन करते हैं। नि:संदेह एक बातपर किसी फैसलेकी जरूरत नहीं है, संसदने तीन सदस्यों वाला आयोग बनाया है और यह तय किया है कि असहमति होनेपर फैसला बहुमतके आधारपर लिया जायगा। वहां एक व्यक्ति खुद अपने आपमें संस्थाकी जगह नहीं ले सकता। जब कोई काररवाई मतदाता और चुनाव आयोगके नामपर की जाय तो लोकतंत्र एक सरल सवाल पूछनेका हकदार है, फैसला किसका था।

बढ़ते ग्लेशियर झीलोंसे संकट

ग्लेशियर एक दशक पहलेकी तुलनामें तेजीसे पिघल रहे हैं। इससे जल सुरक्षापर खतरा मंडरा रहा है, क्योंकि सदीके मध्यतक यह इलाका 'पीक वॉटर' अथवा पानीकी उपलब्धताके अधिकतम स्तरपर पहुंच जायगा।

❑ **मुकुल व्यास**

वैश्विक पटलपर ग्लेशियरकी स्थिति असमान्य रूपसे बदली है। इससे पीक वॉटरकी स्थितिमें नदीका बहाव अचानक बढ़ना बंद हो जाता है और तेजीसे घटने लगता है। इससे पानीकी सुरक्षापर गहरा असर पड़ेगा। पिघलते ग्लेशियर ऊंचे हिमालयके स्वरूपको बदल रहे हैं। वहां ग्लेशियर झीलें तेजीसे बढ़ रही हैं और उनका आकार भी फैल रहा है। जलवायु परिवर्तन दरअसल दुनियाके सबसे ऊंचे इलाकोंको बदल रहा है, इसलिए इस बदलावपर बारीकीसे नजर रखनेकी जरूरत है। एक नये अध्ययनमें हिमालयमें हो रहे परिवर्तनका खुलासा किया गया है। यह अध्ययन प्रागकी चार्ल्स यूनिवर्सिटीकी रिसर्चरने किया है। लगभग तीस सालोंके उपग्रह पर्यवेक्षणके आधारपर १९९४ और २०२३ के बीच भारतके पश्चिमी हिमालयमें अलकनंदा बेसिनकी ७४ ग्लेशियर झीलोंमें हुए बदलावोंको ट्रैक करनेके लिए लैंडसैट और सेंटिनल-२ की तस्वीरोंका इस्तेमाल किया। इससे जो तस्वीर हमारे सामने आती है, वह तेजीसे बदलते लैंडस्केपकी है। जैसे-जैसे ग्लेशियर पिघलते हैं, उनका पिघला हुआ पानी अधिक ऊंचाई वाली झीलोंको भरता है और नयी झीलें बनाता है। सही हालात होनेपर ये झीलें एक साथ बहुत बड़ी मात्रामें पानी छोड़ सकती हैं। अध्ययनसे पता चला कि हिमालयमें पुरानी झीलें बढ़ रही हैं और नयी झीलें बन रही हैं। अध्ययनमें शामिल ०.०१ वर्ग किलोमीटरसे बड़ी २४ ग्लेशियर झीलोंमें झीलोंका कुल क्षेत्रफल १९९४ में ०.९७ वर्ग किलोमीटरसे बढ़कर २०२३ तक १.६२ वर्ग किलोमीटर हो गया। यह सिर्फ तीन दशकोंमें ६७ प्रतिशतकी वृद्धि है। लेकिन मौजूदा झीलोंका बढ़ना ही सब कुछ नहीं है। अध्ययनमें ५७ बिल्कुल नयी ग्लेशियर झीलोंकी पहचान की गयी, जो अध्ययनके दौरान बनीं, जिससे अलकनंदा बेसिनमें कुल झीलोंकी संख्या १३१ हो गयी। इन नयी झीलोंमेंसे १८ झीलें पहले ही ०.०१ वर्ग किलोमीटरके पैमानेसे बड़ी हो चुकी हैं। कुछ झीलें तो चौंकाने वाली रफ्तारसे फैली हैं। वसुंधरा झील १९९४ और २०२३ के बीच २६१ प्रतिशत बढ़ी। इसी दौरान बलबाला झील ११९ प्रतिशत बढ़ी।

मुख्य आंकड़ोंके अलावा, अध्ययनमें २७ ऐसी ग्लेशियर झीलोंकी पहचान की गयी, जिनमें बहुत ज्यादा वृद्धि देखी गयी। इनमें बद्रीनाथके ऊपरकी ओर स्थित एक झील भी शामिल है। वसुंधरा झीलके तेजीसे फैलनेपर विशेष रूपसे बारीकीसे ध्यान देनेकी जरूरत बतायी गयी है। ग्लेशियर वाली झीलके आकार और स्थिरतामें बदलावका सीधा असर नीचेके इलाकोंपर पड़ सकता है। रिसर्चरका कहना है कि इन झीलोंकी लगातार निगरानी और आगे और ज्यादा विस्तारसे जांचकी जरूरत है। दरअसल मुख्य चिन्ता ग्लेशियर झीलोंमें अचानक बाढ़को लेकर है। इस तरहकी बाढ़को 'ग्लेशियर लेक आउटबर्स्ट फ्लड' (जीएलओएफ) भी कहा जाता है। यह स्थिति तब बनती है, जब बर्फ, चट्टान या मलबेसे रुकी हुई पानीकी भारी मात्रा अचानक छूट जाती है और पानी, कीचड़ और मलबेको बहुत तेज और विनाशकारी ताकतके साथ नीचेकी ओर बहा ले जाती है। यह अध्ययन ऐसे समयमें आया है, जब नेपालमें २६ अगस्त, २०२६ को आई भयानक बाढ़के बाद राहत और बचावका काम चल रहा है। वह आपदा कोई आम जीएलओएफ नहीं थी, लेकिन इसने दिखाया कि ऊंचे पहाड़ोंमें अचानक आने वाली बाढ़के नतीजे कितने गम्भीर हो सकते हैं।

हालकी बाढ़ इस बातकी याद दिलाती है कि ऊंचे पहाड़ी इलाकोंकी लगातार निगरानी कितनी जरूरी है, जहां भारी बारिश, ग्लेशियर झीलका बढ़ना, ढलानका अस्थिर होना और भूकम्प जैसी कई आपदाएं एक साथ मिलकर नीचेके इलाकोंपर असरको और बढ़ा सकती हैं। बड़े और दुर्गम इलाकोंकी जांच-पड़तालके लिए उपग्रह डेटा बहुत कामका होता है। इनसे हम नयी बनी झीलोंकी पहचान कर सकते हैं, झीलके आकारमें बदलावको माप सकते हैं, तेजीसे बढ़ रही झीलोंका पता लगा सकते हैं और उन झीलोंको चुन सकते हैं, जिनकी विस्तृत जांचकी जरूरत है। इस कामके लिए बड़े पैमानेपर लॉजिस्टिकल सपोर्ट और आर्थिक मददकी जरूरत है, जिसमें सीमाओंके पार वैज्ञानिक सहयोग और डेटा शेयरिंग भी शामिल है। इसे एक साझा क्षेत्रीय चिन्ताके तौरपर देखा जाना चाहिए। यह बात इस चुनौतीकी असल जड़ है। हिमालय कई देशोंमें फैला हुआ है। किसी एक देशके पहाड़ोंमें बनने या बढ़ने वाली ग्लेशियर वाली झील अपनी सीमाओंसे दूरके समुदायों और बुनियादी ढांचेके लिए भी खतरा पैदा कर सकती है। नेपालमें हालमें आयी बाढ़ इस बातका एक बड़ा उदाहरण है कि कैसे ऊंचे पहाड़ोंसे जुड़ा खतरा तेजीसे मानवीय संकटमें बदल सकता है। नये सैटेलाइट डेटासे पता चलता है कि उत्तर भारतके पहाड़ोंमें भी इसी तरहके खतरे चुपचाप बढ़ रहे हैं। फिलहाल यह शोध शोधकर्ताओंको कुछ ऐसी जानकारी देती है, जो उन्हें इस दुर्गम और मुश्किल इलाकेमें शायद ही कभी मिलती है। इस स्टडीसे तीन दशकोंका यह स्पष्ट रिकॉर्ड मिला है कि जमीनका स्वरूप ठीक कहां और कितनी तेजीसे बदल रहा है। क्या इस जानकारीसे लगातार जमीनी जांच और सीमा-पार सहयोगको बढ़ावा मिलेगा। यह एक कठिन सवाल है। फिर भी इस जानकारीसे यह तय करनेमें मदद मिल सकती है कि यह इलाका खतरोंसे निबटनेके लिए कितना तैयार है। अगली तेजीसे फैलती झील समुदायोंको बचनेका ज्यादा मौका नहीं देगी। इस बीच इस महीने जारी एक अन्य शोधके अनुसार, हिमालय एक अहम मोड़पर पहुंच रहा है, क्योंकि ग्लेशियर एक दशक पहलेकी तुलनामें तेजीसे पिघल रहे हैं। इससे जल सुरक्षापर खतरा मंडरा रहा है, क्योंकि सदीके मध्यतक यह इलाका 'पीक वॉटर' अथवा पानीकी उपलब्धताके अधिकतम स्तरपर पहुंच जायगा। पीक वॉटरकी स्थितिमें नदीका बहाव बढ़ना बंद हो जाता है और घटने लगता है। इससे पानीकी सुरक्षापर गहरा असर पड़ेगा। चूंकि भारतकी जीडीपीका २० प्रतिशतसे ज्यादा हिस्सा हिमालयपर निर्भर है, इसलिए यह इलाका देशके राष्ट्रीय आर्थिक ढांचेका एक अहम हिस्सा है, जिसपर करोड़ों लोग निर्भर हैं।

आत्मबोध

क्रोधकी सचाई

❑ **गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर**

जो लोग भी क्रोध करते हैं, वह सिर्फ सचाईको ही आधार मान कर क्रोधित होते हैं। लेकिन सचाईकी कल्पना करना काफी सीमित है। इस दुनियामें सभी प्रकारकी चीजें होती है और आपको सिर्फ धैर्य रखनेकी आवश्यकता है। सचाईकी कामना करना और यह कहते रहना कि मुझे सच्चा रहना है और मैं चाहता हूं कि सभी अभी ही सच्चे बन जायं, यह संभव नहीं है। सब सच्चे और अच्छे रहे, यह कामना करना ठीक है, लेकिन आपको लोगोंको लंबा समय देना चाहिए। धैर्यके साथ सचाईकी कामना करें फिर क्रोध हावी नहीं होगा। अन्यथा जब आप कहते हैं, मैं सच्चा हूं और फिर जब यह मांग करते हैं, मुझे यह चाहिए, फिर क्रोध आता है और जब क्रोध आता है फिर आप अपनी सचाई और अच्छाईको स्वयं ही गंवा देते हैं। जब आप क्रोधित होते हैं तो यह उतना ही बुरा है, जैसे कोई व्यक्ति बुरा कर रहा हो। यदि किसीने यह स्थानको साफ नहीं किया और यहां सिर्फ गंदगी है। आप यहांपर आते हैं और क्रोधित हो जाते हैं। उस व्यक्तिने एक गलती करी है, उसने सफाई नहीं करी क्या यह ठीक है। लेकिन उसपर आपका परेशान होना और चिल्लाना एक दूसरी गलती है। दो गलतियां एक गलतीको ठीक नहीं कर सकती। यदि किसीने कोई गलती की है तो उसे धैर्यके साथ दो-तीन बार समझायें और शिक्षित करें। शिक्षक होनेके लिए आपमें बहुत धैर्य होना चाहिए। स्कूलके शिक्षकोंके सामने यह एक चुनौती है। वह बच्चोंको वहीं बात दस बार बताते हैं, लेकिन बच्चे फिर भी नहीं सुनते। बच्चोंमें ध्यानकी कमीका सिंड्रोम होता हैं। बच्चे उसपर ध्यान नहीं देते। इसलिए धैर्यकी आवश्यकता होती है। धैर्य एक गुण या खूबी होती है। वह छह संपत्तियोंमेंसे एक है। शम (मन की शांति), दम (आत्म संयम या स्वयंपर नियंत्रण), उपरति (सांसारिक सुखों और वस्तुओंसे दूरी), तितिक्षा (धैर्यकी शक्ति या सहनशीलता), श्रद्धा (विश्वास) और समाधान (आत्म संतुलन या मनका केंद्रित होना)। समाधान, संतोष और धैर्य पानेके लिए होता है। यह अत्यंत आवश्यक है। कुछ श्वासकी प्रक्रिया, प्राणायाम एवं ध्यान मनको शांत करनेके लिए अत्यंत प्रभावशाली हैं। श्वासके बारेमें जानना बहुत आवश्यक है। मनकी हर लयके अनुसार एक विशेष श्वासकी लय होती है और श्वासकी हर लयके अनुसार एक विशेष भावना पैदा होती है। तो जब आप अपने मनपर सीधे नियंत्रण नहीं कर पाते, तब श्वासके द्वारा मनको बेहतर तरीकेसे नियंत्रित कर सकते हैं।

सिमटते वन्यजीवनके संरक्षणकी चुनौती

❑ **योगेश कुमार गोयल**

प्रकृतिने पृथ्वीपर जीवनका ऐसा अद्भुत ताना-बाना बुना है, जिसमें जंगल, नदियां, पर्वत, घासभूमियां, आर्द्रभूमियां, समुद्र, पशु-पक्षी, कीट-पतंगे और मनुष्य सभी एक-दूसरेसे गहरे जुड़े हैं। इस पारिस्थितिक श्रृंखलाकी किसी एक कड़ीके कमजोर पड़नेका प्रभाव अंतत: पूरी व्यवस्थापर पड़ता है। इसी बुनियादी सत्यको जन-जनतक पहुंचाने और वन्यजीवों तथा उनके प्राकृतिक आवासोंके संरक्षणके प्रति जागरूकता बढ़ानेके उद्देश्यसे भारतमें प्रतिवर्ष दोसे आठ अक्तूबरतक राष्ट्रीय वन्यजीव सप्ताह मनाया जाता है। वर्ष २०२६ का संदेश जुड़े आवास, वन्यजीवनका विकास विशेष रूपसे महत्वपूर्ण है, जो वन्यजीव संरक्षणकी बदलती समझको रेखांकित करता है। अब केवल किसी बाघ, हाथी, तेंदुए या किसी संकटग्रस्त पक्षीकी संख्या बढ़ा देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसके लिए ऐसा विस्तृत और सुरक्षित परिदृश्य जरूरी है, जहां वह भोजन, पानी और आश्रय प्राप्त कर सके, प्रजनन कर सके तथा अपनी प्राकृतिक प्रवृत्तिके अनुसार एक क्षेत्रसे दूसरे क्षेत्रतक निर्बाध आवाजाही कर सके।

राष्ट्रीय वन्यजीव सप्ताहकी वैचारिक शुरुआत १९५२ में भारतीय वन्यजीव बोर्डके गठनके बाद हुई थी। हालांकि सप्ताहभरके आयोजनका स्वरूप बादमें विकसित हुआ और १९५५ में वन्यजीव दिवस जैसे आयोजनोंके बाद १९५७ तक यह अक्तूबरके प्रथम सप्ताहमें वन्यजीव सप्ताहके रूपमें स्थापित हुआ। बादमें इसे २ से ८ अक्तूबरके बीच मनानेकी परम्परा मजबूत हुई। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के अनुसार, दुनियाकी अनुमानित लगभग ८० लाख पौधों और पशु प्रजातियोंमें करीब दस लाख प्रजातियां विलुप्तिके खतरेमें हैं। प्रकृतिके क्षरण और जैव-विविधतामें गिरावटका सीधा असर भोजन, जल, स्वास्थ्य, आजीविका और मानव कल्याणपर पड़ रहा है। अत: वन्यजीव संरक्षणको केवल जंगलों या वन विभागकी जिम्मेदारी मानना गम्भीर भूल होगी।

भारत इस वैश्विक जैव-विविधता संकटके बीच विशिष्ट स्थान रखता है। हिमालयसे लेकर पश्चिमी घाटतक, थारके मरुस्थलसे सुंदरबनके मैंग्रोवतक और गंगा-ब्रह्मपुत्रके मैदानोंसे लेकर अंडमान-निकोबारतक भारतके विविध पारिस्थितिक तंत्र असंख्य वन्यजीव प्रजातियोंको आश्रय देते हैं। भारतमें २०२५ तक संरक्षित क्षेत्रोंकी संख्या ११३४ हो चुकी थी जबकि ५८ टाइगर रिजर्व और ३३ हाथी रिजर्व संरक्षण तंत्रका महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। पारिस्थितिक संपर्क बनाये रखनेके लिए ३२ बाघ गलियारे और १५० हाथी गलियारे भी चिह्नित किये गये हैं। वन्यजीव संरक्षणके क्षेत्रमें भारतकी कुछ उपलब्धियां उत्साहजनक हैं। २०२२ के अखिल भारतीय बाघ आकलनमें देशमें बाघोंकी औसत अनुमानित संख्या ३६८२ रही, जो २०१८ के २९६७ से उल्लेखनीय वृद्धि है। इसी तरह स्टेटस आफ लेपर्ड्स इन इंडिया २०२२ के अनुसार देशमें तेंदुओंकी अनुमानित संख्या १३,८७४ थी। हालके वैज्ञानिक आकलनोंमें पहली बार देशमें हिम तेंदुओं और नदी डॉल्फिनकी राष्ट्रीय स्तरपर संख्या भी सामने आयी, क्रमश: लगभग ७१८ और ६३२७। ये उपलब्धियां बताती हैं कि वैज्ञानिक निगरानी, कानून, संरक्षित क्षेत्रों और दीर्घकालिक संरक्षण परियोजनाओंका परिणाम सकारात्मक हो सकता है। लेकिन संख्या बढ़ना ही पूरी सफलता नहीं है। यदि वन्यजीवोंके आवास सिकड़ते और खंडित होते रहें तो बढ़ती आबादी भी नये संकट पैदा कर सकती है। सड़कें, रेल लाइनें, बिजलीकी लाइनें, खनन, बांध, अनियोजित शहरीकरण और कृषि विस्तार जंगलोंको टुकड़ोंमें बांट देते हैं। ऐसी स्थितिमें वन्यजीवोंके पारम्परिक मार्ग बाधित होते हैं और वे भोजन-पानीकी तलाशमें मानव बस्तियोंकी ओर जाने लगते हैं। पर्यावरण मंत्रालय भी स्वीकार करता है कि आवास विखंडन, गलियारोंमें विकासगत व्यवधान और मानव आबादीके विस्तार जैसे कारण संघर्षको बढ़ाते हैं। इसलिए २०२६ की थीमका सबसे महत्वपूर्ण संदेश यही है कि संरक्षणका भविष्य द्वीपोंमें नहीं, जुड़े हुए परिदृश्योंमें है। राष्ट्रीय मानव-वन्यजीव संघर्ष न्यूनीकरण रणनीति भी स्पष्ट करती है कि महत्वपूर्ण वन्यजीव गलियारों, प्रवासन मार्गों और आवाजाहीके रास्तोंकी पहचान, वैज्ञानिक मानचित्रण और सुरक्षा दीर्घकालिक संरक्षणके लिए अनिवार्य है। जहां विकास परियोजनाएं अपरिहार्य हों, वहां अंडरपास, ओवरपास और अन्य पर्यावरण-अनुकूल उपायोंके माध्यमसे वन्यजीवोंकी आवाजाही बनाये रखना आवश्यक है।

भारतने वन्यजीव संरक्षणके लिए मजबूत कानूनी और संस्थागत ढांचा विकसित किया है। वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, १९७२ देश का प्रमुख केन्द्रीय कानून है, जिसका उद्देश्य वन्य पशुओं, पक्षियों और पौधोंकी सुरक्षा तथा देशकी पारिस्थितिक और पर्यावरणीय सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इंडिया कोड २०२२ के संशोधनने संरक्षण व्यवस्थाको बदलती अंतरराष्ट्रीय आवश्यकताओंके अनुरूप आगे बढ़ाया। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण, भारतीय वन्यजीव संस्थान, वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो तथा विभिन्न परियोजनाएं इस व्यापक संरक्षण तंत्रके महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। वन और वृक्ष आवरणकी दृष्टिसे भी कुछ सकारात्मक संकेत हैं। इंडिया स्टेट आफ फॉरेस्ट रिपोर्ट २०२३ के अनुसार देशका कुल वन एवं वृक्ष आवरण ८,२७,३५६.९५ वर्ग किलोमीटर यानी भौगोलिक क्षेत्रका लगभग २५.१७ प्रतिशत है। इसमें ७,१५,३४२.६१ वर्ग किलोमीटर वन आवरण और १,१२,०१४.३४ वर्ग किलोमीटर वृक्ष आवरण शामिल है। वन्यजीव सप्ताहका एक महत्वपूर्ण पक्ष जन-भागीदारी है। २०२६ में राष्ट्रीय प्राणी उद्यान, नयी दिल्ली सहित अनेक संस्थानोंने पक्षी भ्रमण, तितली एवं ड्रैगनफ्लाई वॉक, प्रकृति भ्रमण, विशेषज्ञ व्याख्यान, प्रश्नोत्तरी, निबंध, पोस्टर, चित्रकला और नागरिक-विज्ञान आधारित गतिविधियोंका आयोजन किया है। इसका उद्देश्य बच्चों और युवाओंको केवल वन्यजीवोंके बारेमें जानकारी देना नहीं, बल्कि उन्हें प्रकृतिके प्रत्यक्ष अनुभवसे जोड़ना है। वास्तवमें वन्यजीव संरक्षणकी सबसे मजबूत नींव कानूनसे पहले समाजकी संवेदनामें बनती है। स्थानीय समुदायोंको संरक्षणका भागीदार बनाना, जंगलोंपर निर्भर लोगोंकी आजीविका सुरक्षित करना, वन्यजीव अपराधोंपर कठोर काररवाई करना और विकास परियोजनाओंकी पर्यावरणीय लागतको गम्भीरतासे आंकना समयकी मांग है।

आज जब जलवायु परिवर्तन, भूमि उपयोग परिवर्तन और जैव-विविधता ह्रास एक साथ पृथ्वीके भविष्यको प्रभावित कर रहे हैं, तब वन्यजीव सप्ताह महज सात दिनोंका जागरूकता अभियान नहीं रह सकता, बल्कि यह हमें याद दिलाता है कि बाघका जंगल, हाथीका गलियारा, पक्षियोंकी आर्द्रभूमि, गिद्धोंका आकाश, डाल्फिनकी नदी और मनुष्यकी बस्ती-सभी एक ही जीवन-तंत्रके हिस्से हैं। यदि इनके बीच संबंध टूटेंगे तो अंतत: मानव सभ्यता भी प्रभावित होगी। इसलिए वर्ष २०२६ का संदेश केवल वन्यजीवोंके लिए नहीं, मनुष्यके लिए भी है-आवासोंको जोड़िये, गलियारोंको बचाइये, जंगलोंको जीवित रखिये और प्रकृतिके साथ सह-अस्तित्वका रास्ता अपनाइये। विकास तभी वास्तविक अर्थोंमें टिकाऊ होगा, जब उसके साथ वन्यजीवन भी फलता-फूलता रहे। वैसे भी वन्यजीवोंको बचाना इसलिए प्रकृतिपर उपकार नहीं, बल्कि अपने अस्तित्व और आने वाली पीढ़ियोंके भविष्यकी रक्षा करना है।

कार्यालय : ग्राम पंचायत, मुर्की अगाध विकास खण्ड भौंवरकोल, गाजीपुर

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026–27 में जी राम जी/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/पी.जी.आई.एफ/स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराए जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जाएगी। निविदा खुलने की तिथि 12 अक्टूबर 2026, समय 02:00 बजे अपराह्न, स्थान ग्राम पंचायत भवन पर निर्धारित है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है

1. ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. सीमेन्ट प्रति बैग, 3. महीन बालू सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एम.एम. से 53 एम.एम. (अलग–अलग) प्रति घन मीटर, 5. सरिया प्रति कुन्टल, 6.– एस्वेट्ससीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुन्तल/प्रतिनग, 7 हयूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एम.एम.पी. 3 प्रतिनग, 8. सोलर लाइट प्रतिनग, 9 इंटरलाकिंग ईट 200 गुणे, 160 गुणे, 80 एम.एम. प्रति हजार, 10. पटिया जी आई पाइप पी. बी.सी. पाइप साकेत–प्रतिनग, 11. मोटा बालू प्रतिघन मीटर, 12. ईट गिट्टी 20 एम.एम./40एम.एम. प्रतिघन मी., 13. हैण्डपम्प सामग्री इंडिया मार्का || हैण्डपम्प मरम्मत प्रतिनग, 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रतिनग, 15. चूना ब्लिचिंग पाउडर पेन्ट डिस्टेम्पर प्रति कि.ग्रा./ प्रतिबन्ध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग–अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

कृपेश कुमार — सचिव
ओम प्रकाश राम — ग्राम पंचायत प्रशासक

कार्यालय : ग्राम पंचायत, मलिकपुरा विकास खण्ड भौंवरकोल, गाजीपुर

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026–27 में जी राम जी/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/पी.जी.आई.एफ/स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराए जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जाएगी। निविदा खुलने की तिथि 12 अक्टूबर 2026, समय 02:00 बजे अपराह्न, स्थान ग्राम पंचायत भवन पर निर्धारित है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है

1. ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. सीमेन्ट प्रति बैग, 3. महीन बालू सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एम.एम. से 53 एम.एम. (अलग–अलग) प्रति घन मीटर, 5. सरिया प्रति कुन्टल, 6.– एस्वेट्ससीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुन्तल/प्रतिनग, 7 हयूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एम.एम.पी. 3 प्रतिनग, 8. सोलर लाइट प्रतिनग, 9 इंटरलाकिंग ईट 200 गुणे, 160 गुणे, 80 एम.एम. प्रति हजार, 10. पटिया जी आई पाइप पी. बी.सी. पाइप साकेत–प्रतिनग, 11. मोटा बालू प्रतिघन मीटर, 12. ईट गिट्टी 20 एम.एम./40एम.एम. प्रतिघन मी., 13. हैण्डपम्प सामग्री इंडिया मार्का || हैण्डपम्प मरम्मत प्रतिनग, 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रतिनग, 15. चूना ब्लिचिंग पाउडर पेन्ट डिस्टेम्पर प्रति कि.ग्रा./ प्रतिबन्ध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग–अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

कृपेश कुमार — सचिव
इन्द्रासन राय — ग्राम पंचायत प्रशासक

कार्यालय : ग्राम पंचायत, लोहारपुर विकास खण्ड भौंवरकोल, गाजीपुर

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026–27 में जी राम जी/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/पी.जी.आई.एफ/स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराए जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जाएगी। निविदा खुलने की तिथि 12 अक्टूबर 2026, समय 02:00 बजे अपराह्न, स्थान ग्राम पंचायत भवन पर निर्धारित है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है

1. ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. सीमेन्ट प्रति बैग, 3. महीन बालू सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एम.एम. से 53 एम.एम. (अलग–अलग) प्रति घन मीटर, 5. सरिया प्रति कुन्टल, 6.– एस्वेट्ससीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुन्तल/प्रतिनग, 7 हयूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एम.एम.पी. 3 प्रतिनग, 8. सोलर लाइट प्रतिनग, 9 इंटरलाकिंग ईट 200 गुणे, 160 गुणे, 80 एम.एम. प्रति हजार, 10. पटिया जी आई पाइप पी. बी.सी. पाइप साकेत–प्रतिनग, 11. मोटा बालू प्रतिघन मीटर, 12. ईट गिट्टी 20 एम.एम./40एम.एम. प्रतिघन मी., 13. हैण्डपम्प सामग्री इंडिया मार्का || हैण्डपम्प मरम्मत प्रतिनग, 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रतिनग, 15. चूना ब्लिचिंग पाउडर पेन्ट डिस्टेम्पर प्रति कि.ग्रा./ प्रतिबन्ध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग–अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

नीतू सिंह — सचिव
अजय कुमार मिश्रा — सहायक विकास अधिकारी

कार्यालय : ग्राम पंचायत, चाँदपुर विकास खण्ड भौंवरकोल, गाजीपुर

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026–27 में जी राम जी/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/पी.जी.आई.एफ/स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराए जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जाएगी। निविदा खुलने की तिथि 12 अक्टूबर 2026, समय 02:00 बजे अपराह्न, स्थान ग्राम पंचायत भवन पर निर्धारित है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है

1. ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. सीमेन्ट प्रति बैग, 3. महीन बालू सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एम.एम. से 53 एम.एम. (अलग–अलग) प्रति घन मीटर, 5. सरिया प्रति कुन्टल, 6.– एस्वेट्ससीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुन्तल/प्रतिनग, 7 हयूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एम.एम.पी. 3 प्रतिनग, 8. सोलर लाइट प्रतिनग, 9 इंटरलाकिंग ईट 200 गुणे, 160 गुणे, 80 एम.एम. प्रति हजार, 10. पटिया जी आई पाइप पी. बी.सी. पाइप साकेत–प्रतिनग, 11. मोटा बालू प्रतिघन मीटर, 12. ईट गिट्टी 20 एम.एम./40एम.एम. प्रतिघन मी., 13. हैण्डपम्प सामग्री इंडिया मार्का || हैण्डपम्प मरम्मत प्रतिनग, 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रतिनग, 15. चूना ब्लिचिंग पाउडर पेन्ट डिस्टेम्पर प्रति कि.ग्रा./ प्रतिबन्ध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग–अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

कृपेश कुमार — सचिव
आशा देवी — ग्राम पंचायत प्रशासक

कार्यालय : ग्राम पंचायत, बेलसड़ी विकास खण्ड भौंवरकोल, गाजीपुर

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026–27 में जी राम जी/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/पी.जी.आई.एफ/स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराए जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जाएगी। निविदा खुलने की तिथि 12 अक्टूबर 2026, समय 02:00 बजे अपराह्न, स्थान ग्राम पंचायत भवन पर निर्धारित है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है

1. ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. सीमेन्ट प्रति बैग, 3. महीन बालू सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एम.एम. से 53 एम.एम. (अलग–अलग) प्रति घन मीटर, 5. सरिया प्रति कुन्टल, 6.– एस्वेट्ससीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुन्तल/प्रतिनग, 7 हयूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एम.एम.पी. 3 प्रतिनग, 8. सोलर लाइट प्रतिनग, 9 इंटरलाकिंग ईट 200 गुणे, 160 गुणे, 80 एम.एम. प्रति हजार, 10. पटिया जी आई पाइप पी. बी.सी. पाइप साकेत–प्रतिनग, 11. मोटा बालू प्रतिघन मीटर, 12. ईट गिट्टी 20 एम.एम./40एम.एम. प्रतिघन मी., 13. हैण्डपम्प सामग्री इंडिया मार्का || हैण्डपम्प मरम्मत प्रतिनग, 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रतिनग, 15. चूना ब्लिचिंग पाउडर पेन्ट डिस्टेम्पर प्रति कि.ग्रा./ प्रतिबन्ध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग–अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

कृपेश कुमार — सचिव
अनीता देवी — ग्राम पंचायत प्रशासक

कार्यालय : ग्राम पंचायत, मुडेरा बुजुर्ग विकास खण्ड भौंवरकोल, गाजीपुर

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026–27 में जी राम जी/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/पी.जी.आई.एफ/स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराए जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जाएगी। निविदा खुलने की तिथि 12 अक्टूबर 2026, समय 02:00 बजे अपराह्न, स्थान ग्राम पंचायत भवन पर निर्धारित है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है

1. ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. सीमेन्ट प्रति बैग, 3. महीन बालू सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एम.एम. से 53 एम.एम. (अलग–अलग) प्रति घन मीटर, 5. सरिया प्रति कुन्टल, 6.– एस्वेट्ससीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुन्तल/प्रतिनग, 7 हयूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एम.एम.पी. 3 प्रतिनग, 8. सोलर लाइट प्रतिनग, 9 इंटरलाकिंग ईट 200 गुणे, 160 गुणे, 80 एम.एम. प्रति हजार, 10. पटिया जी आई पाइप पी. बी.सी. पाइप साकेत–प्रतिनग, 11. मोटा बालू प्रतिघन मीटर, 12. ईट गिट्टी 20 एम.एम./40एम.एम. प्रतिघन मी., 13. हैण्डपम्प सामग्री इंडिया मार्का || हैण्डपम्प मरम्मत प्रतिनग, 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रतिनग, 15. चूना ब्लिचिंग पाउडर पेन्ट डिस्टेम्पर प्रति कि.ग्रा./ प्रतिबन्ध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग–अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

राजकुमार यादव — सचिव, मो.–9455556235
नौशाद अहमद — ग्राम पंचायत प्रशासक

कोटक सिक्योरिटीज ने अपने रिटेल बिजनेस का नाम बदलकर कोटक नियो किया

मुंबई–कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड ने अपने ग्राहकों के सामने इस्तेमाल होने वाली पहचान (कस्टमर फेसिंग आइडेंटिटी) को बदलकर कोटक नियो करने का ऐलान किया। इसका उद्देश्य एक इंटीग्रेटेड और भविष्य के लिए तैयार इन्वेस्टमेंट इकोसिस्टम बनाना है। कोटक नियो के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ श्रीपाल शाह ने कहा कि निवेशकों की जरूरतें लगातार बदल रही हैं। आज वे सिर्फ अलग अलग प्रोडक्ट जैसे शेयर, म्यूचुअल फंड या डेरिवेटिव के बारे में नहीं सोचते। वे यह भी देखते हैं कि अपनी संपत्ति कैसे बढ़ाई जाए निवेश को अलग–अलग जगह कैसे बांटा जाए और अर्थव्यवस्था के अलग अलग क्षेत्रों में मौजूद मौकों का फायदा कैसे उठाया जाए। लेकिन इन सभी जरूरतों को पूरा करने के लिए अक्सर निवेशकों को कई अलग अलग प्लेटफॉर्म, कंपनियों और सलाहकारों से जुड़ना पड़ता है। कोटक नियो के जरिए हमारा लक्ष्य निवेश की इस पूरी प्रक्रिया को एक ही प्लेटफॉर्म पर लाना है।

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने की दिवाली कैंपेन सेलिब्रेशन ऑफ ट्रस्ट की घोषणा

नई दिल्ली–एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने आज एक शानदार दिवाली मनाने के लिए एक्सक्लूसिव ऑफर्स और एलजी के भरोसे के साथ अपने दिवाली कैंपेन सेलिब्रेशन ऑफ ट्रस्ट की घोषणा की। ये फेस्टिव ऑफर्स चुनिंदा होम अप्लायंसेज और कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स पर उपलब्ध हैं जिनके फायदे घर को अपग्रेड करना आसान और ज़्यादा फायदेमंद बनाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। इस लॉन्च के अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए संजय चितकारा को–चीफ सेल्स और मार्केटिंग ऑफिसर ने कहा हम उस भरोसे से बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं जो भारतीय परिवारों ने सालों से हम पर जताया है। अपने %सेलिब्रेशन ऑफ ट्रस्ट कैंपेन के ज़रिए हमारा लक्ष्य आकर्षक कैशबैक आसान ईएमआई विकल्प, जीरो डाउन पेमेंट और एक्सटेंडेड वारंटी की पेशकश करके इस त्योहारी सीज़न को और भी ज़्यादा फायदेमंद बनाना है, ताकि अधिक से अधिक परिवार आसानी से अपने घरों में लेटेस्ट अपग्रेड्स ला सकें। हम अपने ग्राहकों को उनके निरंतर विश्वास के लिए धन्यवाद देते हैं और सभी को एक खुशहाल व समृद्ध दिवाली की शुभकामनाएं देते हैं।

एयरटेल दे रहा है सभी पोस्टपेड प्लान्स पर मुफ्त अंतर्राष्ट्रीय रोमिंग

नई दिल्ली– एयरटेल ने आज नए पोस्टपेड प्लान लॉन्च करने की घोषणा की है, जिनमें पहले से भी अधिक सुविधाएँ शामिल की गई हैं। 8 अक्टूबर, 2026 से ग्राहक इन नए पोस्टपेड प्लान्स के साथ हर साल एक अंतर्राष्ट्रीय यात्रा के दौरान मुफ्त रोमिंग का लाभ उठा सकेंगे । इसके अलावा, उन्हें पहले से उपलब्ध सभी मौजूदा लाभ भी मिलते रहेंगे। इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, भारती एयरटेल के डायरेक्टर – मार्केट ऑपरेशंस, अमित त्रिपाठी ने कहा हमारे लिए पोस्टपेड का मतलब भारतीय बाज़ार में सर्वश्रेष्ठ अनुभव देना है। हम देश में सबसे बेहतरीन नेटवर्क सेवा प्रदान करते हैं, जिस पर हम अपने पोस्टपेड ग्राहकों को 5जीपर %फास्ट लेन% तकनीक और स्पैम व फ्रॉड से लगातार सुरक्षा देते हैं। इसके अलावा, हम ग्राहकों को मनोरंजन और उनके रोज़मर्रा के जीवन को बेहतर बनाने वाली सेवाओं का एक्सेस देकर सबसे बेहतरीन वैल्यू देते हैं और अब उन्हें मुफ्त अंतरराष्ट्रीय रोमिंग भी दे रहे हैं। हम ग्राहकों के अनुभव को लगातार बेहतर बनाने और उन्हें एयरटेल पोस्टपेड चुनने की ज़्यादा से ज़्यादा कारण देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुफ्त अंतरराष्ट्रीय रोमिंग पैक में 5 जीबी डेटा, 60 मिनट की कॉलिंग, 25 आउटगोइंग एसएमएस और मुफ्त इनकमिंग एसएमएस शामिल हैं।

हाउसिंग फाइनेंस के क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों में शामिल आदित्य बिड़ला हाउसिंग फाइनेंस

जौनपुर। आदित्य बिरला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश में अपनी उपस्थिति का विस्तार करते हुए जौनपुर में नई शाखा शुरू की है। हाउसिंग फाइनेंस के क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों में शामिल और आदित्य बिरला कैपिटल लिमिटेड की सहयोगी एबीएचएफएल का यह कदम देशभर में अपना डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क बढ़ाने की उसकी बड़ी योजना का हिस्सा है। इसके साथ उत्तर प्रदेश में एबीएचएफएल की कुल शाखाओं की संख्या बढ़कर 19 हो गई है।, जिससे राज्य के तेजी से बढ़ते बाजारों में हमारी पकड़ मजबूत होगी और ग्राहकों के लिए सुविधा भी बढ़ेगी। जौनपुर पूर्वी उत्तर प्रदेश में एक महत्वपूर्ण उभरते हुए आवासीय बाजार के रूप में विकसित हो रहा है। शहर में मजबूत व्यापारिक आधार, कृषि आधारित अर्थव्यवस्था तथा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के बढ़ते क्षेत्र से आवास की मांग को समर्थन मिल रहा है। आसपास के कस्बों और गांवों के लिए क्षेत्रीय केंद्र के रूप में जौनपुर की भूमिका के कारण स्थानीय कारोबारियों, पेशेवरों, सरकारी कर्मचारियों और स्वरोजगार से जुड़े परिवारों के बीच घरों की मांग बढ़ रही है।शहर के आसपास आवासीय क्षेत्रों के विस्तार से सुविधाजनक और सुलभ होम फाइनेंस की आवश्यकता भी बढ़ रही है। अपनी नई शाखा के माध्यम से एबीएचएफएल ग्राहकों तक उनकी जरूरतों के अनुरूप सुविधाजनक आवास वित्त समाधान पहुंचाना और उन्हें अपने घर के मालिक बनने की आकांक्षा पूरी करने में सहयोग देना है।

लौट रहा है मिंत्रा का बिग फैशन फेस्टिवल

फेस्टिव शॉपिंग सीजन के आगमन के साथ ही मिंत्रा का फ्लैगशिप बिग फैशन फेस्टिवल शुरू हो चुका है, जिसमें ग्राहकों को मिलेंगे हजारों ब्रांड्स के लाखों स्टाईल। यह फेस्टिवल भारत के फैशन और लाईफस्टाईल ईकोसिस्टम के विकास में मिंत्रा की भूमिका को मजबूत करेगा। यह फेस्टिवल जहाँ उभरते हुए ब्रांड्स को बड़े अवसर प्रदान करेगा, वहीं देश के लाखों ग्राहकों के लिए ट्रेंड–फर्स्ट सलेक्शन, शानदार मूल्य और सुविधा व आराम भी लेकर आएगा। बीएफएफ में मेट्रो और नॉन–मेट्रो शहरों से काफी अधिक मांग दर्ज होने की उम्मीद है क्योंकि इसमें प्रीमियम और वैल्यू सलेक्शन में ज़्यादा पेशकशों, ट्रेंड–बेस्ड स्टाईल और टेक्नोलॉजी पर आधारित व्यक्तिगत शॉपिंग के साथ एम–नाउ और एम–एक्सप्रेस द्वारा तुरंत डिलीवरी की सुविधा भी मिल रही है। बिग फैशन फेस्टिवल के बारे में बात करते हुए, मिंत्रा की, शेरॉन पेस ने कहा, बिग फैशन फेस्टिवल भारत में फेस्टिव कैलेंडर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है।

एवरैडी ने भारत के पहले पोर्टेबल लिक्विड वेपोराइज़र के साथ मोस्क्यूटो प्रोटेक्शन कैटेगरी में प्रवेश किया

भारत के नंबर 1 बैटरी ब्रांड, एवरैडी इंडस्ट्रीज़ इंडिया लिमिटेड ने एवरैडी अल्टिमा लिक्विड वेपोराइज़र के लॉन्च के साथ मोस्क्यूटो प्रोटेक्शन कैटेगरी में प्रवेश किया है। यह भारत का पहला पोर्टेबल लिक्विड वेपोराइज़र है और इस लॉन्च के साथ कंपनी, पोर्टेबल पावर में अपनी मौजूदा विशेषज्ञता का इस्तेमाल कर रोज़मर्रा की बदलती ज़रूरतों को पूरा करने के लिए इस कंज्यूमर कैटेगरी में विस्तार कर रही है। इस अवसर पर एवरैडी इंडस्ट्रीज़ इंडिया लिमिटेड के सीईओ श्री अनिरबन बैनर्जी ने कहा एवररेडी हमेशा से ग्राहकों को पावर उपलब्ध कराने और सुविधाजनक अनुभव प्रदान करने के लिए काम करती रही है। ग्राहकों की बदलती ज़रूरतों के साथ हम अपने पोर्टफोलियो में भी बदलाव लाते रहे हैं।

कार्यालय : ग्राम पंचायत, लौवाडीह विकास खण्ड भौंवरकोल, गाजीपुर

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026–27 में जी राम जी/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/पी.जी.आई.एफ/स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराए जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जाएगी। निविदा खुलने की तिथि 12 अक्टूबर 2026, समय 02:00 बजे अपराह्न, स्थान ग्राम पंचायत भवन पर निर्धारित है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है

1. ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. सीमेन्ट प्रति बैग, 3. महीन बालू सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एम.एम. से 53 एम.एम. (अलग–अलग) प्रति घन मीटर, 5. सरिया प्रति कुन्टल, 6.– एस्वेट्ससीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुन्तल/प्रतिनग, 7 हयूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एम.एम.पी. 3 प्रतिनग, 8. सोलर लाइट प्रतिनग, 9 इंटरलाकिंग ईट 200 गुणे, 160 गुणे, 80 एम.एम. प्रति हजार, 10. पटिया जी आई पाइप पी. बी.सी. पाइप साकेत–प्रतिनग, 11. मोटा बालू प्रतिघन मीटर, 12. ईट गिट्टी 20 एम.एम./40एम.एम. प्रतिघन मी., 13. हैण्डपम्प सामग्री इंडिया मार्का || हैण्डपम्प मरम्मत प्रतिनग, 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रतिनग, 15. चूना ब्लिचिंग पाउडर पेन्ट डिस्टेम्पर प्रति कि.ग्रा./ प्रतिबन्ध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग–अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

पंकज त्रिपाठी — सचिव
रविशंकर राय — ग्राम पंचायत प्रशासक

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता मीरजापुर वृत्त,लो0नि0वि0, मीरजापुर

पत्रांक– 4494 / 53एम0–मी0वृत्त / 2026–27 दिनांक – 30.09.2026

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
(ई–प्रोक्यूरमेंट सूचना)

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, मीरजापुर वृत्त, लोक निर्माण विभाग, मीरजापुर द्वारा लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में "ए" श्रेणी में मार्ग कार्य में पंजीकृत एवं अर्ह ठेकेदारों से प्रतिशत दर के आधार पर ऑन–लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि आई0टी0बी0 की धारा–4 के अनुसार कार्य प्राप्त करने के सम्बन्ध में सम्पूर्ण अर्हता रखता है।

क0 सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	अनुरक्षण लागत	कुल लागत	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी प्रभार	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्यकारी अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	ठेकेदार का पंजीयन श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
प्रमुख/अन्य जिला मार्गो के उच्चीकरण के नये कार्यों हेतु एकमुश्त व्यवस्था योजनान्तर्गत (बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार)												
1	मीरजापुर	जनपद मीजरापुर में पड़री दाढ़ीराम मार्ग (अ0जि0मा0) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य। (05 वर्ष अनुरक्षण सहित)	200.00	5.00	205.00	12.25	निविदा मूल्य 300.00–2000.00 स्टेशनरी चार्ज + जी0एस0टी0 आनलाईन भुगतान कुल रू0 2720.00 मात्र।	06 माह	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, मीरजापुर।	मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0, मीरजापुर।	मुख्य अभियन्ता, मीरजापुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, मीरजापुर।	A

1. कार्य पूर्ण करने की समयावधि कालम सं0–9 के अनुसार होगी।
2. निविदा की बैधता निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से 90 दिवस होगी।
3. बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
4. निविदा प्रस्तुत करने के पश्चात् वापस नहीं ली जा सकती।
5. ई–निविदा सूचना एवं बिड डाक्यूमेन्ट (T-2) ऑनलाईन दिनांक 09.10.2026 से दिनांक 23.10.2026, 12:00 बजे अपरान्ह तक ई–टेण्डरिंग पोर्टल (http://e-tender.up.nic.in) पर उपलब्ध है जो आन लाईन (http://e-tender.up.nic.in) पर ही सबमिट किया जायेगा।
6. यदि कोई शुद्धि पत्र (Corrigendum) बाद में प्रकाशित होता है तो इसकी पूर्ण जानकारी केवल ई–टेण्डरिंग पोर्टल (http://e-tender.up.nic.in) पर ही सर्वजनिक की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी विड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
नोट :– ई–निविदा की समस्त शर्तें ई–टेण्डरिंग पोर्टल (http://e-tender.up.nic.in) पर देखी जा सकती है।

(अशोक कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
मीरजापुर

(डी0के0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0
मीरजापुर

उ.प्र.:– 257615
दिनांक–'06.10.2026 वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता मीरजापुर वृत्त,लो0नि0वि0, मीरजापुर

पत्रांक:– 4499 / 53एम0–मी0वृत्त / 2026 दिनांक:–30.09.2026

अल्पकालीन राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मिक बिडिंग
(ई–प्रोक्यूरमेंट सूचना)

1. महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0, मीरजापुर नीचे अंकित तालिका के अनुसार निर्माण कार्य हेतु उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत श्रेणी "ए" के ठेकेदारों से ऑनलाईन आईटम रेट के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं का सलाह दी जाती है कि ऑनलाईन निविदा डालने से पूर्व निविदा से सम्बन्धित आई0टी0बी0 के संशोधनों, अनुबन्ध की शर्तें, अनुबन्ध डाटा, प्रपत्र तकनिकी विशिष्टया, बिल ऑफ क्वान्टिटी इत्यादि से सम्बन्धित निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढ़ लें।

2.

क्रम सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	अनुरक्षण लागत (रू0 लाख में)	कुल लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं स्टेशनरी प्रभार	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्यकारी अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	ठेकेदार का पंजीयन श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
वित्तीय वर्ष–2026–27 में औद्योगिक विकास निधि योजनान्तर्गत, स्वीकृति के प्रत्याशा में (बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार)												
1	सोनभद्र	मुर्धवा–म्योरपुर–बभनी–चपकी–बीजपुर (प्रमुख जिला मार्ग–168ई) किमी0–49.00 से 69. 170 तक मार्ग के निर्माण कार्य। (5 वर्ष अनुरक्षण सहित)	3050.00	75.00	3125.00	46.88	300.00 + 2000.00 + 18% GST आनलाईन भुगतान कुल रु 2720 मात्र	13 माह	निर्माण खण्ड लो0नि0 वि0 सोनभद्र	मीरजापुर वृत्त, लो0नि0 वि0, मीरजापुर	मीरजापुर क्षेत्र, लो0नि0 वि0, मीरजापुर	A मार्ग
2	सोनभद्र	आर0एस0 रोड से कोदरा टोला मार्ग का सुदृढ़ीकरण का कार्य। (5 वर्ष अनुरक्षण सहित)	2050.00	50.00	2100.00	31.50	300.00 + 2000.00 + 18% GST आनलाईन भुगतान कुल रु 2720 मात्र	13 माह	निर्माण खण्ड लो0नि0 वि0 सोनभद्र	मीरजापुर वृत्त, लो0नि0 वि0, मीरजापुर	मीरजापुर क्षेत्र, लो0नि0 वि0, मीरजापुर	A मार्ग

3. कार्य पूर्ण करने की समयावधि कालम सं0 9 के अनुसार होगी।
4. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से 120 दिवस होगी।
5. निविदा प्रस्तुत करने के पश्चात वापस नही ली जा सकती।
6. ई–निविदा सूचना एवं बिड डाक्यूमेन्ट (एस0बी0डी0) आन लाईन दिनांक–09.10.2026 से 30.10.2026 12.00 बजे अपरान्ह तक ई–टेण्डरिंग पोर्टल (htttp://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है जो आन लाईन (htttp://e-tender.up.nic.in) पर ही सबमिट किया जायेगा।
7. टेक्निकल क्वालिफिकेशन पार्ट दिनांक 30.10.2026 अपराह्न 12:30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0, मीरजापुर में खोला जायेगा। यदि किसी कारणवश दिनांक 30.10.2026 को अवकाश का दिन पड़ जाता है तो अगले कार्यालय कार्य दिवस में निर्धारित स्थल व समय पर खोला जायेगा।
8. यदि कोई शुद्धि पत्र (Corrigendum) बाद में प्रकाशित होता है तो इसकी पूर्ण जानकारी केवल ई–टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर ही सार्वजनिक की जायेगी।
9. निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

नोट :– ई–निविदा की समस्त शर्ते ई–टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
सोनभद्र।

अधीक्षण अभियन्ता
मीरजापुर वृत्त,लो0नि0वि0
मीरजापुर।

उ.प्र.:– 257610
दिनांक–06.10.2026 वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना संख्याः- 23-विद्युत/सा0/प्रयागराज/26-27 दिनांकः 05.10.2026
(विद्युत सामान्य विभाग)

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (सामान्य) उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा **दिनांक- 28.10.2026 समय 15:00 बजे** तक आमंत्रित करते हैं निविदा सम्बंधित विस्तृत विवरण निम्नलिखित है-

निविदा सूचना संख्याः ELG-56-2627 | **काम की लागत (रू में):** 36498967.36
कार्य का नामः प्रयागराज डिवीजन में 100 से ज़्यादा रूटों के रिले रूम में इंडस्ट्रियल-टाइप एयर कंडीशनिंग यूनिट लगाने की व्यवस्था।
बिड सिक्योरिटी (रू. में): 730000.00 | **कार्य समाप्त करने की समयावधिः** 12 माह
निविदा खुलने की तिथिः 28.10.2026, समय- 15:00 बजे
नोटः- 1. उपरोक्त ई-टेंडर के साथ पूरी जानकारी (निविदा दस्तावेज़ के साथ) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 15:00 बजे निविदा खोलने की तिथि तक उपलब्ध है। 2276/26(K)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

कार्यालय : ग्राम पंचायत, मिश्रवलिया विकास खण्ड भौंवरकोल, गाजीपुर

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026–27 में जी राम जी/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/पी.जी.आई.एफ/स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराए जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जाएगी। निविदा खुलने की तिथि 12 अक्टूबर 2026, समय 02:00 बजे अपराह्न, स्थान ग्राम पंचायत भवन पर निर्धारित है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है

1. ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. सीमेन्ट प्रति बैग, 3. महीन बालू सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एम.एम. से 53 एम.एम. (अलग–अलग) प्रति घन मीटर, 5. सरिया प्रति कुन्टल, 6.– एस्वेट्ससीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुन्तल/प्रतिनग, 7 हयूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एम.एम.पी. 3 प्रतिनग, 8. सोलर लाइट प्रतिनग, 9 इंटरलाकिंग ईट 200 गुणे, 160 गुणे, 80 एम.एम. प्रति हजार, 10. पटिया जी आई पाइप पी. बी.सी. पाइप साकेत–प्रतिनग, 11. मोटा बालू प्रतिघन मीटर, 12. ईट गिट्टी 20 एम.एम./40एम.एम. प्रतिघन मी., 13. हैण्डपम्प सामग्री इंडिया मार्का || हैण्डपम्प मरम्मत प्रतिनग, 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रतिनग, 15. चूना ब्लिचिंग पाउडर पेन्ट डिस्टेम्पर प्रति कि.ग्रा./ प्रतिबन्ध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग–अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

राजकुमार यादव — सचिव, मो.–9455556235
ममता मिश्रा — ग्राम पंचायत प्रशासक

कार्यालय उपजिलाधिकारी पिण्डरा, वाराणसी।

संख्या–3134 / रा0नि0कार्या0 / 2026 दिनांकः– अक्टूबर, 2026

कार्यालय आदेश

तहसील पिण्डरा, जिला वाराणसी में दिनांक 22.10.2026 को विकास खण्ड पिण्डरा व दिनांक 23.10.2026 विकास खण्ड बडागांव एवं हरहुआ से सम्बन्धित तालाबों की नीलामी तहसील पिण्डरा के सभागार में प्रातः 10:00 प्रारम्भ की जायेगी। तालाब आवण्टन/नीलामी की कार्यवाही विभिन्न शासनादेश मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुरूप में की जायेगी, जिसकी विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में तहसील पिण्डरा से प्राप्त की जा सकती है।

तालाब की नीलामी हेतु नीलाम अधिकारी की नियुक्ति निम्नानुसार की जाती है–

क0 सं0	नीलामी अधिकारी का नाम	नीलामी की तिथि	विकास खण्ड का नाम जिसके तालाब नीलाम अधिकारी द्वारा नीलाम किये जायेगें।
1	नायब तहसीलदार	22.10.2026	पिण्डरा
2	नायब तहसीलदार	23.10.2026	बडागांव/हरहुआ

–:नीलाम किये जाने वाले तालाबों का विवरण निम्नवत् हैः–

क0 सं0	विकास खण्ड का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	गाटा संख्या	क्षे0 (हे0में)	नीलामी की तिथि	नीलामी का स्थान	न्यूनतम धनराशि प्रति एकड़(रू0में)
1	पिण्डरा	रामनगर	224	0.231	22.10.2026	तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
2	पिण्डरा	कामापुर	110	0.376		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
3	पिण्डरा	गड़खड़ा	1267	0.364		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
4	पिण्डरा	भानपुर	110 319 271	1.141 0.405 0.259		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
5	पिण्डरा	कोर्रा	32	0.885		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
6	पिण्डरा	सरायतक्की	193	0.384		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
7	पिण्डरा	सुजानीपुर	134	0.526		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
8	पिण्डरा	झंझौर	321	0.312		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
9	पिण्डरा	नेवादा	257 428	0.571 0.368		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
10	पिण्डरा	धरमनपुर	268	0.287	22.10.2026	तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
11	पिण्डरा	सेहमलपुर	87	0.668		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
12	पिण्डरा	चारों	747 772क	0.313 1.226		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
13	पिण्डरा	मुल्का	184	0.360		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
14	पिण्डरा	कटौना	59	0.506		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
15	पिण्डरा	रतनपुर अव्वल	17	0.328		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
16	पिण्डरा	लोकापुर	202	0.259		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
17	पिण्डरा	सालहवानपुर	23	0.466		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
18	पिण्डरा	रामपुर थाना	212 1087	0.749 0.575		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
19	पिण्डरा	बढौना	171	0.860		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
20	बडागांव	बडागांव	885	0.312	23.10.2026	तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
21	बडागांव	शाहपुर	289	0.478		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
22	बडागांव	बरही कलां	285	0.227		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
23	बडागांव	नकटी	197	0.615		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
24	बडागांव	मलहथ	840	0.231		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
25	बडागांव	सरावां	989	0.203		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
26	बडागांव	मकसूदन पट्टी	310	0.223		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
27	बडागांव	कुरू	89	0.757		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
28	बडागांव	बलुआ	822	0.231		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
29	बडागांव	पायकपुर	99	0.202		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
30	बडागांव	खटौरा	97	0.267		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
31	बडागांव	नथईपुर	172	0.445		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
32	बडागांव	कुड़ी	360 1271	0.227 0.239		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
33	बडागांव	बलरामपुर	50	0.247		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
34	बडागांव	दीनापुर	381	0.421		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
35	बडागांव	कनियर	1113	0.587		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
36	बडागांव	निमाईच	68	0.388		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
37	बडागांव	दान्दूपुर	745 49 553	0.781 0.376 0.380		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
38	बडागांव	मधुमखिया	650	0.393	23.10.2026	तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
39	बडागांव	मझगवाकलां	44	0.806		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
40	बडागांव	नथईपुर	172	0.445		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
41	बडागांव	ईसीपुर	573	0.765		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
42	बडागांव	खरावन	293	0.437		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
43	पिण्डरा	पुरारघूनाथपुर	1136 1166	0.486 0.429		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
44	हरहुआ	अवसानपुर	119मि0 505 243	0.625 0.583 0.413		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
45	हरहुआ	करोमा	90	0.396		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम
46	हरहुआ	हरदासपुर	154	0.368		तहसील पिण्डरा सभागार	1000/–प्रति एकड न्यूनतम 2000/–प्रति एकड़ अधिकतम

मत्स्य पालन हेतु इच्छुक व्यक्ति/समिति नियत तिथि पर प्रकाशित सूचना में अंकित शर्तो को पूरा करते हुये नीलामी में नियमानुसार प्रतिभाग कर सकते है।

उपजिलधिकारी पिण्डरा,
वाराणसी।

उ.प्र.:–257617
दिनांक–'06.10.2026 वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कलेक्ट्रेट में जनगणना समन्वय समिति की बैठक

चन्दौली। भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) की तैयारियों को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की पांचवीं बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी चंद्र मोहन गर्ग की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में आगामी जनगणना की रूपरेखा और तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उप निदेशक जनगणना अजय कुमार ने बताया कि जनगणना एक संवैधानिक गतिविधि है, जो संविधान के अनुच्छेद 246 (संघ सूची) और जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत संचालित की जाती है। उन्होंने जानकारी दी कि जनगणना-2027 का दूसरा चरण यानी 'जनसंख्या गणना' 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक

एक दिसंबर से शुरू होगा भारत की जनगणना-२०२७ का दूसरा चरण

आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 5 जनवरी से 9 जनवरी 2027 के बीच रिवीजन 'सत्यापन' का कार्य संपन्न होगा। इस बार की जनगणना कई मायनों में खास होगी।

मोबाइल ऐप के माध्यम से डिजिटल आंकड़ा-संग्रहण किया जाएगा। साथ ही, पहली बार आम लोगों के लिए स्व-गणना की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान परिवार के सदस्यों और उनके विभिन्न पहलुओं से जुड़े कुल 40 प्रश्न पूछे जाएंगे। जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी ने बैठक के दौरान अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनगणना प्रक्रिया के दौरान नागरिकों से कोई भी दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा। नागरिक द्वारा जो भी जानकारी मौखिक या स्व-गणना के माध्यम से दी जाएगी, उसी के आधार पर प्रपत्र में विवरण दर्ज किया जाएगा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्व-गणना के लिए दिनवार रणनीति तैयार करने और आम जनता के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक लोग इस प्रक्रिया से जागरूक हो सकें। बैठक में प्रगणकों व पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण, गणना ब्लॉकों के गठन, सामान्य, संस्थागत व बेघर परिवारों की गणना तथा स्व-गणना की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जिला जनगणना अधिकारी, जिला स्तरीय समिति के सदस्य, समस्त उप जिलाधिकारी तथा चार्ज अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



कलेक्ट्रेट में बैठक करते जिलाधिकारी। छायाः आज

विष्णु की मौत के दूसरे दिन सड़कों पर उतरीं महिलाएं

पड़ाव। सुजाबाद वार्ड बंधा रोड पर निजी विद्युत करंट की चपेट में आने से विष्णु साहनी की मौत के दूसरे दिन भी परिजनों और स्थानीय लोगों का आक्रोश थमा नहीं। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव पहुंचने से पहले बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी सुजाबाद चौकी पहुंच गए। महिलाओं ने सड़क पर उतरकर पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने और मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी देने की मांग की। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि विष्णु परिवार के मुख्य कमाने वाले सदस्य थे। उनकी मौत के बाद पत्नी और दो छोटे बच्चों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। ऐसे में परिवार के भरण-पोषण और बच्चों की पढ़ाई-लिखाई की जिम्मेदारी मुश्किल हो गई है। लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने और हरसंभव आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि विष्णु का परिवार पहले से ही आर्थिक संकट से जूझ रहा था, ऐसे में असमयीक मौत हो जाना परिवार घोर आर्थिक संकट के समक्ष आ खड़ा हुआ है। जिसे आर्थिक रूप से मदद करने के साथ ही उसके परिवार के लिए कुछ स्थाई व्यवस्था प्रशासन को करना चाहिए। प्रशासन की ओर से उचित कार्रवाई और सहयोग का आश्वासन दिए जाने के बाद परिजनों व स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

कार्मिक शाखा आपके द्वार से कर्मचारियों को मिली गति

मुगलसराय। डीडीयू मंडल में कर्मचारियों की समस्याओं और परिवादों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से श्कार्मिक शाखा आपके द्वारा अभियान के तहत मंडल के विभिन्न स्टेशनों, कार्यालयों एवं कार्यस्थलों पर कर्मचारी परिवाद शिविर आयोजित किए गए। यह अभियान 02 सितंबर से 05 अक्टूबर 2026 तक चलाया गया। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के दिशा निर्देश पर आयोजित इन शिविरों के माध्यम से कार्मिक शाखा को कर्मचारियों के कार्यस्थल तक पहुंचाकर उनकी समस्याएं सीधे सुनी गईं। संबंधित लिपिक एवं कार्मिक शाखा के कर्मचारी भी शिविरों में उपस्थित रहे, जिससे मामलों की जांच एवं समाधान की प्रक्रिया को गति मिली। इसके साथ ही डीडीयू जंक्शन स्थित वैगन केयर सेंटर, डाउन रिसीविंग यार्ड, विद्युत पावर, पी-वे, रेलवे अस्पताल, मंडल कार्यालय, स्टेशन अधीक्षक कार्यालय एवं क्रू लॉबी सहित विभिन्न कार्यस्थलों पर भी कर्मचारियों से परिवाद प्राप्त किए गए। अभियान के दौरान लगभग 350 परिवाद प्राप्त हुए, जिनमें लगभग 150 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। वहीं लगभग 200 परिवादों को आंतरिक प्रणाली में ऑनलाइन दर्ज कर संबंधित मामलों पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त परिवादों में वरिष्ठता, पदोन्नति, एम.ए.सी.पी. वेतन निर्धारण, स्थानांतरण, भत्तों एवं बकाया राशि के भुगतान, आवास, अवकाश नकदीकरण, शिशु शिक्षा भत्ता, पेंशन एवं पारिवारिक पेंशन, अनुकंपा नियुक्ति तथा एचआरएमएस/आईपास से संबंधित सेवा मामलों सहित अन्य कर्मचारी हित से जुड़े विषय शामिल हैं।



कुत्तों के आतंक से घूमना फिरना मुश्किल

कमालपुर। स्थानीय कस्बा क्षेत्र में बदहवास आवरा कुत्तों के भय से सड़कों, गलियों तथा सार्वजनिक स्थलों पर घूमना, फिरना, बैठना जान जोखिम बन गया है। अकेले, दुकेले नहीं बल्कि झुण्ड में चलते रहते हैं। राह चलते किसी भी इंसान के ऊपर कब कहा आक्रमण कर दे रहें हैं कोई सोच नहीं सकता है। सार्वजनिक स्थलों सड़कों,चट्टी चौराहों को अपना बपौती समझते हैं और बड़े शौक से निडर होकर बैठते रहते हैं। छेड़छाड़ करने पर इंसान को अपनी भाषा में चिल्लाते हुए दौड़ा ले रहे हैं और कभी कभी निहत्थे इंसान और छोटे छोटे बच्चों को अपना शिकार बना लें रहें हैं। राम जानकी मंदिर से दर्शन कर निकल रहे दस साल के बालक को दौड़ा लेना, गांव के कुमार राम को सुबह टहलते समय काट लिये जो अब हाथ में डंडा लेकर निकल रहें हैं। बदहवास कुत्ते न जाने कितने लोगों को काट लिए हैं।

प्रथम बार मतदान करने वालों के लिए चलेगा पुनरीक्षण अभियान

चंदौली। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व राजेश कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश में ईपी रेशियो एवं जेण्डर रेशियो मानक से कम है, जिसे बढ़ाया जाना आवश्यक है। इस हेतु निरंतर पुनरीक्षण अवधि में विभिन्न विभागों के सहयोग से विशेष अभियान चलाये जाने तथा कोई मतदाता न छूटे के उद्देश्य को साकार करने के लिए पात्र नागरिकों को शत प्रतिशत मतदाता सूची में सम्मिलित किया जाना है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर सम्प्रति चल रहे निरंतर पुनरीक्षण-2026 के अन्तर्गत ईपी रेशियो एवं जेण्डर रेशियो को बढ़ाए जाने के उद्देश्य से समस्त अर्ह युवा, छूटे हुए मतदाता, प्रथम बार मतदाता बनने की अर्हता रखने वाले, बेघर मतदाता, दिव्यांग मतदाता तथा महिला मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किये जायेंगे। यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि मतदाता सूची में नाम सम्मिलित होने से कोई भी अर्ह मतदाता छूटने न पाए। इस कार्य में विभिन्न विभागों यथा-महिला कल्याण, उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, चिकित्सा विभाग, दिव्यांगजन, ग्राम्य विकास, युवा कल्याण आदि का सहयोग लिया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त अवगत कराना है कि यदि आपका नाम मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है तो निरंतर पुनरीक्षण-2026 के तहत निम्न स्थानों से फार्म प्राप्त कर अपना फार्म भर सकते हैं: पदाभिहित स्थलों (मतदान केन्द्रों) पर पदाभिहित अधिकारी बी0एल0ओ0 से फार्म प्राप्त कर फार्म भरकर उन्हें उपलब्ध करा सकते हैं। तहसील कार्यालय- जिला निर्वाचन कार्यालय से फार्म प्राप्त कर उपलब्ध करा सकते हैं। ऑनलाइन माध्यम से आयोग के ऐप एवं वेबसाइट के माध्यम से भी फार्म-6, फार्म-8 एवं फार्म-7 सबमिट किया जा सकता है।

संक्षिप्त

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह १७ को

सकलडीहा। विकास खंड परिसर में आगामी 17 अक्टूबर को 'मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना' के तहत शादियों का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए बीडीओ विजय कुमार सिंह ने मंगलवार को पंचायत सचिवों के साथ एक समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान बीडीओ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों की निष्पक्षता से जांच और भौतिक सत्यापन किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल पात्र लाभार्थियों का ही चयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि गरीब परिवारों को सरकार की इस जनकल्याणकारी योजना का सीधा लाभ मिल सके। विवाह पंजीकरण के लिए प्रतिदिन लोग ब्लॉक कार्यालय पहुंच रहे हैं। शासकीय नियमों के तहत सामूहिक विवाह योजना की राशि में की गई वृद्धि गरीब परिवारों के लिए काफी मददगार सिद्ध हो रही है।

चोरी मामले का पुलिस ने किया खुलासा

सकलडीहा। सलेमपुर इंटर कॉलेज में 2/3 अक्टूबर की रात ताला तोड़कर हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया। 6 अक्टूबर की रात सलेमपुर नहर मोड़ से सतीश राजभर उर्फ चिल्हर (25) और संदीप राय (26) को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मिक्सर मशीन, लाउड स्पीकर, स्टील के बर्तन और 50 मीटर केबल बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, राजनरायन सिंह जय हिंद इंटर कॉलेज सलेमपुर में परिचारक के पद पर तैनात हवलदार कुमार ने थाना सकलडीहा में तहरीर दी थी। उन्होंने बताया था कि 2/3 अक्टूबर की रात अज्ञात चोरों ने कॉलेज का ताला तोड़कर सामान चोरी कर लिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पूछताछ में पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने कॉलेज में ताला तोड़कर चोरी करने की बात स्वीकार की। गिरफ्तार सतीश राजभर उर्फ चिल्हर का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास सामने आया है। उसके खिलाफ वर्ष 2024 में थाना बलुआ और थाना सकलडीहा में चोरी से संबंधित मुकदमे दर्ज हैं।

सैदूपुर में बिजली विभाग का सचल अभियान

इलिया। बिजली व्यवस्था को व्यवस्थित करने और विद्युत उपभोग में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से बुधवार को चकिया विद्युत उपकेंद्र की टीम ने सैदूपुर क्षेत्र में सचल अभियान चलाया। जेई रविशंकर प्रसाद प्रजापति के नेतृत्व में पहुंचे विद्युत कर्मियों ने घरों व प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर विद्युत कनेक्शन एवं मीटरों की स्थिति जांची। जांच के दौरान जहां विद्युत व्यवस्था में कमियां व अनियमितताएं मिलीं, वहां संबंधित स्थानों को चिन्हित कर आवश्यक सुधार के साथ मीटर लगाने का निर्देश दिया गया। वहीं जीएमआर टीम द्वारा मौके पर करीब आधा दर्जन उपभोक्ताओं के यहां पोस्टपेड मीटर लगाए गए। अभियान के दौरान विद्युत बकायेदारों से राजस्व वसूली भी की गई। जेई ने उपभोक्ताओं से विद्युत कनेक्शन को नियमित रखने, समय से बिल का भुगतान करने तथा मीटर संबंधी किसी भी गड़बड़ी की सूचना विभाग को देने की अपील की। अभियान को लेकर क्षेत्र में विद्युत उपभोक्ताओं में हलचल बनी रही। इस दौरान टीजी-टू ओमप्रकाश, टीजी-टू चंद्रमा पाल, धनंजय मौर्य सहित विद्युत विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

महाविद्यालय में छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच

मुगलसराय। लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय का रोवर्स व रेंजर्स इकाई व गृह विज्ञान विभाग की ओर से नियमताबाद फेज वन आंगनवाड़ी में महिलाओं को आयरन की गोली, सैनिटरी पैड प्रदान किया गया व बीपी का मापन किया। गृह विज्ञान विभाग की डा नेहा श्रीवास्तव ने पौष्टिक आहार के महत्त्व पर चर्चा की। इस अवसर पर आंगनवाड़ी में उपस्थित बच्चों को कापी, पेन व टाफी का वितरण भी किया गया। इसके उपरांत महाविद्यालय के पं पारसनाथ तिवारी नवीन परिसर में महाविद्यालय द्वारा छात्राओं का बीपी नापा गया व आइरन की गोली व सैनिटरी नैपकिन का वितरण किया गया।

वालीबाल प्रतियोगिता आज

मुगलसराय। लालबहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पं पारसनाथ तिवारी नवीन परिसर में 8 अक्टूबर को महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ अंतर महाविद्यालयीय बालीवाल पुरुष प्रतियोगिता का शुभारंभ चंदौली जनपद के ज़िलाधिकारी चन्द्र मोहन गर्ग के द्वारा किया जाएगा। ये जानकारी कार्यक्रम के आयोजक सचिव डा नवीन कुमार पांडेय ने दी।

पितृ विसर्जन पर श्रद्धालुओं को होगी परेशानी

चहनियां। पितृ विसर्जन पर इस बार श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों से तर्पण करना होगा । बलुआ पश्चिम वाहिनी गंगा घाट पर सीढ़ियों पर गंदगी का अंबार फैला हुआ है । श्रद्धालु तर्पण करेंगे । यही नहीं इसके बाद लगातार कई त्यौहार पड़ने है । इस बार पितृ विसर्जन 10 अक्टूबर शनिवार को पड़ रहा है । बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनी गंगा तट पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु मुंडन कराकर तर्पण करेंगे।

स्वच्छता, यात्री सुविधाओं की विशेष निगरानी

मुगलसराय। यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं बेहतर यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रेलवे द्वारा लंबी दूरी की ट्रेनों में रख-रखाव, स्वच्छता एवं साफ-सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। 40 घंटे से अधिक की यात्रा अवधि वाली चिन्हित लंबी दूरी की ट्रेनों में पूरे यात्रा मार्ग के दौरान स्वच्छता बनाए रखने तथा यात्री सुविधाओं की सतत निगरानी सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया है। लंबी दूरी की यात्रा के दौरान यात्रियों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए ऑन-बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस को प्रभावी ढंग से लागू करने के साथ-साथ कोच एवं शौचालयों की नियमित सफाई, कूड़ा संग्रहण, छोटे-मोटे अनुरक्षण कार्य तथा बायो-टॉयलेट की कार्यशीलता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे, गिरफ्तारी की मांग को लेकर पैदल मार्च

चंदौली। इंडिया गठबंधन की बैठक के अनुरूप लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा के लिए चलाए जा रहे वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत पैदल मार्च निकाला गया। मार्च में मुगलसराय विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी चंद्रशेखर यादव ने अपने सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ शामिल होकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनके इस्तीफे और गिरफ्तारी की मांग उठाई। मुगलसराय विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी चंद्रशेखर यादव ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक पात्र नागरिक का मताधिकार सुरक्षित रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची से जुड़े सवालों का समाधान पारदर्शी तरीके से होना चाहिए और निर्वाचन संस्थाओं के प्रति जनता का विश्वास बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि श्वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के माध्यम से लोकतंत्र और संविधान की रक्षा की आवाज को मजबूती से उठाया जा रहा है। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अयूब खान गुड्डू ने कहा कि मताधिकार की रक्षा लोकतंत्र की बुनियाद है। चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और जनता के विश्वास को बनाए रखना जरूरी है। इस दौरान तस्लीम अंसारी, लल्लू बियार, महेंद्र पासवान, अजय इंद्रेश,महेंद्र माही, अजित बब्बू, रामेश्वर प्रधान, शिवाधार,मनोज प्रधान, सतेंद्र सत्या, आकाश बबलू, कैलाश, जावेद अहमद, समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत महिलाओं ने बनायी रंगोली

चकिया। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ब्लॉक परिसर में समूह की महिलाओं ने आकर्षक एवं विशाल रंगोली बनाकर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। रंगोली के माध्यम से महिलाओं ने सामाजिक जागरूकता और सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख चकिया शंभूनाथ यादव ने महिलाओं के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने के साथ ही आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। ऐसे आयोजनों से महिलाओं की प्रतिभा को मंच मिलता है। खंड विकास अधिकारी अनिल कुमार राय ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और जनभागीदारी को बढ़ावा देना है। समूह की महिलाओं द्वारा बनाई गई रंगोली उनकी रचनात्मकता और सामाजिक सहभागिता का बेहतर उदाहरण है। इस अवसर पर एडीओ पंचायत नारायण दत्त त्रिपाठी, बीओ पीआरडी, एडीओ आईएसबी अवधेश कुमार सहित ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव एवं अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



जानलेवा हमला करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

सकलडीहा। पुरानी रंजिश में जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में सकलडीहा पुलिस ने 35 वर्षीय वांछित अभियुक्त मृत्युंजय यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ 2020 और 2024 में भी मुकदमे दर्ज हैं। उसे 6 अक्टूबर को छित्तमपुर पाही से मुखबिर की सूचना पर पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। मामला सकलडीहा थाना क्षेत्र के छित्तमपुर गांव का है। पुलिस के अनुसार 29 अगस्त 2026 को गांव निवासी देवेन्द्र कुमार यादव ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही मृत्युंजय यादव समेत चार लोगों ने उनके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए जानलेवा हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हुए थे। तहरीर के आधार पर 30 अगस्त को सकलडीहा थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। इसमें बीएनएस के तहत मृत्युंजय यादव समेत चार लोगों को नामजद किया गया था। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। गिरफ्तारी की कार्रवाई थानाध्यक्ष भूपेन्द्र कुमार निषाद के नेतृत्व में की गई। टीम में उपनिरीक्षक अजय कुमार शर्मा और कांस्टेबल आशीष कुमार शामिल रहे। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने धूमिल की देश की लोकतांत्रिक छवि- मनोज

चंदौली। सैयदराजा के पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू पार्टी के आह्वान पर बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित कमलापति पार्क से बिछियां धरनास्थल के लिए पैदल मार्च किया। इस दौरान उन्होंने वोट चोरी के लिए सीधे तौर पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को जिम्मेदार ठहराया। आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष को राजनैतिक लाभ पहुंचाने के लिए ज्ञानेश कुमार ने गैरकानूनी कार्य किए, जिससे करोड़ों मतदाता मतदान के अधिकार से वंचित हो गए। साथ ही मामले के खुलासे देश की लोकतांत्रिक छवि भी धुमिल हुई है। उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है, जिसमें हरएक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करना चुनाव आयोग का कर्तव्य एवं दायित्व है। लेकिन इसके विपरीत चुनाव आयोग ने भाजपा सरकार को चुनावों में लाभ पहुंचाने के लिए एसआईआर प्रक्रिया को लाकर बड़े पैमाने पर नाम काटने का काम किया। इस दौरान फार्म-7 के दुरुपयोग के साथ ही तमाम गैरकानूनी कार्य हुए, जिसके तहत जाति एवं संप्रदाय विशेष के मतदाताओं को टारगेट करके उनका नाम सूची से हटाया गया। आज हालात ऐसे हैं कि एक-एक राज्य में लाखों की संख्या में आपत्तियां लंबित है जिन पर न तो सुनवाई हो रही है और ना ही उन पर कोई विचार किया जा रहा है। ऐसे में चुनाव आयोग के दफ्तर से जुड़ी चौकाने वाली खबरों ने हम सभी को स्तब्ध करके रख दिया है। जिस तरह से मुख्य चुनाव आयुक्त मनमाने ढंग से काम कर रहे हैं वह पूरी तरह से गलत एवं गैरकानूनी है। ऐसे में उन्हें तत्काल अपने पद से हट जाना चाहिए। मांग किया कि मुख्य चुनाव आयोग ज्ञानेश कुमार को पद से हटाते हुए उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जाए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष रामजन्म यादव, अजय मौर्या, सूर्यपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।



प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा

चकिया। वन्यजीव प्राणी सप्ताह के अवसर पर बुधवार को चकिया वन क्षेत्र के शेरपुर मोहम्मदाबाद स्थित प्रतिभा विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। वन विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के बीच निबंध लेखन और चित्रकला प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने वन्यजीवों एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विषयों पर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथमए द्वितीय और तृतीय स्थान के लिए चयनित कर वन विभाग की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को वन्यजीवों के संरक्षण, जंगलों की सुरक्षा और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों से वन्यजीवों के प्रति संवेदनशील रहने तथा पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में वन दरोगा जशवंत सिंह, राम आशीष, अमित यादव, वन रक्षक शिवबख्श, लालबहादुर सिंह और विद्यालय प्रबंधक मोहन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

श्रमिकों की सुरक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध-साधना

चंदौली। सेवा संकल्प अभियान के तहत जनपद के निर्माणाधीन एकीकृत कोर्ट (इंटीग्रेटेड कोर्ट) परिसर में बुधवार को श्रम विभाग द्वारा श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग के निर्देशन में आयोजित इस शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद साधना सिंह ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण श्रमिकों से सीधा संवाद किया और विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण कर जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। सांसद साधना सिंह ने कहा कि श्रमिक देश के विकास की असली आधारशिला हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केंद्र व प्रदेश सरकार श्रमिकों के स्वास्थ्य, सम्मान और सामाजिक सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा स्वस्थ और सुरक्षित श्रमिक ही विकसित भारत की मजबूत नींव हैं। श्रमिकों के योगदान को सम्मान देते हुए योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाना ही जनसेवा का वास्तविक उद्देश्य है। कन्या विवाह सहायता योजना के 6 और संत रविदास शिक्षा सहायता योजना के 4 लाभार्थी श्रमिकों को कुल 4,00,000 की स्वीकृति प्रमाण-पत्र बांटे गए। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 150 श्रमिकों का नि:शुल्क शुगर, बीपी और आंखों का परीक्षण कर नि:शुल्क दवाएं वितरित की गई। श्रम विभाग द्वारा मौके पर ही 45 निर्माण श्रमिकों का नया पंजीकरण एवं ई-श्रम कार्ड बनाया गया। इस अवसर पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी पंकज कुमार सिंह, स्वास्थ्य विभाग से डिप्टी सीएमओ डॉ. हीरा लाल, उद्योग विभाग के सहायक आयुक्त राजधारी गौतम आदि उपस्थित रहे।



कबड्डी में रामकृष्ण इंटर कालेज तियरी का शानदार प्रदर्शन

इलिया। जनपदीय माध्यमिक विद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता 2026-27 में रामकृष्ण इंटर कॉलेज तियरी के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और दमदार प्रदर्शन का परचम लहराया। विद्यालय की जूनियर बालक एवं सब जूनियर बालक वर्ग की टीम ने प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। खिलाड़ियों की शानदार जीत से विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का माहौल रहा। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अनुशासन, जुझारूपन और खेल भावना का परिचय देते हुए प्रतिद्वंद्वी टीमों को पछाड़कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। मैदान पर खिलाड़ियों के उम्दा प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया कि ग्रामीण अंचल की प्रतिभाएं भी अवसर मिलने पर सफलता की नई इबारत लिख सकती हैं। टीम की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कार्तिकेय यादव, प्रवक्ता राजमणि वर्मा सहित समस्त विद्यालय परिवार ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। साथ ही टीम कोच राकेश कुमार सोनकर (शारीरिक शिक्षक) एवं टीम मैनेजर विभूति नारायण के मार्गदर्शन और परिश्रम की सराहना की। विद्यालय परिवार ने विजेता टीम के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए मंडलीय प्रतियोगिता के लिए ढेरों शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्य ने कहा कि खिलाड़ियों की यह सफलता विद्यालय के लिए गौरव का विषय है। मेहनत, अनुशासन और लगन के बल पर खिलाड़ी मंडलीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। ।



ज़ी सिनेमा पर मचेगा प्यार, कन्फ्यूजन और कॉमेडी का धमाल

'है जवानी तो इश्क होना है' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर

ज़ी सिनेमा इस शनिवार,10 अक्टूबर को रात 8 बजे डेविड धवन की 'है जवानी तो इश्क होना है' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर लेकर आ रहा है। यह फिल्म वरुण धवन और उनके पिता डेविड धवन की चौथी साथ की फिल्म है। इससे पहले दोनों 'कुली नं. 1', 'जुड़वा 2' और 'मैं तेरा हीरो' में साथ काम कर चुके हैं।



टिप्स फिल्म्स लिमिटेड के बैनर तले बनी और रमेश तौरानी द्वारा निर्मित 'है जवानी तो इश्क होना है' एक टिपिकल डेविड धवन एंटरटेनर है, जिसमें उनकी खास कॉमेडी, दिल को छू लेने वाला पारिवारिक ड्रामा, रोमांस और भरपूर मनोरंजक अफरा-तफरी का शानदार मेल देखने को मिलता है। कहानी जस (वरुण धवन) की है, जिसकी अपनी पत्नी बानी (मृणाल ठाकुर) के साथ शादीशुदा जिंदगी में दूरियाँ आ चुकी हैं। इसी दौरान, इंग्लैंड में उसकी मुलाकात प्रीत (पूजा हेगड़े) से होती है। इसके बाद शुरू होता है गलतफहमियों, बदली हुई पहचान, उलझते रिश्तों, बड़े बड़े झूठ और मजेदार घटनाओं का ऐसा सिलसिला, जो दर्शकों को हँसी से लोटपोट कर देता है। डेविड धवन कहते हैं, सिनेमा में चार दशक से ज्यादा का सफ़र तय करने के बाद भी मेरे लिए सबसे बड़ी खुशी आज भी अपने दर्शकों का मनोरंजन करना है। यह मेरी 46वीं फिल्म है और मैं ऐसी फिल्म बनाना चाहता था, जिसमें वे सभी चीजें हों, जिन्हें लोग मेरे सिनेमा में पसंद करते हैं, जैसे हास्य, उलझन, संगीत और भावनाएँ। वरुण के साथ काम करना इसे और खास बना देता है, क्योंकि वह सिर्फ मेरा बेटा ही नहीं, बल्कि ऐसा कलाकार भी है,मृणाल ठाकुर कहती हैं,मैं हमेशा से कॉमेडी करना चाहती थी और यदि मुझे इस जॉनर में कदम रखना था, तो वह डेविड सर के साथ ही होना था। पूजा हेगड़े कहती हैं,इस फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए एक शानदार अनुभव रहा है।वरुण धवन कहते हैं,है जवानी तो इश्क होना है मेरे दिल के बहुत करीब है, क्योंकि इसने मुझे एक बार फिर अपने पिता के साथ काम करने का अवसर दिया।

इंडिगो फ्लाइट पर बिजली गिरी, लखनऊमें इमरजेंसी लैंडिंग

लखनऊ (आससे.)। पटना से लखनऊ आ रही इंडिगो की एक फ्लाइट बुधवार शाम खराब मौसम के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई। विमान की नोज क्षतिग्रस्त हो गई। उस समय विमान करीब 17 हजार फीट की ऊंचाई पर था। लेकिन, पायलट ने सूझ-बूझ से विमान को लखनऊ एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतार लिया। घटना के समय विमान में 150 यात्री सवार थे।जिस समय बिजली गिरने की घटना हुई, विमान में 150 यात्री सवार थे। सभी यात्री सुरक्षित हैं। जिस समय बिजली गिरने की घटना हुई, विमान में 150 यात्री सवार थे। सभी यात्री सुरक्षित हैं। इंडिगो विमान (6श्व925) ने पटना एयरपोर्ट से बुधवार दोपहर 3ः10 बजे उड़ान भरी। इसी विमान को 6श्व6968 के रूप में 5ः05 बजे लखनऊ से अहमदाबाद जाना था। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, 17 हजार फीट की ऊंचाई पर बिजली की चपेट में आने की घटना हुई। इसके बाद विमान शाम 4ः05 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरा। हालांकि, सभी यात्री सुरक्षित रहे। वहीं, तकनीकी दिक्कत आने के बाद विमान को लखनऊ एयरपोर्ट पर ही रोक दिया गया। यात्रियों के लिए इंडिगो ने दूसरे विमान का इंतजाम किया।

राज्यसभा चुनावने बता दिया विधानसभा चुनाव का परिणाम-मुख्यमत्री



चुनावमें अखिलेशको पता चलेगा पीडीए का हाल

लखनऊ (आससे.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्यसभा चुनाव ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव का परिणाम बता दिया है। अब विधानसभा चुनाव में एनडीए के 80 फीसद का मुकाबला पीडीए के 20 फीसद से होगा। पीडीए का फिर क्या हाल होगा, तब पता चल जाएगा। वह बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर जीपीओ स्थित पटेल पार्क में सेवा ज्योति यात्रा 'विकसित भारत संकल्प सभा' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि पहले यूपी में एक जिला-एक माफिया समानांतर सत्ता चलाते थे। लेकिन अब एक जिला- एक मेडिकल कॉलेज, एक उत्पाद, एक व्यंजन है। कारीगरों व हस्तशिल्पियों को सम्मान मिल रहा है। सेवा के संकल्प का कार्यक्रम अर्थव्यवस्था मजबूत कर रहा है। पहले आवास समेत अन्य सुविधाएं नहीं थी। जनधन खाते खोलने पर लोग डिजिटल इंडिया का मखौल उड़ाते थे। यह कांग्रेस व इंडी गठबंधन की बेईमानी पर प्रहार था। अब डीबीटी के जरिए महिला, किसान, युवा, गरीब, श्रमिकों आदि के खाते में सीधे पैसा जाता है। पीएम मोदी ने असंभव को संभव बनाया। करीब 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, रसोई गैस कनेक्शन, स्टार्टअप का इकोसिस्टम, हाईवे-एक्सप्रेसवे का नेटवर्क, यूपी में इनलैंड वाटरवे की सुविधा दी। पहले एक चिप के लिए दुनिया पर निर्भर रहना पड़ता था। अब देश में सेमीकंडक्टर के 12 से अधिक उद्योग क्रियाशील हैं। निवेश भी हो रहा है। पहले भारत रक्षा क्षेत्र में दुनिया पर निर्भर था। अब हजारों करोड़ रुपये के डिफेंस मैन्युफेक्चरिंग प्रोडक्ट अन्य देशों को भेज रहा है।

कांग्रेस ने निकाला वोट बचाओ, देश बचाओ मार्च

हरिद्वार (एजेंसी) एसआईआर प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों को लेकर चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और गिरफ्तारी की मांग को लेकर कांग्रेस ने हरिद्वार में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' मार्च निकाला। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल के नेतृत्व में निकाले गए इस मार्च में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी शामिल हुए। मार्च की शुरुआत शिवमूर्ति से हुई और कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए शहीद पार्क, कोतवाली हरिद्वार के सामने तक पहुंचे। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसआईआर प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के खिलाफ आवाज उठाई और चुनाव आयुक्त के इस्तीफे व गिरफ्तारी की मांग की।

उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र

विषय : निविदा सूचना संख्या 17-टेंडर/उप मुख्य अभियंता/निर्माण/वाराणसी द्वितीय दिनांक 24.09.2026 के संबंध में प्रथम शुद्धि पत्र।

निविदा सूचना संख्या 17-टेंडर/उप मुख्य अभियंता/निर्माण/ वाराणसी-द्वितीय, दिनांक 24.09.2026 जो दिनांक 27.09.2026 को समाचार-पत्रों में प्रकाशित की गई थीं, को वर्तमान में प्रशासनिक आधार पर निरस्त किया जाता है। संख्या : 17-टेंडर/उप मुख्य अभियंता/ निर्माण/वाराणसी-द्वितीय/ प्रथम शुद्धिपत्र/दिनांक : 06.10.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3479/26

एन सी एल NCL **Northern Coalfields Limited**
(A Miniratna Company)
(A subsidiary of Coal India Limited)

Notification

In reference to the Notification issued vide **Ref No. NCL/Medical Consultant/2026/704 dated 19.09.2026** for engagement of Medical Consultants on Part-Time Basis at NCL Hospitals and Dispensaries, it is hereby informed that the **last date for submission of applications** has been extended from **05.10.2026 (5:00 PM) to 15.10.2026 (5:00 PM)** for all posts mentioned in the aforesaid Notification, **except the post of Dental Surgeon.** Further, the **cut-off date for determining the eligibility of candidates** for the selection process shall be **06.10.2026** for all posts mentioned in the aforesaid Notification, **except Dental Surgeon.**
All other provisions, terms and conditions stipulated in aforesaid **Notification** shall remain **unchanged.** R-51

उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित स्टेशन हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

Admin Unit/Zone	Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway
Auction Catalogue No./Lot No	WVM-BSB-2026
Description of Work	Installation and operation of Water Vending Machine (WVM's) at Varanasi Station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years
Catalogue Published on	29.09.2026
Auction Start (All Lots)	14.10.2026 at 11:00 Hrs
Auction Close Date/Time	14.10.2026 at 11:30 Hrs
Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders	E-Auction Module of **www.ireps.gov.in**

नीलामी के लिए रखी जाने वाली डब्ल्यूवीएम का विवरण निम्नलिखित है:-

Details of WVM

S. No	Lot Number	Station	Close Date & Time
1	MSS-LKO-BSB-WVM-198-26-1	BSB	Date-14.10.2026 11:30

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3473/2026

उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या : 29/2026 दिनांक : 01.10.2026

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि0 मंडल सामग्री प्रबंधक, उ0म0रे0, प्रयागराज निम्नलिखित मदों के लिये ई-प्रापण निविदा आमंत्रित करते है।

निविदा संख्या : 19267445	**मात्रा :** 6112 नग
विवरण : विंटर जैकेट	
ई.म.डी. रू : 1,02,620/-	**निविदा खुलने की तिथि :** 16.11.26

नोट - 1. उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण **IREPS** वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। 2. उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको **I.T. Act 2000** के अन्तर्गत **CCA** द्वारा जारी **Class III Digital** हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ **IREPS** की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र हस्ताक्षरित होने चाहिये। 4. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय भार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। उपरोक्त निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाईट **https://www.ncr.indianrailways.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये **IREPS** की वेबसाईट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 2273/26 (C)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONC

उत्तर मध्य रेलवे

कैटरिंग : ई-नीलामी सूचना

S N	Details of publicity	E-Auction catalogue No.	E-Auction Start Date & Time
1	**02 साल की अवधि के लिए विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर इनोवेटिव कैटरिंग यूनिट :** अलीगढ़ (01 स्थान), प्रयागराज (02 स्थान), प्रयागराज छिवकी (01 स्थान), कानपुर (01 स्थान)	MSS-INNO-PRYJ-1	14.10.2026 at 11:00 hrs
2	**05 साल की अवधि के लिए विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर खान-पान (कैटरिंग) यूनिटें :** दादरी (1 स्थान), डॉवर (1 स्थान), हाथरस (1 स्थान), इरादतगंज (2 स्थान), नैनी (1 स्थान), नारायणपुर बाज़ार (1 स्थान), पनकीधाम (1 स्थान), अलीगढ़ (1 स्थान), मानिकपुर (1 स्थान), फफूंद (1 स्थान)	PRYJ-CATG-26-27	16.10.2026 at 11:00 hrs
3	**5 साल की अवधि के लिए विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर मल्टी-पर्पस यूनिट्स :** अलीगढ़ (1 स्थान), विंध्याचल (1 स्थान), फतेहपुर (1 स्थान), मानिकपुर (1 स्थान), फफूंद (1 स्थान)	PRYJ-MPS-26-14	16.10.2026 at 11:00 hrs
4	**ट्रेन नंबर 13309/10 के लिए ट्रेन साइड वेंडिंग**	PRYJ-TSV-26-2	16.10.2026 at 11:00 hrs
5	**5 साल की अवधि के लिए विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर खान-पान इकाइयाँ :** खुर्जा (02 स्थान), तिराह्र (04 स्थान), मेजा रोड (01 स्थान), खागा (02 स्थान), चुनार (01 स्थान), सोनभद्र (03 स्थान), हाथरस (01 स्थान), फफूंद (01 स्थान), नैनी (01 स्थान), शंकरगढ़ (01 स्थान), भरवारी (01 स्थान)	PRYJ-CATG-26-28	19.10.2026 at 11:00 hrs

रायपुर (आ.स.से.)। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में शासन प्रमुख के रूप में जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आज राजधानी रायपुर में सेवा, संकल्प और राष्ट्र निर्माण की भावना से ओतप्रोत 'विकसित भारत संकल्प सभा' एवं 'सेवा ज्योति यात्रा' का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के जिला मुख्यालयों सहित कुल 38 स्थानों पर 'सेवा ज्योति संकल्प चौक' के निर्माण की घोषणा की। उन्होंने राजधानी रायपुर के तेलीबांधा चौक को भी 'सेवा ज्योति संकल्प चौक' के रूप में विक. सित करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि ये संकल्प चौक जनसेवा, राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत के संकल्प के प्रतीक बनेंगे। ये आने वाली पीढ़ियों को यह प्रेरणा देंगे कि राष्ट्र की प्रगति में प्रत्येक नागरिक का योगदान महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रति. निधियों और नागरिकों को विकसित भारत एवं विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प दिलाया। इसके पश्चात उन्होंने हाथों में मशाल लेकर 'सेवा ज्योति यात्रा' का नेतृत्व किया और बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय से प्रारंभ हुई यह यात्रा तेलीबांधा चौक तक निकाली गई। बड़ी संख्या में नागरिकों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक यात्रा में सहभागिता की। मुख्यमंत्री श्री साय ने विकसित भारत संकल्प सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 7 अक्टूबर 2001 को श्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में जिम्मेदारी संभाली थी। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में उनके निरंतर सेवाकाल के आज 25 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इन 25 वर्षों की यात्रा जनसे. वा, सुशासन, विकास और राष्ट्रहित के प्रति अटूट समर्पण की यात्रा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी स्वयं को देश का 'प्रधान सेवक' मानते हैं। देश के 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षाओं और उनके बेहतर भविष्य की चिंता करते हुए वे 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र के साथ निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में भारत ने विकास के प्रत्येक क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है और आज पूरी दुनिया भारत के बढ़ते सामर्थ्य और नेतृत्व को देख रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा ज्योति यात्रा प्रधानमंत्री श्री मोदी के जनसेवा के प्रति समर्पण को सम्मान देने के साथ ही विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी का संकल्प लेने का अवसर है। उन्होंने इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक प्रदेश में एक माह का 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जा रहा है। इस दौरान सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जनकल्याण और सामाजिक सहभागिता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभियान की शुरुआत में 17 सितंबर को छत्तीसगढ़ के लोगों ने पूरे उत्साह और आत्मीयता के साथ डेढ़ करोड़ से अधिक 'आशीर्वाद के दीये' प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री श्री मोदी के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की थी। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से प्रदेश के नागरिक सेवा और राष्ट्र निर्माण के संकल्प से लगातार जुड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विक. सित राष्ट्र बनाने का विराट लक्ष्य देश के सामने रखा है। यह केवल सरकार का लक्ष्य नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सामूहिक संकल्प है। इस संकल्प को सिद्ध करने की क्षमता और सामर्थ्य हमारे देश और देशवासियों में है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण भी आवश्यक है। इसी सोच के साथ राज्य सरकार ने 'छत्तीसगढ़ अंजोर विजन /2047' के माध्यम से आने वाले वर्षों के विकास की दिशा तय की है। प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र और प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ते हुए एक समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करते हुए विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में सहभागी बनें। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री का दायित्व संभालने से पहले विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के अनेक क्षेत्रों का व्यापक भ्रमण किया था। इस कारण वे प्रदेश की भौगोलिक, सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों के साथ यहां की संभावनाओं से भी भली-भांति परिचित हैं। उन्होंने कहा कि जब भी प्रधानमंत्री श्री मोदी से छत्तीसगढ़ के विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा होती है, प्रदेश को अपेक्षा से बढ़कर उनका सहयोग और मार्गदर्शन मिलता है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ विकास के नए अवसरों से जुड़ रहा है और विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका को लगातार मजबूत कर रहा है। अपने हालिया सिंगापुर प्रवास का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की सोच है कि भारत के राज्य भी दुनिया के विभिन्न देशों के साथ अपने आर्थिक और संस्थागत संबंधों को मजबूत करें तथा निवेश, तकनीक, कौशल और नवाचार के वैश्विक अवसरों का लाभ उठाएं।

सीबीआईके छह अधिकारियों पर गिरी गाज

नयी दिल्ली (आससे.)। दिल्ली हाईकोर्ट ने झूठा जवाब दाखिल करने के आरोप में सीबीआई के 6 अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज कराने का निर्देश दिया है। जस्टिस मधु जैन की पीठ ने भारतीय राजस्व सेवा के पूर्व अधिकारी अशोक कुमार अग्रवाल की याचिका पर सुनवाई के बाद यह निर्देश दिया। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने दिल्ली राऊज एवेन्यू कोर्ट के विशेष जज के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें उन्होंने सीबीआई के 6 अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने से इनकार कर दिया था। हाईकोर्ट ने पाया कि सीबीआई अधिकारियों ने अदालत के सामने तथ्यात्मक रूप से गलत जानकारी सामने रखी थी। दरअसल,सीबीआई ने आईआरएस अधिकारी अशोक कुमार अग्रवाल के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया था। दिल्ली हाईकोर्ट ने 13 जनवरी 2016 को इस मामले में सीबीआई की अभियोजन स्वीकृति को अमान्य ठहरा दिया था। इसके बाद विशेष अदालत ने 10 मार्च 2016 को अशोक अग्रवाल को इस मामले में डिस्चार्ज कर दिया था। इसके बाद अशोक अग्रवाल ने अपने जब्त



दस्तावेजों को वापस मांगने के लिए याचिका दायर की। सीबीआई ने 2 अगस्त 2016 को जवाब दाखिल करते हुए कहा कि कानून और न्याय मंत्रालय/प्रशासनिक मंत्रालय के साथ आगे की कानूनी कार्रवाई पर बातचीत जारी है। जबकि कानून मंत्रालय पहले ही 8 जून 2016 को इस संबंध में अपनी राय दे चुका था कि सुप्रीम कोर्ट में अपील करने का कोई ठोस आधार नहीं है। किसी तरह की कोई बातचीत लंबित नहीं थी, बल्कि सिर्फ आंतरिक विचार-विमर्श चल रहा था। इसके बाद अशोक अग्रवाल ने धारा 340 सीआरपीसी के तहत गलत हलफनामा/झूठा बयान देने के लिए सीबीआई अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। विशेष अदालत ने 25 अक्टूबर 2025 को इस आवेदन को खारिज कर दिया था। इसके बाद अशोक अग्रवाल ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। दिल्ली हाईकोर्ट ने इस मामले की सुनवाई की। हाईकोर्ट ने पाया कि मिनिस्ट्री ऑफ़ लॉ ने 8 जून 2016 को अपनी कानूनी राय दी थी जिसमें एसएलपी फाइल करने की उनकी रिक्वेस्ट को मना कर दिया गया था। अदालत के मुताबिक रिकॉर्ड प्रथमदृष्टया इस बदलाव को विनीत विनायक से जोड़ता है।

अहमदाबादके 10 निजी स्कूलों समेत देश के दो स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी

अहमदाबाद (एजेंसी)। गुजरात के अहमदाबाद में बुधवार को करीब 10 निजी स्कूलों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने स्कूलों में पहुंचकर जांच शुरू की। हालांकि, तलाशी के दौरान किसी भी स्कूल में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। अधिकारियों ने धमकी को फर्जी बताया है। पुलिस के मुताबिक, धमकी भरे ईमेल में दावा किया गया था कि बुधवार सुबह इन स्कूलों में बम धमाके किए जाएंगे। ईमेल भेजने वाले ने खुद को 'खालिस्तान नेशनल आर्मी' से जुड़ा बताया था। हालांकि, जांच में अभी तक इस संगठन से धमकी का कोई संबंध सामने नहीं आया है। धमकी मिलने के बाद पुलिस के साथ बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड और एंटी-सैबोटाज टीमों को स्कूलों में भेजा गया।



राष्ट्र नतमस्तक है आपके सम्मान में...



31.07.1880-08.10.1936

बनारस के लमही नामक गाँव में एक किसान परिवार में डीजन्मे उपन्यास **सम्राट 'मुंशी प्रेमचंद जी'** की 90वीं पुण्यतिथि पर **'मातृभूमि सेवा संस्था'** तथा हिन्दी दैनिक समाचार पत्र **'आज'** इन्हें कोटिशः नमन करती है।

मुंशी प्रेमचंद जी का वास्तविक नाम धनपतराय श्रीवास्तव था। 10वीं की परीक्षा क्वींस कॉलेज, बनारस से उत्तीर्ण करने के उपरांत मुंशी जी 18 रुपए मासिक पर अध्यापक की नौकरी करने लगे थे। प्रोन्नति भी मिली और स्कूल इंस्पेक्टर बन गए। फरवरी 1921 में गाँधी जी इलाहबाद आए। वह देश से असहयोग की माँग कर रहे थे। प्रेमचंद भी सरकारी नौकरी छोड़ आंदोलन में शरीक हो गए। प्रेमचंद जी ने अपना साहित्यिक सफर एक उपन्यासकार और आलोचक की हैसियत से शुरू किया था। उनका पहला उपन्यास सन् 1901 में प्रकाशित हुआ और दूसरा सन् 1904 में। वह तब उर्दू में लिखते थे और उनका नाम था नवाब राय। उन्होंने सन् 1907 से कहानियाँ लिखना भी शुरू कर दिया था। वे आरंभिक कहानियाँ उस जमाने की मशहूर पत्रिका 'जमाना' में प्रकाशित हुईं। उनका पहला कहानी-संग्रह ' सोजे वतन' तब प्रकाशित हुआ जब प्रथम विश्वयुद्ध की तैयारियाँ जोरों पर थीं। इस संग्रह को अँग्रेज शासक द्वारा खतरे के रूप में देखा गया और लेखक को इसकी 500 प्रतियों को आग लगा देने के लिए मजबूर किया गया। यहीं से फिर प्रेमचंद ने नवाबराय नाम छोड़कर प्रेमचंद नाम से लिखना शुरू किया। उन्हें यह नाम उर्दू लेखक और संपादक दयानारायण निगम ने दिया था। युद्धकाल में ही उन्होंने अपना पहला महान उपन्यास 'सेवा सदन' लिखा और युद्ध की समाप्ति पर 'प्रेमाश्रम' भी पूरा कर लिया था। हिंदी में जब श्सेवासदनश प्रकाशित हुआ तो हिंदी संसार में धूम मच गई। उन्हें हिंदी समाज में प्रेमपूर्वक 'उपन्यास सम्राट' पुकारा जाता है। उनके उपन्यास समाज के विभिन्न पक्षों को उद्घाटित करते हैं। हिंदी उपन्यास के इतिहास में उनके के समय को 'प्रेमचंद युग' के नाम से जाना जाता है। वह हिंदी के अत्यंत लोकप्रिय कहानीकार भी हैं। उन्होंने उद्देश्यपरक कहानियाँ लिखी हैं जहाँ जीवन की सच्चाई को भाषा की सहजता-सरलता में प्रकट किया है। सेवासदन, प्रेमाश्रम, रंगभूमि, प्रतिज्ञा, गबन, कर्मभूमि, गोदान, मंगलसूत्र (अपूर्ण) उनकी प्रमुख उपन्यास कृतियाँ थीं। उनकी प्रमुख कहानियाँ दो बैलों की कथा, ईदगाह, ठाकुर का कुआँ, पूस की रात, कफन, बूढ़ी काकी, पंच परमेश्वर, दो बैलों की कथा, बड़े घर की बेटी, नमक का दारोगा, कर्मों का फल, बलिदान, शतरंज के खिलाड़ी। - **'राकेश कुमार'**

मातृभूमि सेवा संस्था

www.mss-ind.org

9891960477-क्रांतिकारियों के जीवन पर निर्मित कैलेंडर प्राप्त करने हेतु संपर्क सूत्र।

स्कूटनी के बाद खण्ड स्नातक के पांच और खण्ड शिक्षक का एक नामांकन निरस्त

लखनऊ (आससे.)। राजधानी में लखनऊ मण्डल में विधान परिषद के खण्ड स्नातक एवं खण्ड शिक्षक निर्वाचन के मण्डलायुक्त व रिटर्निंग ऑफिसर विजय विश्वास पंत द्वारा बताया गया कि मण्डलायुक्त कार्यालय कक्ष संख्या एक न्यायालय आयुक्त लखनऊ मण्डल में विधान परिषद के लखनऊ खण्ड स्नातक एवं लखनऊ खण्ड शिक्षक निर्वाचन में जनपद की नामंकन प्रक्रिया के अंतर्गत आज सभी नामांकन आवेदकों के नामांकन प्रपत्रों की जांच व स्क्रूटनी की गयी।जिसमे कुल छह नामांकन खारिज किये गये। मण्डलायुक्त व रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा बताया गया कि सभी प्रत्याशियों के नामांकन प्रपत्रों की नियमानुसार गहन जांच की गई है।

वोट चोरी की दाल में कुछ काला नहीं, बल्कि पूरी दाल ही काली है-आराधना

लखनऊ (आससे.)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि भाजपा ने उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दौरान संविधान बदलने के लिए 400 पार का नारा दिया था, लेकिन संविधान रक्षक नागरिकों ने उत्तर प्रदेश में भाजपा को आधा कर दिया और भाजपा की सत्ता को बैसाखियों पर ला दिया। इसके बाद भाजपा ने संविधान पर प्रहार का दूसरा रास्ता निकाला और एसआईआर के नाम पर देश के करोड़ों लोगों को उनके मताधिकार से वंचित करने का षड्यंत्र रचा गया। जारी बयान में उन्होने कहा कि सामाजिक न्याय के पुरोधा और संविधान रक्षक राहुल गांधी पिछले एक वर्ष से अधिक समय से इस असंवैधानिक प्रक्रिया के खिलाफ लगातार आवाज उठा रहे हैं। उन्होने कहा कि वोट चोरी की दाल में



कुछ काला नहीं, बल्कि पूरी दाल ही काली है। उन्होने कहा कि जिस उत्तर प्रदेश ने भाजपा को सबक सिखाया, उसी उत्तर प्रदेश के मतदाताओं को सबसे ज्यादा हटाया गया। हम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और वाराणसी से सांसद प्रधानमंत्री से पूछना चाहते हैं कि जब मतदाता सूची में सबसे ज्यादा नाम उत्तर प्रदेश से ही काटे गए तो आपने आपत्ति लेना तो दूर, मतदाताओं से छीने गए अधिकारों को ही सही ठहराने का काम क्यों किया। उन्होने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता केवल एक संख्या नहीं है, वह संविधान द्वारा दिया गया अधिकार है। किसी नागरिक का नाम मतदाता सूची से हटाना केवल प्रशासनिक कार्रवाई नहीं बल्कि उसके लोकतांत्रिक अधिकार को प्रभावित करने वाला गंभीर कदम है। कांग्रेस संविधान और मताधिकार पर किसी भी प्रकार का हमला स्वीकार नहीं करेगी। संविधान बचेगा, लोकतंत्र बचेगा और जनता का वोट बचेगा।

बैलेट पेपर पर हुआ चुनाव फिर भी हार गयी कांग्रेस

दिसपुर (एजेंसी)। असम की में चुनावी झटका लगा है। एसआईआर के खिलाफ प्रदर्शन के बीच कांग्रेस को सिलचर नगर निगम चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा है। अब कांग्रेस की इस हार पर असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने तंज कसा है। सरमा ने कहा कि ईवीएम की बात तो छोड़िए, कांग्रेस बैलेट पेपर पर भी नहीं जीत सकती है। बता दें कि सिलचर स्थानीय चुनाव बैलेट पेपर से हुई थी और कांग्रेस दो सीटों पर ही जीत सकी है, वहीं भाजपा को 32 सीटों पर जीत मिली है। सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि कांग्रेस ईवीएम की खिलाफत करती है और बैलेट पत्र पर भी हुआ चुनाव हार जाती है। उन्होंने कहा, आप ही देखिए कि बैलेट पेपर पर भी कांग्रेस हार गई। बैलेट पेपर पर कांग्रेस थोड़ा ज्यादा ही हार गई। इसलिए ईवीएम में लोग नोटा भी दबा देते हैं। मशीन देखकर कुछ लोग घबरा जाते हैं और कभी गलत जगह पर वोट मार देते हैं, लेकिन बैलेट में तो वोट देने के बारे में लोग जानते हैं। तो जब तक बैलेट पेपर में वोट होते हैं, तब कांग्रेस और ज्यादा हारती है।

व्यापारीसे रंगदारी लेनेमें चार सिपाही दोषी, बर्खास्त

लखनऊ (आससे.)। यूपी के शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद में सराफा व्यापारी को फर्जी मादक पदार्थ के मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर रुपये वसूलने के मामले में पुलिस विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है। एसपी सौरभ दीक्षित ने जांच में दोषी पाए गए तिलहर थाने के चार सिपाहियों को पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया है। इनमें पंकज, वीरेंद्र कुमार, अरुण चित्तौड़िया और तुषार वर्मा शामिल हैं।यह प्रकरण चार सितंबर की रात का है। आरोप है कि चारों पुलिसकर्मियों ने जलालाबाद के कानूनगोयान मोहल्ले में रहने वाले सराफा कारोबारी सुंदरम क्षत्रिय को उसकी बाइक में मादक पदार्थ रखकर फंसाने की धमकी दी थी। इसके बाद उसे बिरियागंज चौकी ले जाया गया। वहां कथित रूप से उसके साथ मारपीट और अभद्रता की गई। परिवार से दो लाख रुपये लेने के बाद व्यापारी को छोड़ दिया गया।शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की विभागीय जांच शुरू कराई। जांच में शिकायतकर्ता के बयान के साथ सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कॉल की रिकॉर्डिंग और वायरल वीडियो को भी आधार बनाया गया। साक्ष्यों की पड़ताल में चारों की भूमिका सामने आने की बात कही गई है।इस मामले में पंकज और वीरेंद्र को एंटी करप्शन टीम पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। दोनों को अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। वहीं अरुण चित्तौड़िया और तुषार वर्मा अभी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।एसपी के मुताबिक, सभी आरोपियों को अपना पक्ष रखने का पर्याप्त अवसर दिया गया था। जांच में रंगदारी वसूली के आरोपों की पुष्टि होने पर विभाग ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत चारों को सेवा से बर्खास्त कर दिया।

प्रत्येक माह लगेगा परिवहन मेला-दयाशंकर सिंह

लखनऊ (आससे.)। प्रदेश में परिवहन विभाग द्वारा इसी माह से समस्त मण्डल मुख्यालयों पर चरणबद्ध रूप से परिवहन मेलों का आयोजन करेगा।जिसमें नागरिकों को पंजीकरण, फिटनेस परमिट कर भुगतान स्क्रैप वाहनों के नवीन पंजीकरण परिवहन विभाग के विभिन्न पोर्टल व आनलाइन सेवाओं के प्रयोग इत्यादि के बारे में नागरिकों को जानकारी दी जायेगी। इसके अतिरिक्त नागरिकों को परिवहन विभाग की विभागीय योजनाओं जैसे एटीएस आरवीएसएफ, एडीटीसी डीटीटीआई एवं एचएसआरपी आदि की भी जानकारी दी जायेगी।यह जानकारी देते हुये परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रत्येक माह के चतुर्थ शुक्रवार को परिवहन कार्यालय परिसर मण्डलीय जनपद मुख्यालय में परिवहन मेले का आयोजन परिवहन विभाग द्वारा किया जायेगा।उन्होंने बताया कि 23 अक्टूबर को प्रथम परिवहन मेले का आयोजन किया जायेगा।इसी प्रकार नवम्बर में 27 एवं दिसम्बर में 26 को मेले का आयोजन किया जायेगा।अंतिम शुक्रवार को अवकाश की स्थिति में अगले दिन यानि शनिवार को मेले का आयोजन किया जायेगा।प्रत्येक मण्डल के लिए संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन को नोडल अधिकारी बनाया गया है।परिवहन मेले में नागरिकों व वाहन स्वामियों को वाहन पंजीकरण नवीनीकरण स्वामित्व स्थानान्तरण नया परमिट चालान व प्रकरण संबंधी सहायता ड्राइविंग लाइसेंस संबंधी सहायता आनलाइन संबंधी सहायता एवं दस्तावेज सत्यापन के बारे में जानकारी दी जायेगी।

अयोध्यामें दिखेगा रामायण का भव्य संसार, पुष्पक विमान से फ्लोटर्स तक होंगे मुख्य आकर्षण

लखनऊ (आससे.)। दीपों की रोशनी से निखरने वाली रामनगरी इस बार कलात्मक सजावट और रचनात्मक आकृतियों से भी श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगी। दीपोत्सव-2026 में अयोध्या के प्रमुख चौराहों से लेकर प्रवेश मार्ग, रामकथा पार्क, राम की पैड़ी और सरयू तट तक रामायण की थीम पर भव्य सज्जा नजर आएगी। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने इसके लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। रामनगरी में सजावटी द्वार, वे-फाइंडर, सेल्फी प्वाइंट और मंच के साथ राम रथ व पुष्पक विमान की झलक भी दिखाई देगी। वहीं, सरयू की लहरों पर आकर्षक फ्लोटर्स दीपोत्सव की भव्यता में चार चांद लगाएंगे। दीपोत्सव-2026 के तहत अयोध्या में छह से आठ नवंबर तक विभिन्न आयोजन होंगे। 7 नवंबर को दीपोत्सव का मुख्य आयोजन होगा। श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए करीब 10 प्रमुख थानों पर थीम आधारित वे-फाइंडर लगाए जाएंगे। ये प्रमुख प्रवेश मार्गों, चौराहों और आयोजन स्थलों के आसपास होंगे। दीपोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए राम कथा पार्क और राम की पैड़ी पर 10-10 आकर्षक सेल्फी प्वाइंट बनाए जाएंगे। हर इंस्टॉलेशन की थीम, डिजाइन और निर्माण शैली अलग होगी। इनमें अयोध्या और दीपोत्सव की झलक कलात्मक अंदाज में नजर आएगी। त्रि-आयामी कलाकृतियां आयोजन स्थलों की खूबसूरती बढ़ाने के साथ आगंतुकों के अनुभव को भी खास बनाएंगी। इन्हें इस तरह तैयार किया जाएगा कि ये दीपोत्सव-2026 की सजावट का हिस्सा बनने के साथ लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र भी बनें। इसी कड़ी में लता मंगेशकर चौक से राम की पैड़ी मार्ग तक कलात्मक स्थापनाएं (आर्ट इंस्टालेशन) तैयार की जाएंगी।


नेपालमें फिर बिगड़ा मौसम : भारी बारिश के बाद बाढ़ का मंडराया खतरा

काठमांडू (एजेंसी)। नेपाल के कुछ हिस्सों में बुधवार को भारी बारिश हुई, जिसके बाद अधिकारियों ने कई पश्चिमी जिलों की छोटी नदियों में जलस्तर बढ़ने और अचानक बाढ़ आने की चेतावनी जारी की।हाइड्रोलॉजी और मौसम विज्ञान विभाग के बाढ़ पूर्व चेतावनी सिस्टम ने बताया कि अर्घाखांची जिले के सिमलपानी जल मापन केंद्र पर तीन घंटे में 84.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। विभाग ने चेतावनी दी कि इस इलाके और आसपास के क्षेत्रों की छोटी नदियों में जलस्तर बढ़ सकता है।विभाग ने यह भी बताया कि बांके और बर्दिया जिलों में कई जगहों पर तीन घंटे के दौरान मध्यम से भारी बारिश दर्ज की गई, जिससे छोटी नदियों में जलस्तर बढ़ने और अचानक पानी का बहाव तेज होने की आशंका है।

एक अलग चेतावनी में, विभाग ने कहा कि दारचुला, बैतडी, बझांग, डोटी, डडेलधुरा, बांके, बर्दिया, कैलाली और कंचनपुर तथा आसपास के इलाकों की छोटी नदियों में अचानक बाढ़ आने का मध्यम खतरा है।देश के कई अन्य हिस्सों में भी भारी बारिश हुई है। नेपाल के राष्ट्रीय प्रसारक रेडियो नेपाल ने मौसम वैज्ञानिकों के हवाले से बताया कि चितवन, पाल्पा और कैलाली में भारी बारिश हुई, जबकि नवलपुर, तनहुं, गोरखा, अर्घाखांची और रूपंदेही में आंधी-तूफान और बिजली गिरने की घटनाएं हुईं। लुंबिनी और सुदूरपश्चिम प्रांतों के कुछ हिस्सों के साथ-साथ बागमती, गंडकी और कर्णाली के पहाड़ी इलाकों में भी भारी बारिश की संभावना है। अगले कुछ दिनों तक मौसम के अस्थिर रहने की उम्मीद है। शुक्रवार तक आंधी-तूफान, बिजली गिरने और रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग को उम्मीद है कि शनिवार से हालात धीरे-धीरे बेहतर होंगे। यह ताजा बारिश ऐसे समय में हुई है जब नेपाल पहले आई बाढ़ और भूस्खलन के असर से जूझ रहा है।

तेजस की वायुसेना में जल्द एंट्री की उम्मीदें बढ़ीं

नयी दिल्ली (आससे.)। भारतीय वायुसेना के स्वदेशी फाइटर जेट तेजस की जल्द डिलीवरी की उम्मीदें अब बढ़ती नजर आ रही हैं। जीई ने सितंबर 2026 में चार और एफ 404-आईएन 20 इंजन हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को भेजे हैं। इसके साथ तेजस के लिए अब तक भेजे गए इंजनों की संख्या 14 हो गई है। माना जा रहा है कि आगे भी हर महीने करीब चार इंजनों की सप्लाई जारी रहती है तो इससे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के उत्पादन कार्यक्रम को गति मिल सकती है। सबसे अहम बात यह है कि अब हर महीने करीब चार एफ404-आईएन 20 इंजन मिलने की उम्मीद है। अगर यह सप्लाई इसी रफ्तार से जारी रहती है, तो हेल के तेजस एमकेभीए प्रोडक्शन प्रोग्राम को बड़ी रफ्तार मिल सकती है। इंजन सप्लाई में देरी की वजह से हल के प्रोडक्शन शेड्यूल पर भी असर पड़ा। भारतीय वायुसेना के पास इस समय तेजस की दो ऑपरेशनल स्क्वाड्रन नंबर 45 स्क्वाड्रन 'फ्लाइंग डैगर्स' और नंबर 18 स्क्वाड्रन 'फ्लाइंग बुलेट्स' ट्विन-सीट ट्रेनर विमान शामिल हैं। इनकी डिलीवरी मार्च 2024 से शुरू होने की योजना थी, लेकिन इंजन सप्लाई संबंधी देरी के कारण कार्यक्रम प्रभावित हुआ। इस 83



है। तेजस का पहला बड़ा प्रोडक्शन प्रोग्राम 40 एयरक्राफ्ट का था, 20 आईओसी और 20 एफओसी कॉन्फ़िगरेशन में यह अब पूरा हो चुका है। भारतीय वायुसेना ने 2021 में करीब 48,000 करोड़ रुपये के समझौते के तहत 83 विमानों का ऑर्डर दिया था। इनमें 73 सिंगल-सीट फाइटर और 10 विमानों के कार्यक्रम के लिए कुल 99 एफ 404- आइएर्न 20 इंजन का ऑर्डर किया गया था। बता दें कि हाल ही में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर रवि कुमार ने बताया था कि तेजस विमान के परीक्षण के दौरान कई सॉफ्टवेयर संबंधी बदलाव किए जा रहे हैं।

राज्यसभा के दो उम्मीदवारों के पर्चे खारिज

लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की 10 सीटों पर होने वाले चुनाव की तस्वीर अब साफ हो गई है। नामांकन पत्रों की जांच के दौरान दो निर्दलीय उम्मीदवारों के पर्चे खारिज हो गए हैं। इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के आठ और समाजवादी पार्टी (सपा) के दो उम्मीदवारों का निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है। निर्दलीय उम्मीदवार कांते सायन्ना और ओंकार नाथ चौरसिया के नामांकन में जरूरी प्रस्तावक संबंधी औपचारिकताएं पूरी नहीं थीं। इसी आधार पर दोनों के पर्चे खारिज किए गए। नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने तक राज्यसभा की 10 सीटों के लिए कुल 12 उम्मीदवारों ने पर्चे दाखिल किए थे। अब मैदान में बीजेपी के आठ और सपा के दो उम्मीदवार ही रह गए हैं। नाम वापसी की अंतिम तारीख 9 अक्टूबर निर्धारित है। इसके बाद यदि किसी उम्मीदवार ने नाम वापस नहीं लिया तो सभी 10 उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया जाएगा।



न्यूज चैनलपर मेरी चोली की चर्चा-कृति सेनन

मुंबई (एजेंसी)। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान द्वारा होस्ट किया जाने वाला बेहद लोकप्रिय टॉक शो और पॉडकास्ट व्हाट वीमेन वांट का सीजन 6 जल्द शुरू होने वाला है। इस सीजन में अली फजल, नेहा कक्कड़, महीप कपूर, भावना पांडे, मिकी कॉन्ट्रैक्टर, पंकज त्रिपाठी, कृति सेनन और मीरा राजपूत समेत कई सितारे नजर आएंगे। अब हाल ही में शो का ट्रेलर जारी किया गया, जिसमें देखने को मिला कि कृति अभिनेत्री के साथ रक्षाबंधन विज्ञापन विवाद पर खुलकर बात करते हुए नजर आती हैं। करीना से बात करते हुए कृति ने कहा, मुझे विश्वास ही नहीं हुआ कि मेरी चोली प्राइम टाइम न्यूज में छह लोगों की पैनल चर्चा का मुद्दा बन गई थी। इस पर करीना ने कहा, मुझे पता है। शो के आखिर में जब कृति से पूछा गया कि महिलाएं वास्तव में क्या चाहती हैं, तो उन्होंने जवाब दिया, जज न किया जाए और लोग अपने काम से काम रखें। दरअसल, यह विवाद तब शुरू हुआ था, जब ज्वेलरी ब्रांड जिवा ने रक्षाबंधन पर कृति के साथ एक विज्ञापन जारी किया था। इस विज्ञापन में अभिनेत्री अपने भाई के साथ-साथ अपने पालतू कुत्ते को भी राखी बांधते हुए नजर आई थीं। इस दौरान उन्होंने इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहना था। विज्ञापन में कृति ऑफ-व्हाइट ब्रालेट स्टाइल ब्लाउज, केप और ड्रेप्ड स्कर्ट पहने नजर आई थीं। विज्ञापन के जरिए रक्षाबंधन जैसे पारंपरिक त्योहार को एक मॉडर्न अंदाज में दिखाने की कोशिश की गई थी, लेकिन कुछ लोगों को यह पसंद नहीं आया। सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने सवाल उठाया कि इस त्योहार के लिए ऐसा पहनावा सही है या नहीं। सिर्फ इतना ही नहीं, विज्ञापन में कुत्ते को भी रक्षाबंधन सेलिब्रेशन का हिस्सा बनाया गया था।

एक ब्रांड, एक दवा, एमआरपी अलग अलग, एफएसडीए की जांचमें सामने आया बड़ा गोलमाल

लखनऊ (आससे.) । दवाओं की कीमतों में पारदर्शिता को लेकर उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की जांच में महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं। प्रदेश के 214 अस्पतालों की फार्मेसियों से जुटाए गए आंकड़ों के विश्लेषण में एक ही कंपनी और एक ही ब्रांड की दवा की अलग-अलग संस्थागत आपूर्ति में अलग-अलग एमआरपी दर्ज मिली है। 167 औषधियों की सूची में से कई प्रमुख ब्रांड की दवाओं में यह अंतर कुछ सौ रुपये से लेकर हजारों रुपये तक है। इनमें महंगी और गंभीर रोगों के उपचार में इस्तेमाल होने वाली दवाएं भी शामिल हैं।एफएसडीए ने विगत दिनों ड्रग सेफ्टी के तहत प्रदेश के 214 अस्पतालों की फार्मेसियों की जांच की थी। इस दौरान विभिन्न दवाओं और मेडिकल उत्पादों से संबंधित आंकड़े जुटाए गए। तुलनात्मक अध्ययन में खास तौर पर यह देखा गया कि एक ही कंपनी और एक ही ब्रांड की दवा जब अलग-अलग संस्थानों को संस्थागत आपूर्ति के रूप में दी गई, तो उस पर अंकित एमआरपी में क्या अंतर है। जांच में सामने आए इन अंतर को विभाग ने दवा कीमतों में पारदर्शिता और मरीजों के हित के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना है। विभाग के द्वारा तैयार की गई 167 दवाओं की सूची भारत सरकार के साथ भी साझा की गई है।विभाग के अनुसार, एक ही ब्रांड और एक ही दवा की अलग-अलग प्रतिष्ठानों में अलग-अलग एमआरपी होना उपभोक्ता मूल्य निर्धारण में गंभीर अनियमितता की ओर संकेत करता है। निर्धारित व्यवस्था के अनुसार कीमतों में वार्षिक संशोधन की गुंजाइश है, लेकिन किसी भी वृद्धि को 10 प्रतिशत की सीमा के भीतर ही रखा जाना चाहिए। इसके विपरीत, अलग-अलग संस्थानों में एक ही उत्पाद की एमआरपी में बड़ा अंतर यह संकेत देता है कि कीमतें किसी एक समान मानक के आधार पर निर्धारित होने के बजाय बाजार की मांग और खरीदार की जरूरत के अनुसार प्रभावित की जा रही हैं। एफएसडीए की जांच में सामने आया है कि एक ही दवा की अलग-अलग एमआरपी कई बार फार्मा कंपनियों और स्वास्थ्य संस्थानों के बीच तय होने वाली व्यावसायिक शर्तों से प्रभावित होती हैं। इससे ट्रेड मार्जिन बढ़ने और दवाओं की कीमतों में अनावश्यक वृद्धि का असर सीधे मरीजों और आम उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ता है।


आलोक तिवारीको डीएफसीसीआईएल के एमडी का अतिरिक्त प्रभार

नयी दिल्ली (आससे.)। 1988 बैच के आईआरएसई अधिकारी आलोक तिवारी को डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) के प्रबंध निदेशक (एमडी) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वे रेलवे बोर्ड में एडिशनल मेंबर (ब्रिज) की जिम्मेदारी के साथ यह पद संभालेंगे। उन्होंने सोमवार को कार्यभार ग्रहण किया। रेलवे अवसंरचना के क्षेत्र में 36 वर्षों से अधिक का अनुभव रखने वाले तिवारी इससे पहले दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर, दक्षिण पश्चिम रेलवे में प्रिंसिपल चीफ सेफ्टी ऑफिसर, गुंतकल के मंडल रेल प्रबंधक और आरवीएनएल में चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर-कम-ग्रुप जनरल मैनेजर जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। उन्होंने 1,000 किलोमीटर से अधिक रेलवे अवसंरचना के निर्माण और कमीशनिंग में प्रत्यक्ष भूमिका निभाई है। कार्यभार संभालने के बाद तिवारी ने डीएफसीसीआईएल में समीक्षा बैठक की। इसमें डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के संचालन, निर्माण, रखरखाव, सुरक्षा और परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने रखरखाव में मैकेनाइजेशन और ऑटोमेशन, आधुनिक निर्माण तकनीक, प्रीकास्ट तकनीक तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दिया। प्रस्तावित ईस्ट-वेस्ट डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की योजना और विकास पर भी चर्चा हुई।



काशीमें शिव और शक्तिका संगम

काशी में नवरात्र के दौरान मातृशक्ति के रूप में दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा की जाती है। महिषासुर मर्दिनी का स्वरूप राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है जिसमें देवी देवताओं द्वारा दिए गए अस्त्रों से महिषासुर का वध करती हैं। यह स्वरूप सामूहिक शक्ति और एकजुटता का संदेश देता है जिसकी प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है।



काशीमें दुर्गा की अनेक प्राचीन मूर्तियां स्थापित हैं

नवरात्र के नौ दिनों में हम शक्ति के ही विभिन्न रूपों का पूजन और दर्शन करते हैं जो मातृशक्ति यानी हमारे अस्तित्व से प्रारंभ होती हुई संपूर्ण जीवन की क्रियाशीलता और कार्य करने की क्षमता और ऊर्जा का मूर्त रूपांतरण है। मूलत- शिव और शक्ति का एक्य प्रकृति और पुरुष के रूप में ज्ञात है और वही शक्ति पार्वती या उमा के नाम से शिव पत्नी के रूप में दिखाई गई हैं। शक्ति के विभिन्न रूप वास्तव में पार्वती की ही अलग- अलग रूपों में अभिव्यक्ति है और इस प्रकार हमारे जीवन के विभिन्न कार्यों के लिए अनिवार्य ऊर्जा के स्रोत का मूर्त रूपांतरण है। महिषासुर मर्दिनी दुर्गा स्वरूप में मां पार्वती की यह अभिव्यक्ति राष्ट्रीय एकात्मता को प्रबोधक है। देवी सामान्यतः त्रिशूल से महिष की कटी हुई गर्दन से निकले मानव देहधारी असुर के वक्ष पर निर्णायक प्रहार करती दिखाई गई हैं। यह स्वरूप मार्कंडेय पुराण के दुर्गा सप्तशती के 74वें में एवं 75वें सर्ग में विस्तार से वर्णित है। पहली-दूसरी शती ई. से निरंतरता में 20वीं शती बल्कि 21वीं शती में दुर्गा महिषमर्दिनी का वही स्वरूप निरंतरता में देखा जा सकता है। आज भी काशी के विभिन्न पंडालों में और काशी के बाहर के भी पंडालों में दुर्गा के महिषमर्दिनी स्वरूप की ऐसी ही मूर्तियां स्थापित होती हैं। मार्कंडेय पुराण में उल्लेख है कि जब महिषासुर का संहार कोई भी देवता करने में सक्षम नहीं हुए, तब सभी देवताओं ने मिलकर यह निर्णय लिया कि हम एक ऐसे समवेत महाशक्ति स्वरूपा देवी की रचना करें और उन्हें अपने-अपने विशिष्ट आयुध दें जिससे महाशक्ति स्वरूपा देवी महिषासुर का संहार कर सकें और यही हुआ। विष्णु ने चक्र दिया, शिव ने त्रिशूल दिया और ऐसे ही अन्य देवताओं ने धनुष -बाण, खड्ग दिए और अलग-अलग देवताओं ने अपने शरीर के अलग-अलग अंगों को भी तेज स्वरूप प्रदान किया। इसीलिए मां दुर्गा महिषमर्दिनी को चार या उससे भी अधिक हाथों वाला और उनमें त्रिशूल, चक्र, धनुष, बाण, घंटा,खड्ग जैसी सामग्री लिए दिखाया जाता है। इस स्वरूप में देवी का सिंह वाहन बहुत सक्रिय




काशी में आठवीं से 14वीं सदी के बीच की 10 से अधिक महिषासुर मर्दिनी की मूर्तियां मिलती हैं


रूप में महिषासुर के संहार कार्य में देवी का सहयोग करते हुए दिखाया जाता है। कुषाण काल यानी पहली शती से मिलने वाले शक्ति के स्वरूप में देवी की अभिव्यक्ति दुर्गा महिषमर्दिनी रूप में ही हुई है। मारकंडेय पुराण की कथा की विवेचना करें तो एक तथ्य सामने आएगा कि पहली-दूसरी शती ई से प्रारंभ होने वाले विदेशी आक्रमण -आधिपत्य और प्रभाव का प्रतिरोध करने की अलग-अलग भारतीय शक्तियों में क्षमता नहीं थी। इस स्वरूप की परिकल्पना की पृष्ठभूमि में वास्तव में यह संकेत किया गया है कि किसी भी चुनौती या आक्रमण को हम अपने सामूहिक शक्ति के माध्यम से ही निष्प्रभावी कर सकते हैं। एकजुट होकर ही हम देश या किसी समाज की समस्याओं का या चुनौती का समाधान या प्रतिकार कर सकते हैं। वास्तव में हमें एकजुट होने की प्रेरणा इस स्वरूप के माध्यम से हमारे आचार्यों ने दी है, जिसकी प्रासंगिकता आज भी उतनी ही है। हमारा एक होकर, एक स्वर में, एक साथ समस्याओं से जूझना आवश्यक है। इसीलिए दुर्गा महिषमर्दिनी का यही स्वरूप 2000 वर्षों से निरंतर चला आ रहा है। काशी में नवदुर्गाओं के लिए नौ प्रतिमाओं की स्थापना अलग-अलग स्थानों पर हुई है और नवरात्रि के नौ दिनों में उनके अलग-अलग दर्शन का विधान है। उनके नाम भले ही अलग-अलग शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, कात्यायनी, स्कंदमाता, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री हों मगर सभी स्वरूप में वास्तव में पार्वती ही हैं। शास्त्रों में उनके स्वरूप और लक्षण अलग-अलग बताए गए हैं। दुर्गा पूजा के दौरान लगभग पूरे उत्तर भारत में मां का दुर्गा के महिषमर्दिनी रूप की मूर्तियां स्थापित की जाती हैं। इस स्वरूप में काशी में लगभग आठवीं से 14वीं सदी ईसवी के बीच की 10 से अधिक मूर्तियां देखी जा सकती हैं। यह लगभग उसी रूप में निरंतरता में चल रहा है। इस स्वरूप को वर्तमान की विसंगतियों में राष्ट्रीय चेतना के एक प्रतीक के रूप में लेना आवश्यक है।















प्रेम और सम्मान

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

प्रेम और सम्मान की भावना तथा अनुभूति आपके भीतर ही निवास करती हैं। जब आपके हृदय में निर्मलता और मन में स्पष्टता होती है, तब ये भावनाएँ स्वाभाविक रूप से प्रकट होती हैं। प्रेम और सम्मान अपने आप घटित होते हैं। यदि आप प्रयास करके अपने भीतर सम्मान या प्रेम लाना चाहेंगे, तो यह प्रयास असफल होगा। आप स्वयं को तनाव से मुक्त रखें और मन में ज्ञान धारण करें। ज्ञान का अर्थ है - संसार को व्यापक दृष्टिकोण से देखना तथा स्थायी और अस्थायी के अंतर को समझना। लोगों की राय और उनके विचार - ये सब अस्थायी हैं। यह सब परिवर्तनशील है; यह स्मरण रखना चाहिए। सम्मान की लालसा न रखें। कोई आपको सम्मान देता है या नहीं देता, यह उसकी पसंद है; लेकिन यदि आपका जीवन दूसरों के सम्मान पर निर्भर है, तो आप दुर्बल हो जाते हैं। जितनी अधिक निर्भरता होगी, उतना ही आप अधिक कमजोर होते जाएँगे और अधिक दुःखी भी होंगे। आपको यह जानना चाहिए कि मुझे किसी के सम्मान की आवश्यकता नहीं है -मेरा सम्मान मेरे भीतर है। इसका अर्थ यह नहीं कि आप असम्मानजनक व्यवहार करें। आप सभी को सम्मान दें, किंतु बदले में सम्मान की अपेक्षा न रखें। यदि कोई आपको सम्मान नहीं देता, तो स्वाभाविक बने रहें। यह उनकी संस्कृति और उनके विकास के स्तर को दर्शाता है। यदि आप अधिक विकसित और परिपक्व हैं, तो आप हर किसी का सम्मान करेंगे - चाहे वह समझदार हो या पागल। आप एक पागल व्यक्ति का भी सम्मान करेंगे, क्योंकि यह आपका स्वभाव है। वे भी सृष्टि का ही एक भाग हैं; वे भी उसी दिव्यता से जुड़े हैं। आप सभी का सम्मान करें। यह दर्शाता है कि आप कितने बुद्धिमान हैं। सम्मान की अपेक्षा करना हमारी कमजोरी को प्रकट करता है, जबकि बिना किसी भेदभाव के सभी को सम्मान देना हमारी बुद्धिमत्ता को दर्शाता है। प्रेम इस सृष्टि का मूल आधार है। वह कभी समाप्त नहीं होता; वह सदैव विद्यमान रहता है। प्रेम दीजिए - वह कई गुना होकर आपके पास लौटेगा। प्रेम से विरह उत्पन्न होता है, और विरह ही भगवान है; प्रेम ही भगवान है। विरह के बिना जीवन अर्थहीन हो जाता है। विरह उत्पन्न करना गुरु का कार्य है। लोग संसार के लिए दुःखी होते हैं, किंतु यदि संसार के दुःख से ऊपर उठकर भगवान के लिए विरह उत्पन्न हो जाए, तब जीवन का उद्देश्य पूर्ण हो जाता है। इसलिए विरह का जन्म होना अत्यंत शुभ है। प्रेम और विरह, ये दोनों साथ-साथ चलते हैं। उसकी खोज करो, उसके लिए तड़पो, उसे पाने की आकांक्षा रखो और यह खोज स्वयं में ही सुंदर है। दिव्यता के लिए तड़पना, सर्वोच्च सत्य के लिए लालायित होना, अपने आप में अत्यंत सुंदर है। इसीलिए तड़प को राधा कहा गया है। राधा का अर्थ है - लालसा, तड़प; और श्याम का अर्थ है - प्रेम। तड़प और प्रेम साथ-साथ चलते हैं। यदि तड़प नहीं है, तो प्रेम भी नहीं हो सकता; और जहाँ प्रेम है, वहाँ तड़प अवश्य होती है। दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं।

बिना दुकानदार के बिकता है सामान, नहीं होती चोरी

आधुनिक दौर में जहां दुकानों पर सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरों और कैशियर का कड़ा पहरा रहता है, वहीं भारत में एक ऐसा राज्य भी है जहां ईमानदारी और विश्वास की एक अनोखी मिसाल देखने को मिलती है। यहां ग्रामीण सड़कों और हाईवे के किनारे फल-सब्जियों की



ऐसी कई दुकानें सजी हैं, जहां कोई दुकानदार नहीं होता। स्थानीय भाषा में इन दुकानों को 'नघाह लोह डॉर' कहा जाता है, जिसका अर्थ है बिना दुकानदार की दुकान.इन दुकानों पर हर सामान की कीमत लिखी होती है और पास ही एक छोटा बॉक्स रखा होता है. ग्राहक अपनी पसंद का सामान खुद चुनता है, उसकी निर्धारित कीमत गिनता है और पैसे को बॉक्स में डालकर आगे बढ़ जाता है. यहां न तो कोई बिल काटने वाला कैशियर होता है और न ही निगरानी के लिए कोई सीसीटीवी कैमरा लगाया जाता है। ये राज्य कोई और नहीं, बल्कि उत्तर पूर्वी भारत का खूबसूरत राज्य मिजोरम है। यहां कुछ गांव और आइजोल-सैतुल हाईवे पर स्थानीय किसान सुबह-सुबह अपने खेतों में उगने वाली ताजी सब्जियां और फल यहां सजाकर रख देते हैं और खुद खेतों में काम करने चले जाते हैं। ये दुकानें दिन-रात खुली रहती हैं. ताज्जुब की बात ये है कि पिछले कई दशकों में यहां से न तो कभी सामान गायब हुआ है और न ही पैसे की चोरी हुई है। कई बार तो ऐसा भी देखा गया है कि ग्राहक सामान की तय कीमत से ज्यादा पैसे छोड़कर चले जाते हैं.बदलते समय के साथ इस पुरानी परंपरा में आधुनिकता का समावेश भी हुआ है।

पतली दुल्हन बनानेका नया बिजनेस

पिछले साल दिसंबर में अपनी गायनकलॉजिस्ट के क्लीनिक पर 'मोटापा कम करने' के लिए दवाओं के इस्तेमाल वाला पोस्टर देखा। पहली प्रेग्नेंसी के बाद दोबारा पुराने वजन पर पहुंचना कई महिलाओं के लिए बेहद मुश्किलभरा सफर हो जाता है। इसलिए पोस्टर देखते ही लगा, इस बार प्रेग्नेंसी के बाद वजन कम नहीं हुआ तो इन दवाओं का इस्तेमाल किया जा सकता है। अब तो बाजार में लीगल भी है। पर ऐसा सोचने वाली मैं अकेली नहीं थी। अक्टूबर, 2025 में वजन घटाने वाली दवाएं भारत के बाजार में उतरीं और कई क्लीनिक्स ने इसे 'कॉस्मेटिक ट्रीटमेंट' के लिए इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। ऐसे ऑफर्स का सबसे पहले टारगेट बनीं वो लड़कियां जो अपनी शादी यानी उस खास दिन पर सबसे सुंदर और छरहरी काया में नजर आना चाहती थीं। लेकिन क्या सच में ये दवाएं 'प्री-वेडिंग पैकेज' की तरह बेची जानी चाहिए क्या सिर्फ शादी के दिन या किसी इवेंट में पतला नजर आने के लिए ऐसे ट्रीटमेंट लेना कारगर है दिल्ली के लाजपत नगर से लेकर नोएडा के सेक्टर 16 तक, ऐसे कई 'वेट लॉस क्लीनिक' हैं, जो 3-3 महीने वाले प्रीवेडिंग वेट-लॉस पैकेज बेच रहे हैं, जो जीएलपी-1 ड्रग्स पर आधारित हैं। मॉनजारो और ओजेंपिक जैसी जीएलपी-1 ड्रग्स असल में डायबिटीज के



इलाज के लिए बनाई गई थीं। लेकिन इन्हें मोटापा कम करने के लिए भी अप्रूव कर दिया गया है। ये दवाएं आमतौर पर सप्ताह में एक बार लगाए जाने वाले इंजेक्शन के रूप में दी जाती हैं। इन्हें पहले से भरी हुई विशेष पेन की मदद से पेट, जांघ या ऊपरी बांह में लगाया जाता है, हालांकि अभी तक भारतीय मरीजों पर ये दवाएं कैसे काम कर रही हैं और इनका क्या असर हो रहा है, इसका हमारे पास ज्यादा डाटा नहीं है। इसके बावजूद ये दवाएं मूल्य के हिसाब से भारत के फार्मास्युटिकल बाजार में सबसे ज्यादा डिमांड वाली दवाओं में शामिल हो चुकी हैं, वो भी बस एक साल में। कई क्लीनिक्स तो इन दवाओं का कॉस्मेटिक इस्तेमाल करते हुए 'मॉनजारो ब्राइड' जैसे प्री-वेडिंग पैकेज तक बेच रहे हैं, ताकि शादी से पहले वजन घटाया जा सके। पर बड़ा सवाल ये है कि आखिर इन 'पतली दुल्हनों' का क्या हुआ क्या घटा हुआ वजन बना रहता है, या तीन महीने का पैकेज खत्म होते ही भूख और वजन वापस आ जाता है एक 'वेट लॉस क्लिनिक' का जिक्र किया गया है, जो ऑफर देता है कि तीन महीने में मॉनजारो की मदद से वजन कम करने का प्रोग्राम सिर्फ 30,000 रुपये में। 30,000 के इस पैकेज में डॉक्टर का कंसल्टेशन, डाइटिशियन और इंजेक्शन सब शामिल है. पैकेज लेने वालों को डाइटिशियन ग्रुप में जोड़ दिया जाता है और वो डाइट को कंट्रोल कर तीन महीने में वजन घटा देंगे। इस क?लीनिक का एक सीनियर स्टाफ बताता है कि यहां ज्यादातर क्लाइंट शादी से पहले आते हैं। पिछले एक साल में इस क्लीनिक ने करीब सौ दुल्हनों को उनका मनचाहा वजन दिलाने में मदद की है।

न लोरी, न खिलौना... बच्चा रोया तो मां ने बजायी हनुमान चालीसा

छोटे बच्चे का रोना किसी भी माता-पिता के लिए आम बात है, लेकिन उसे शांत कराने का हर मां का अपना अलग तरीका होता है। कोई बच्चे को गोद में लेकर टहलाता है, कोई धीमी आवाज में गाना सुनाता है तो कोई उसे बहलाने के लिए खिलौनों का सहारा लेता है. अमेरिका में रहने वाली एक चीनी मूल की महिला ने अपने बच्चे को चुप कराने का ऐसा तरीका अपनाया, जिसने सोशल मीडिया पर लोगों का ध्यान खींच लिया है. महिला ने अपने अनुभव को शेयर करते हुए बताया कि जब उनका करीब 4 महीने का बच्चा रोने लगता है और किसी तरह शांत नहीं होता, तब वह हनुमान चालीसा चला देती हैं. उनका दावा है कि इसे सुनने के कुछ ही सेकंड बाद बच्चा शांत होने लगता है और करीब दो मिनट में उसकी आंखें भी लग जाती हैं. महिला के मुताबिक, यह तरीका उन्होंने किसी मेडिकल सलाह के तौर पर नहीं अपनाया, बल्कि यह उनका अपना अनुभव है. बच्चे को शांत कराने के लिए उन्होंने अलग-अलग चीजें आजमाईं और उन्हें हनुमान चालीसा का संगीत सबसे ज्यादा प्रभावी लगा है। इस कहानी का एक दिलचस्प पहलू यह भी है कि महिला खुद भारतीय नहीं हैं। वह चीनी मूल की हैं और अमेरिका के लॉस एंजिल्स में रहती हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें हनुमान चालीसा के बारे में अपने भारतीय दोस्तों से जानकारी मिली थी. पहली बार उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान इसकी धुन और आवाज सुनी थी. उन्हें इसकी धुन काफी शांत और सुकून देने वाली लगी है. इसके बाद उन्होंने इसे अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में भी शामिल कर लिया।



हेमा मालिनी : ७७ साल की उम्र में भी फिटनेस और एनर्जी कायम

कई लोगों को लगता है कि बढ़ती उम्र के साथ थकान और शरीर की सुस्ती को रोक पाना मुश्किल है, लेकिन हेमा मालिनी आज भी अपनी दिनचर्या और काम के बीच खुद को एक्टिव रखने पर ध्यान देती हैं। 77 साल की उम्र में भी उनकी फिटनेस और एनर्जी अक्सर चर्चा में रहती है। उनकी लाइफस्टाइल में कोई एक खास फॉर्मूला नहीं बल्कि लंबे समय से चली आ रही कुछ नियमित आदतें शामिल हैं। योग, डांस और खान-पान को लेकर उनकी सावधानी उनके रूटीन का अहम हिस्सा बताई जाती है। वह अपनी डाइट में सादगी रखने के साथ शरीर को एक्टिव रखने की कोशिश करती हैं। यही वजह है कि उनकी फिटनेस को लेकर लोगों की दिलचस्पी बनी रहती है। आइए जानते हैं उनके बताए इन तीन रूटीन के बारे में.हेमा मालिनी के फिटनेस रूटीन में योग की खास जगह है। वह योग करना पसंद करती हैं और इसे अपनी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाए रखने की कोशिश करती हैं। उनके लिए फिटनेस का मतलब केवल जिम में घंटों एक्सरसाइज करना नहीं है। शरीर को लचीला और एक्टिव रखने के लिए वह योग को महत्व देती हैं। डांस भी उनकी जिंदगी का पुराना हिस्सा रहा है। खासकर कथक से उनका गहरा जुड़ाव रहा है। डांस शरीर की गतिविधि बढ़ाने के साथ मन को भी व्यस्त रखता है. उम्र बढ़ने के साथ शरीर को पूरी तरह निष्क्रिय रखने के बजाय अपनी क्षमता के अनुसार एक्टिव रहना फायदेमंद हो सकता है हालांकि किसी भी एक्सरसाइज या योग का तरीका उम्र और हेल्थ के अनुसार तय करना बेहतर रहता है। हेमा मालिनी लंबे समय से शाकाहारी भोजन पसंद करने के लिए जानी जाती हैं. उनकी पसंद में इडली, डोसा, उत्तपम और उपमा जैसे साउथ इंडियन व्यंजन भी शामिल हैं। वह बहुत ज्यादा तला-भुना खाना पसंद नहीं करतीं। उनके खान-पान से जुड़ी यही सादगी उनकी लाइफस्टाइल का एक खास हिस्सा बताई जाती है। उनकी डाइट को लेकर एक और बात अक्सर सामने आती है कि वह सफेद चीनी से दूरी रखती हैं और मिठास के लिए गुड़ या शहद का इस्तेमाल करती हैं, हालांकि इसका मतलब यह नहीं है कि गुड़ या शहद को असीमित मात्रा में लेना सही है। मीठी चीजों की मात्रा पर ध्यान देना जरूरी है. वह चावल और रोटी को एक साथ खाने के बजाय अलग-अलग लेना पसंद करती हैं। यह उनकी व्यक्तिगत खाने की आदत है. इसे हर व्यक्ति के लिए वजन कम करने या फिट रहने का तय नियम नहीं माना जाना चाहिए. शरीर की जरूरत उम्र, गतिविधि और हेल्थ के हिसाब से अलग हो सकती है।



बात-बातपर भटक जाता है बच्चे का ध्यान

अक्सर माता-पिता इस बात से बहुत परेशान रहते हैं कि उनका बच्चा स्कूल जाते समय या घर से निकलते वक्त रास्तों की चीजों में खो जाता है, जिससे उन्हें देर हो जाती है। बच्चे का लगातार सवाल पूछना या एक जगह ध्यान न लगाना बड़ों को उसकी जिद, शरारत या एडीएचडी डिसऑर्डर लग सकता है। हालांकि, अगर आप भी ऐसा ही सोचते हैं, तो ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी के मनोवैज्ञानिकों की नई स्टडी आपको बड़ी राहत देगी। इस शोध के अनुसार, बच्चों का ध्यान भटकना कोई अनुशासनहीनता नहीं है, बल्कि उनके सीखने का एक बिल्कुल कुदरती तरीका है। मनोवैज्ञानिक ने अपनी रिसर्च में साफ किया है कि बच्चों का दिमाग कुदरती रूप से ऐसा ही डिजाइन किया गया है कि उनका ध्यान अलग-अलग चीजों पर जाए। ट्रेंड्स इन कॉग्नेटिव साइंसेज में छपी रिपोर्ट बताती है कि 3 से लेकर 8 साल तक के बच्चे अपने आस-पास की दुनिया को बड़ों की तुलना में ज्यादा गहराई से खोजना चाहते हैं। इसका सीधा सा वैज्ञानिक कारण उनकी वर्किंग मेमोरी का पूरी तरह से विकसित न होना है। वर्किंग मेमोरी हमारे



दिमाग का वह टूल है, जो हमें फालतू की चीजों को इग्नोर करके सिर्फ काम की बात पर फोकस करने में मदद करता है। हम बड़े लोग तुरंत डिसाइड कर लेते हैं कि हमें क्या देखना है और क्या नहीं। हालांकि, बच्चों के पास चीजों को छांटने की यह क्षमता उतनी तेज नहीं होती, इसलिए वे एक साथ बहुत सारी चीजों पर फोकस करने लगते हैं। विज्ञान की भाषा में इसे डिस्ट्रिब्यूटेड अटेंशन कहा जाता है। काम खत्म होने के बाद भी जारी रहती है खोजसाल 2024 में स्लौत्स्की और कियानकियान वान ने मिलकर एक और शोध किया। इसमें यह दिलचस्प बात सामने आई कि अगर कोई बच्चा किसी काम को करने के लिए जरूरी जानकारी हासिल कर भी लेता है, तब भी वह शांत नहीं बैठता। वह अपने आस-पास की बाकी चीजों और सूचनाओं को भी टटोलता रहता है। दरअसल, इसके जरिए वे इंसान बनने और दुनिया को समझने का अपना काम बखूबी कर रहे होते हैं। इस रिसर्च में बड़ों को लेकर भी एक बहुत ही हैरान करने वाली बात सामने आई। प्रयोग के दौरान जब वयस्कों की वर्किंग मेमोरी पर काम का बहुत ज्यादा बोझ डाला गया, तो उनका दिमाग भी बच्चों की तरह बर्ताव करने लगा। जब बड़ों का दिमागी फिल्टर थक जाता है या कमजोर पड़ता है, तो वे भी एक 5 साल के बच्चे की तरह अलग-अलग विकल्पों में अपना ध्यान बांटने लगते हैं। इस शोध के आधार पर मनोवैज्ञानिक स्लौत्स्की पेरेंट्स को एक खास सलाह देते हैं। उनका कहना है कि बच्चों को चीजों को छूने और उन्हें एक्सप्लोर करने से कभी नहीं रोकना चाहिए। अगर माहौल सुरक्षित है, तो बच्चों को चीजें खोलने दें, उन्हें आजमाने दें और उनसे गलतियां भी होने दें। खुद से प्रयोग करना और नई चीजों को हाथ लगाना ही बच्चों के सीखने का सबसे बेहतरीन तरीका है।